RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 145
नई दिल्ली, रविवार, 3 अप्रैल, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




ओसाका पहुंची फाइनल में

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# नेपाल से बिजली खरीदेगा भारत

## ● मोदी और उनके नेपाली समकक्ष के बीच वार्ता में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल हुए नेपाल से भारत बिजली का आयात करेगा। इस संबंध में शनिवार को मोदी और उनके नेपाल के समकक्ष शेर बहादुर देउबा के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में फैसला लिया गया। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से भारत के अनुदान से निर्मित जयनगर (भारत) और कुर्था (नेपाल) के बीच सीमा पार यात्री ट्रेन सेवा का उद्घाटन भी किया।

इसके अलावा भारत की क्रेडिट लाइन के तहत निर्मित सोलू कॉरिडोर 132 केवी पावर ट्रांसमिशन लाइन और नेपाल में सबस्टेशन एवं और नेपाल में भारत का रूपे भुगतान कार्ड का भी उद्घाटन किया। इससे दोनों पड़ोसियों के सदियों पुराने और ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। इन फैसलों से जहां नेपाल की जलविद्युत विकास परियोजनाओं में भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ेगी, वहीं मोदी ने हिमालयी राष्ट्र को आश्वासन दिया कि भारत उसकी विकास की अपनी यात्रा में एक मजबूत साथी रहा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि नेपाल अपनी अतिरिक्त बिजली भारत को निर्यात कर रहा है। इससे नेपाल के आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान होगा। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि नेपाल से बिजली आयात करने के कई और प्रस्तावों को मंजूरी दी जा रही है। मुझे खुशी है कि नेपाल अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का सदस्य बन गया है। इससे हमारे क्षेत्र में टिकाऊ, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। जुलाई 2021 में 456 मेगावाट ऊपरी तमाकोशी जलविद्युत परियोजना के संचालन के बाद नेपाल एक बिजली अधिशेष देश बन गया।



नई दिल्ली में नेपाली समकक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला ने बाद में कहा कि यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम ऊर्जा क्षेत्र में रहा। बिजली व्यापार के संबंध में मोदी ने देउबा को बताया कि उनके बिजली निर्यात प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है और भारत नेपाल की आर्थिक समृद्धि में योगदान देगा। हिमालयी राष्ट्र के साथ संबंधों को अद्वितीय बताते हुए मोदी ने कहा कि ऐसा रिश्ता दुनिया में कहीं और नहीं देखा जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली सहयोग पर दोनों पक्षों के बीच संयुक्त बयान इस क्षेत्र में भविष्य के सहयोग का खाका खिंचेगा। मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष नेपाल की जलविद्युत विकास योजनाओं में भारतीय कंपनियों की अधिक भागीदारी पर सहमत हुए। देउबा शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी के अलावा एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। देउबा वाराणसी भी जाएंगे। पिछले साल जुलाई में कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। वह यहां भारतीय प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर आए हैं। काठमांडू में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद पिछले साल जुलाई में पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देउबा की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है।

हैदराबाद हाउस में शिखर सम्मेलन में अपने बयान में देउबा ने कहा कि भारत के साथ नेपाल के संबंध अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं और बताया कि दोनों नेताओं ने देशों के बीच सीमा मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने मोदी से द्विपक्षीय तंत्र की स्थापना के माध्यम से इसे हल करने का आग्रह किया। बाद में हुई बातचीत का ब्योरा देते हुए श्रृंगला ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत सकारात्मक रही। उन्होंने सुरक्षा, विकास और व्यापार सहित मुद्दों पर चर्चा की। सीमा मुद्दे पर उन्होंने कहा कि एक सामान्य समझ थी कि दोनों पक्षों को घनिष्ठ संबंधों की भावना से जिम्मेदार तरीके से इसे देखने की आवश्यकता है। श्रृंगला ने कहा कि नेपाली प्रधानमंत्री ने कोविड महामारी के दौरान अपने (शेष पेज 8)

# खाना, तेल और बिजली की कमी श्रीलंका में लगा 36 घंटे का कर्फ्यू

**भाषा।** कोलंबो

**खाना,** तेल, बिजली की कमी से जूझती श्रीलंका सरकार ने देश के इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट को लेकर रविवार को प्रस्तावित राष्ट्र व्यापी विरोध-प्रदर्शनों से पहले शनिवार को 36 घंटे का कर्फ्यू लागू करने की घोषणा की। इससे पहले राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने शुक्रवार देर रात एक विशेष गजट अधिसूचना जारी कर श्रीलंका में एक अप्रैल से तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक आपातकाल लागू करने की घोषणा की थी। गजट अधिसूचना में राष्ट्रपति ने कहा, मेरी राय में श्रीलंका में आपातकाल लागू करना सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ समुदायों के लिए जरूरी वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति बनाए रखने के हित में है।

सूचना विभाग ने कहा कि देशव्यापी कर्फ्यू शनिवार शाम छह बजे से सोमवार (चार अप्रैल) सुबह छह बजे तक लागू रहेगा। विभाग ने कहा कि राष्ट्रपति ने सार्वजनिक सुरक्षा अध्यादेश नियमों के अंतर्गत उक्त निर्देश जारी किया है। यह कदम ऐसे समय में भी उठाया गया है, जब आर्थिक संकट से निपटने में सरकार की नाकामी को लेकर द्वीपीय देश में रविवार को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। ऐसे में कर्फ्यू लागू रहने के कारण लोग विरोध-प्रदर्शनों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका वर्तमान में इतिहास के सबसे बुरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पिछले कई सप्ताह से देश की जनता को ईंधन और रसोई गैस के लिए लंबी कतारों का सामना (शेष पेज 8)

## भारत ने 40,000 मिट्रिक टन डीजल भेजा



भारत से भेजा डीजल पहुंचा श्रीलंका

**भाषा।** कोलंबो

**विदेशी** मुद्रा की तंगी से गुजरने के कारण अभूतपूर्व आर्थिक और ऊर्जा संकट से जूझ रहे श्रीलंका की जरूरतों की पूर्ति के लिए भारत से 40 हजार मीट्रिक टन डीजल की एक खेप शनिवार को यहां पहुंची। भारत की ओर से इस तरह की यह चौथी सहायता है।

श्रीलंका में बृहस्पतिवार को 13 घंटे तक बिजली की कटौती की गई, जो 1996 में बिजली विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान 72 घंटों की कटौती के बाद दूसरी सर्वाधिक लंबी बिजली कटौती है। सरकारी ईंधन इकाई सीलॉन इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड (सीईबी) के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय डीजल आपूर्ति से देश में जारी बिजली कटौती में थोड़ी राहत मिलेगी।

भारतीय उच्चायोग ने यहां ट्वीट किया, भारत की ओर से श्रीलंका को और ईंधन की आपूर्ति की गई। पचास करोड़ डॉलर की ऋण सहायता के जरिए भारतीय सहयोग के अंतर्गत चालीस हजार मीट्रिक टन डीजल की एक खेप कोलंबो में आज ऊर्जा मंत्री (शेष पेज 8)

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी




**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया में व्यापार समझौता दस लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

## ● हजारों भारतीय उत्पादों को मिलेगी शुल्क-मुक्त पहुंच

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** और ऑस्ट्रेलिया ने अपने आर्थिक संबंधों को मजबूती देने के लिए शनिवार को आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (इंडऑस ईसीटीए) पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया में भारत के 6,000 से अधिक व्यापक क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त पहुंच मुहैया कराई जाएगी। इस समझौते को दोनों देश करीब चार महीने में लागू करेंगे।

इसमें भारत के कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभूषण और मशीनरी समेत करीब 6,000 क्षेत्रों को ऑस्ट्रेलिया के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इंडऑस ईसीटीए पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री डैन टेहन ने एक ऑनलाइन समारोह में दस्तखत किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन भी मौजूद थे। गोयल ने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 27.5 अरब डॉलर से बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर तक पहुंचने में मददगार होगा। इससे अगले पांच से सात वर्षों में करीब 10 लाख रोजगार पैदा होने का भी अनुमान है जिसमें सर्वाधिक लाभ श्रम-प्रधान क्षेत्रों को मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया इस समझौते के तहत पहले दिन से ही निर्यात के लगभग 96.4 प्रतिशत मूल्य पर भारत को शून्य शुल्क की पेशकश कर रहा है। इसमें ऐसे कई उत्पाद शामिल हैं, जिन पर वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में चार से पांच प्रतिशत का सीमा शुल्क लगता है। इस समझौते से कपड़ा और परिधान, चुनिंदा कृषि (शेष पेज 8)

# मेधा पाटेकर का संदिग्ध लेनदेन का मामला 17 साल बाद उजागर

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

## ● पर्यावरण कार्यकर्ता के एनजीओ को एक ही दिन में अलग-अलग दानकर्ताओं से समान राशि में मिला था 1.20 करोड़ चंदा

## ● रक्षा मंत्रालय का मझगांव डॉक प्रमुख योगदानकर्ताओं में शामिल, जांच एजेंसियां सक्रिय

**कल्पना** कीजिए कि आपके बैंक खाते में एक ही दिन में 20 अलग-अलग लोगों ने एक समान राशि के रूप में 1.20 करोड़ रुपये का दान दिया हो। निश्चित रूप से यह आप पर संदेह बढ़ाने के साथ जांच एजेंसियों के शक के दायरे में ले आएगा। लेकिन स्वयंभू पर्यावरण कार्यकर्ता मेधा पाटकर के मामले में ऐसा नहीं है, जिनके एनजीओ नर्मदा नवनिर्माण अभियान (एनएनए) 17 साल तक संदिग्ध धन प्राप्त करने के बावजूद कानूनी कार्रवाई से बचती रहीं।

हालांकि, अब इस मामले में मेधा पाटकर के नेतृत्व वाले पंजीकृत ट्रस्ट के खिलाफ अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और आयकर विभाग में अलग-अलग शिकायतें दर्ज की गई हैं। पाटेकर ने द पायनियर के ईमेल पर उन्हें भेजे गए संदिग्ध लेनदेन से संबंधित सवालों का जवाब नहीं दिया। सूत्रों ने कहा कि शिकायतों पर अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में केंद्रीय एजेंसियों ने पहले ही इन लेनदेन की जांच शुरू कर दी है।

नर्मदा नवनिर्माण अभियान एनजीओ का पंजीकरण 5 मार्च 2004 को ग्रेटर मुंबई में हुअ था जिसकी मुख्य ट्रस्टी मेधा पाटकर हैं। एनजीओ के बैंक ऑफ इंडिया में खाता संख्या 001010100064503 में 18 जून 2005 को 1,19, 25,880 रुपये का दान प्राप्त किया। दिलचस्प बात यह है कि अपने गठन के एक साल से भी कम समय में एनजीओ के खाते में 18 जून, 2005 को 20 अलग-अलग व्यक्तियों माइग्रेशन सेविंग डेप, किरण गणेश मिस्त्री, प्रमोद कुमार जलोटा, स्टीवन एंथोनी पीटर, बालचंद लक्ष्मण जाधव, राजेश कुमार एस लाख, तुलाराम टीकाराम खत्री, निवास सदानंद अदविरकर, शोएब शेख, सुनील रामनाथ सावंत, संतोष चेंगू शर्मा, नारायण बाबाजी निकम, राजेश लक्ष्मण दास मनकानी, मंगेश सखाराम तांबे, शाइबाल बिकास गुप्ता, कृष्णकांत हरिप्रसाद जोशी, पल्लवी प्रभाकर भालेकर (नाबालिग), शालिनी गौड़, मानसी श्रीकांत पेंढेकर, विजय शंकर बालाश्राफ ने एक समान राशि 5,96,294 रुपये दान के रूप में दी। आश्चर्य की बात यह है कि इनमें से दान करने वाली पल्लवी प्रभाकर भालेकर नाबालिग थीं। इतना ही नहीं एनजीओ को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) से जनवरी (शेष पेज 8)

# शिवपाल ने ट्विटर पर मोदी, योगी का अनुसरण करना शुरू किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी से कथित तौर पर नाराज शिवपाल सिंह यादव ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा का ट्विटर पर अनुसरण (फॉलो) करना शुरू कर दिया, जिससे उनके भाजपा के करीब आने की अटकलों को और बल मिला है। इस बीच, सपा अध्यक्ष मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली में अपने पिता और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की है।

हालांकि, पिता-पुत्र के बीच चली बैठक में किन बिंदुओं पर चर्चा हुई, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। माना जा रहा है कि बदलती परिस्थितियों को लेकर अखिलेश यादव ने अपने पिता से बातचीत की। सपा सूत्रों ने बताया कि अखिलेश-मुलायम की मुलाकात दो घंटे तक चली। दरअसल, राजनीतिक हलकों में इस नए कदम (सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं का अनुसरण) को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी -लोहिया (पीएसपीएल) के प्रमुख शिवपाल यादव के सपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को छोड़कर भाजपा में जाने की दिशा में एक और कदम के रूप में देखा जा रहा है।

सपा के नेतृत्व वाले गठबंधन में तनाव की खबरों के बीच शिवपाल यादव द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई मुलाकात के बाद अटकलों को बल मिला था। इस नए कदम की पुष्टि करते हुए पीएसपीएल के प्रवक्ता दीपक मिश्रा ने कहा कि नए साल में कुछ नया होना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा, शिवपाल ने (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,276 | |
| निफ्टी | 17,670 | |
| सोना | 51,812 | /10g |
| चांदी | 67,047 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक टीवी का लाइसेंस निलंबित

**लंदन।** ब्रिटेन की मीडिया निगरानी संस्था ने देश में खालसा टीवी (केटीवी) का प्रसारण लाइसेंस निलंबित कर दिया है। संस्था ने एक जांच में केटीवी के खालिस्तान समर्थक दुष्प्रचार मे शामिल होने और प्रसारण नियमो का उल्लंघन करने की बात सामने आने के बाद यह कदम उठाया है। द ऑफिस ऑफ कम्युनिकेशंस (ऑफकॉम) ने 30 दिसंबर 2021 को केटीवी पर प्रसारित प्राइम टाइम कार्यक्रम को लेकर कंपनी को निलंबन नोटिस जारी करने के बाद इस सप्ताह अपने फैसले की घोषणा की। यह नोटिस ऐसी सामग्री का प्रसारण कर प्रसारण संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में जारी किया गया है, जिससे अपराध या अव्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है। ऑफकॉम ने कहा कि 95 मिनट की लाइव चर्चा वाले कार्यक्रम में ऐसी सामग्री शामिल थी, जिससे हिंसा भड़कने की आशंका थी। ब्रिटिश मीडिया नियामक ने बृहस्पतिवार को एक बयान जारी कर कहा, कार्यक्रम के प्रस्तोता ने पूरे कार्यक्रम मे कई बयान दिए।

# आर्यन खान मामले में एनसीबी के गवाह की मौत

**भाषा।** मुंबई

**क्रूज** से मादक पदार्थ की बरामदगी मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के स्वतंत्र गवाह प्रभाकर सैल की महाराष्ट्र के चेम्बूर उपनगर स्थित उसके घर में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वलसे-पाटिल ने कहा कि मौत संदिग्ध लग रही है और उन्होंने पुलिस महानिदेशक रजनीश सेठ को जांच करने का आदेश दिया है। एक अधिकारी ने कहा, 37 वर्षीय प्रभाकर सैल की शुक्रवार शाम चेम्बूर स्थित उसके घर में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सैल को घाटकोपर के रजवाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। वलसे-पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, (शेष पेज 8)

# शराब पर फिर मिलेगी 25 प्रतिशत तक छूट

## ● दिल्ली सरकार ने दुकान मालिकों को नियम 20 के सख्त अनुपालन के साथ दी अनुमति

## ● फरवरी में इस प्रकार दी गई छूट से दुकानों पर बन गया था अफरा-तफरी का माहौल

**संजय राय।** नई दिल्ली

**आबकारी** विभाग ने निजी दुकानों को शराब के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर 25 प्रतिशत तक की छूट देने की अनुमति दे दी है। करीब एक माह तक छूट चलने के बाद फरवरी में सरकार ने कोविड-19 से संबंधित दिशा निर्देशों के उल्लंघन के मद्देनजर शराब की दुकानों द्वारा दी जा रही छूट पर रोक लगा दी थी। आबकारी आयुक्त द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया है कि सरकार ने सिफारिश की है कि दिल्ली के एनसीटी के अधिकार क्षेत्र में शराब की बिक्री पर एमआरपी के 25 प्रतिशत तक छूट या छूट की अनुमति नियम 20 के सख्त अनुपालन के साथ दी जाएगी। दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत आयुक्त आबकारी ने निर्देश दिया कि लाइसेंसधारी दिल्ली में शराब की बिक्री के एमआरपी के अधिकतम 25 प्रतिशत तक छूट या रियायतें दे सकते हैं। लाइसेंसधारी लाइसेंस के नियमों और शर्तों का (शेष पेज 8)




इसी साल फरवरी में शराब बिक्री में दी गई छूट से दुकानों पर बन गया था अफरा-तफरी का माहौल। फाइल फोटो

## कांग्रेस-भाजपा का हमला कई आरडब्ल्यूए भी नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शराब** के अधिकतम खुदरा मूल्य पर 25 फीसदी की छूट देने पर भाजपा और कांग्रेस ने दिल्ली सरकार को घेरा है। शहर की कई आरडब्ल्यूए ने भी नाराजगी जाहिर की है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि केजरीवाल सरकार का शराब के दामों में छूट देने का फैसला स्पष्ट करता है कि इससे पूर्व भी जो एक बोतल पर एक मुफ्त जैसी योजनाएं शराब माफिया लाए थे, उस पर भी केजरीवाल सरकार की मौन स्वीकृति थी। तीन सप्ताह पहले जो प्रतिबंध दिल्ली सरकार ने लगाया था, उसका मकसद केवल महिलाओं में उत्पन्न रोष को शांत करने की चाल थी। दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली को नशे की राजधानी बनाने वाले अरविन्द केजरीवाल की शराब माफिया से मिलीभगत का ही परिणाम है कि अब शराब की सभी दुकानों पर शराब बिक्री पर 25 प्रतिशत की छूट देने के आदेश जारी कर दिए है। सरकार छूट देकर लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है। दिल्ली में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने आशंका व्यक्त की है कि दिल्ली सरकार द्वारा घोषित शराब छूट से उनके पड़ोस में कानून-व्यवस्था की दिक्कत उत्पन्न हो सकती है और ऐसी जगहों पर भीड़ एकत्रित होगी।

# राजस्थान में नववर्ष के उपलक्ष्य में रैली पर पथराव के बाद भड़की हिंसा

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के करौली जिले में शनिवार को नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से गुजर रही बाइक रैली पर पथराव करने और आगजनी की घटना के बाद पैदा हुए सांप्रदायिक तनाव के चलते शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इस हिंसा में 35 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलिस महानिदेशक से बातचीत कर करौली में हुई घटना की विस्तृत जानकारी ली है। गहलोत ने कहाकि पुलिस को हर उपद्रवी से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। करौली जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर आगजनी की घटनाएं हुई हैं। स्थिति तनाव (शेष पेज 8)

# दो महीने बाद भी नहीं लांच हुआ मोबाइल पार्किंग ऐप

## नोएडा शहर में पिछले 10 महीने से चल रही है तैयारी

● योजना की कई डेडलाइन निकली


फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर की पार्किंग व्यवस्था दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। जिसे ठीक करने के लिए प्राधिकरण ने पार्किंग ऐप बनाने की योजना तैयार की थी, लेकिन इस योजना की कई डेडलाइन निकल चुकी है और अभी तक यह ऐप बनकर तैयार नहीं हुआ है। शहर की पार्किंग व्यवस्था को सही करने के लिए मोबाइल ऐप लांच करने की तैयारी करीब पिछले 10 महीने से चल रही है।

पिछले माह 11 मार्च को नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने हर हाल में ऐप को एक हफ्ते के अंदर लांच करने के लिए निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक ऐप लॉन्च नहीं हो पाया है।

शहर में अधिकतर लोगों को अपने वाहनों को पार्किंग के लिए जगह भी नहीं मिलती है। जिन जगहों पर प्राधिकरण ने पार्किंग आवंटित की है, वहां अधिक मात्रा में ठेका कंपनी के कर्मचारी शुल्क वसूल करते हैं। शहर में कई जगह अवैध पार्किंग भी चल रही हैं। इस तरह की शिकायतें रोजाना पुलिस के पास आती है। कोई रजिस्ट्रर भी मौके पर शिकायत के लिए नहीं मिलता। बढ़ती दिक्कतों को देखते हुए पिछले साल जून में पार्किंग व्यवस्था को सही करने के लिए एक मोबाइल ऐप लॉन्च करने का निर्णय लिया गया था।

मोबाइल ऐप के लिए निजी बैंक और कंपनी से वार्तालाप की गई थी। ऐप तैयार करने के लिए बीते वर्ष अगस्त-सितंबर तक का दावा किया गया था लेकिन, सितंबर में भी ऐप लॉन्च नहीं हुआ। जिसके बाद इसकी अगली तारीख अक्टूबर के लिए तय हुई। ऐसे ही महीने दर महीने इसकी तारीख बढ़ती गई। 11 मार्च को सीईओ रितु महेश्वरी ने समीक्षा बैठक में 1 हफ्ते के अंदर ऐप को लांच करने के निर्देश दिए, लेकिन निर्देश देने के बाद भी अभी तक ऐप लॉन्च नहीं हो पाया है। इसके बारे में नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि ऐप को लेकर काम चल रहा है। अभी इसे लांच होने में 10 से 15 दिन का समय लगेगा।

### हाईकोर्ट ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को दिया झटका

**नोएडा।** डीएमआइसी और डीएफसीसी परियोजना से प्रभावित किसानों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राहत दी है। दरअसल, जिस जमीन को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिग्रहण करना चाहता था उसके खिलाफ किसानों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अब हाईकोर्ट ने किसानों के पक्ष में फैसला सुनाया है।

आपको बता दें कि पिछले कई महीनों से पल्ला और बोड़ाकी गांव में किसान धरने पर बैठे हुए हैं। इस मामले को लेकर सुनील फौजी ने चिटहेरा स्थित किसान कार्यालय को अधिग्रहण से मुक्त किए जाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन और ग्रेनो प्राधिकरण को कई बार प्रस्ताव दिया, लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका डाली। उनकी याचिका पर 31 मार्च को डबल बेंच में सुनवाई हुई। इस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी है। अब इस पर अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी।

**गाजियाबाद में बदमाशों के हौसले बुलंद**

# बैंक कर्मचारियों को बंधक बनाकर 10 लाख लूटे

## वारदात के बाद मचा हड़कंप, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना

● बीते 28 मार्च को भी बदमाशों ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से लूट लिए थे 25 लाख रुपए



शहर के नूरनगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक जहां लूट की वारदात हुई।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार को नकाबपोश बदमाशों ने बैंक में घुसकर डकैती डाली। बदमाशों ने पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों को बंधक बनाकर 10 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। इस घटना के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। बता दें कि 2 दिनों पहले ही अपराध पर अंकुश ना लगाने के मामले में एसएसपी पवन कुमार को सस्पेंड कर दिया गया था, उसके बावजूद भी गाजियाबाद पुलिस अपराध को रोकने में नाकामयाब साबित हो रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना शनिवार दोपहर 1:20 की है। चार नकाबपोश बदमाश शहर के नूरनगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पहुंचे और बैंक में घुसते ही कर्मचारियों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। उसके बाद 10 लाख रुपए लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश आसानी से मौके से फरार हो गए। पूरी घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने फिलहाल शाखा को सील कर दिया है और फिंगरप्रिंट ले लिए हैं। वारदात के समय बैंक के भीतर मैनेजर समेत तीन कर्मी मौजूद थे। इस घटना के बाद गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

अभी कुछ दिनों पहले 28 मार्च को ही बाइक सवार बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों से 25 लाख रुपए लूट लिए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश आसानी से मौके से फरार हो गए थे। हालांकि एक दिन पहले ही इसमें मुख्य आरोपी ने खुद कोर्ट में जाकर सरेंडर किया है, लेकिन बड़ी बात यह है कि इस बात की भनक गाजियाबाद पुलिस तक को नहीं लग पाई। पिछले कुछ महीनों के दौरान गाजियाबाद में अपराधों का ग्राफ काफी तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है।

# फिर शुरू हुई सेक्टर-142 मेट्रो लाइन की तैयारियां

● योजना का दोबारा तैयार कराया डीपीआर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बोटैनिकल गार्डन से सेक्टर-142 के बीच चलने वाली मेट्रो लाइन की तैयारी एक बार फिर से शुरू हो गई है। बीच में इस मेट्रो लाइन को लेकर काम रुक गया था, लेकिन अब फिर से इसको शुरू करने की तैयारी चल रही है। एनएमआरसी ने इसको लेकर एक बार फिर डीपीआर तैयार करवाया है। अब इस डीपीआर पर अलग-अलग विभाग बैठकर विचार विमर्श करेंगे।

आपको बता दें कि पहले इस लाइन पर मेट्रो चलाने की योजना बनाई थी, लेकिन यह बीच में रोक दी गई। इसके बाद सामान्य मेट्रो चलाने का प्रस्ताव तैयार किया गया। जिसके बाद इस मेट्रो लाइन पर बनाए जाने वाले 11 स्टेशनों को घटाकर पांच कर दिया गया। अब एनएमआरसी इसका रिव्यु कर रही है। जिससे पता लगाया जा सके कि कितने स्टेशन बनाए जाने जरूरी हैं। अधिकारियों ने बताया है कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से इसके लिए एक डीपीआर इन बिंदुओं पर जवाब तलाशने के लिए तैयार करवाया गया है।

# खुद को दिवालिया घोषित करने पर अड़ा वेब ग्रुप

## घर खरीदारों ने बिल्डर के दफ्तर पर किया प्रदर्शन, सरकार से मांगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बिल्डर ऑफिस पर प्रदर्शन करते लोग।

शनिवार को वेब प्रोजेक्ट से प्रभावित घर खरीदारों ने वेव सिटी सेंटर दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। घर खरीदारों का कहना है कि 11 साल हो गए, लेकिन उनको अभी तक अपना घर नहीं मिल पाया है। खरीदारों ने बताया कि वेब बिल्डर अपने आपको दिवालिया घोषित कर रहा है। अगर ऐसा हुआ तो वह सड़क पर आ जाएंगे। उन्होंने प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार से न्याय की गुहार लगाई है।

घर खरीदारों का कहना है कि अगर ऐसा हुआ तो वो सड़क पर आ जाएंगे और उनका सारा पैसा डूब जाएगा। इस बात को लेकर उन्होंने शनिवार को नोएडा के सेक्टर-32 स्थित वेब ग्रुप के दफ्तर पर प्रदर्शन किया और सरकार से मदद की गुहार लगाई है। प्रदर्शन कर रहे सभी लोग वेब ग्रुप के आमोर प्रोजेक्ट से जुड़े हुए हैं, घर खरीदारों का कहना है कि उनको पैसे जमा किए हुए करीब 10 साल हो गए हैं, लेकिन उनको अभी तक अपना घर नहीं मिल पाया है। उन्होंने अभी तक 80 से 90 प्रतिशत पैसा जमा कर दिया है। वेब ग्रुप के इस प्रोजेक्ट में 350 लोग अपना फ्लैट बुक कर चुके हैं। इसके अलावा 100 फ्लैट्स की अभी बिक्री नहीं हुई है। इस प्रोजेक्ट में कुल 450 फ्लैट्स हैं। घर खरीदारों ने सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार से मदद मांगी है। लोगों का कहना है कि बिल्डर अपने आपको दिवालिया घोषित करना चाहता है।

# दुबई के लिंक पर सट्टा लगाने वाले गैंग का पर्दाफाश, 6 धरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● यूपी में सीएम बनने पर भी लगाया था सट्टा

नोएडा पुलिस ने शनिवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो आईपीएल में सट्टा लगाने का काम करता था। यह गैंग पहले विधानसभा चुनाव के दौरान कौन बनेगा मुख्यमंत्री पर सट्टा लगा चुका है। पुलिस ने इस गैंग के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके बैंक अकाउंट में लाखों रुपए मिले हैं, जिनको नोएडा पुलिस ने फ्रिज कर दिया है। इस गैंग के काफी लोग अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इस गैंग के तार दुबई तक से जुड़े हुए हैं।

एडशिनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि शनिवार को नोएडा पुलिस ने इस गैंग के 6 लोगों को सेक्टर-10 से गिरफ्तार किया है। इस गैंग के काफी लोग अभी फरार है। जिनकी तलाश की जा रही है। सभी आरोपी गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन, एक रजिस्टर, 1.64 लाख रुपए नकद और 2 लग्जरी गाड़ी बरामद की है। एडशिनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि यह काफी शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके द्वारा आईपीएल में सट्टा लगाया जाता है। इन आरोपियों ने बीते विधानसभा चुनाव में भी सभी पार्टियों की हार-जीत का सट्टा लगाया गया था। इन आरोपियों ने उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री कौन बनेगा इस पर भी सट्टा लगाया था।

### प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री की अशोभनीय तस्वीर पोस्ट करने पर छात्रा गिरफ्तार

**नोएडा।** देश के प्रधानमंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की अशोभनीय तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाली छात्रा को थाना बिसरख पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करती है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि हिंदू युवा वाहिनी के संयोजक डॉ. रजत शर्मा ने थाना बिसरख में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रागिनी यादव नामक युवती ने सोशल मीडिया पर भारत के प्रधानमंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की अशोभनीय फोटो पोस्ट की है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना बिसरख पुलिस ने आरोपी रागिनी यादव को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उसे अदालत में पेश किया जा रहा है। यह भी कहा कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि है कि आरोपी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है।

# चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में गूंजे मां के जयकारे

## घट स्थापना के साथ भक्तों ने की विधि विधान से पूजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



शनिवार से चैत्र नवरात्रि का आरंभ हो गया। कोरोना महामारी के कारण गत दो वर्षों से मंदिरों में बड़े स्तर पर न तो आयोजन हो रहे थे और ना ही भक्त पहुंच रहे थे। लेकिन इस बार संक्रमण का प्रसार कम होने और पांबदियां न होने के कारण पहले दिन मंदिरों में भक्त अच्छी खासी संख्या मां के दर्शन को पहुंचे। सुबह से ही देवी मंदिर मां के जयकारों से गुंजायमान रहे। दिन भर मां के भक्त नारियल और चुनरी अर्पण करने के लिए लाइनों में लगे रहे।

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया जाता है। घट स्थापना के साथ ही मां शैलपुत्री का व्रत रखा जाता है। घर-घर भक्तों ने घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि व्रत आरंभ किए। मां शैलपुत्री का पूजन कर उन्हें श्रृंगार, चुनरी, नारियल, नैवेद्य अर्पण किए। वहीं दिल्ली गेट स्थित श्री बाला त्रिपुर सुंदरी देवी मंदिर में घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत सुबह आठ बजे से शतचंडी महायज्ञ का पाठ आचार्य राम मनोहर अग्निहोत्री द्वारा किया गया। मंदिर के महंत गिरीशानंद गिरी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। माना जाता है कि मां के इन स्वरूपों की पूजा करने से व्यक्ति की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

वहीं नोएडा के सेक्टर-9 स्थित सनातन धर्म मंदिर के पुजारी ने सुबह छह बजे ही माता का श्रृंगार किया। इसके बाद आरती उतारी। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोले गए। वहीं, शाम को भजन मंडली ने भजन-कीर्तन किया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया।

# झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से मौत मामले में 7 पर केस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक किया सील

गौतमबुद्धनगर में कस्बा जेवर स्थित एक झोलाछाप चिकित्सक द्वारा गलत इंजेक्शन दिए जाने से हुई महिला महिला की मौत के मामले में चिकित्सक सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक को मौके पर पहुंचकर सील कर दिया है। चिकित्सक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि कस्बा जेवर में रहने वाली राखी (30 वर्ष) को इलाज के लिए गत बृहस्पतिवार को कस्बा जेवर स्थित झोलाछाप चिकित्सक राजेंद्र की क्लीनिक पर भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने महिला को गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिसकी वजह से उसकी हालत खराब हो गई। उन्होंने बताया कि महिला को उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहा पर महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद उसके परिजनों ने झोलाछाप चिकित्सक की गिरफ्तारी को लेकर जेवर में सड़क पर जाम लगा दिया। इस मामले में मृतका के भाई जितेंद्र ने चिकित्सक समेत 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

सीएमओ सुनील शर्मा ने बताया कि महिला की मौत की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जेवर स्थित झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक को सील कर दिया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर से इस मामले में कार्रवाई कर रहा है।

Mahindra HOME FINANCE

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

**बिक्री सूचना**

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग वर्ली, मुंबई -400018, भारत, फोन : +91 22 66523500
फैक्स : +91 22 24972741
आंचलिक कार्यालय : एलडीए कालोनी, बी 2/बी 70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ
शाखा कार्यालय : 5वां तल, 501-511, कान चैम्बर सिविल लाइन्स, कानपुर, निकट ग्रीन पार्क चौराहा, कानपुर,

**प्रतिभूत आस्तियों का प्राइवेट ट्रीटी के तहत निपटान, जैसाकि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(5)(डी) के तहत व्यवस्था दी गई है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :-**

प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने, प्रतिभूत ऋणों की वसूली के प्रयोजनार्थ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "सरफासी ऐक्ट" कहा गया है) की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गई है) के नियम 8 और 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) बेचने का निर्णय किया है। प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, जो "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है आधार" पर बेची जाएगी तथा सर्वसाधारण और सभी संबंधित जन जिसमें संबंधित कर्जदार/बंधकदाता, उनके प्रतिनिधिगण, यथास्थिति, शामिल हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्तियां बेची जाएगी, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है :-

| कर्जदार/सह-कर्जदार | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल सम्पत्ति (प्रतिभूत आस्तियों) का वर्णन | प्राप्त की गई ऑफर राशि |
|---|---|---|---|
| शाखा : गाजियाबाद<br>कर्जदार : शादाब<br>सह-कर्जदार : शाहीन<br>पता : बुलंदशहर<br>स्थित : -रोड अमीरमुआविया मस्जिद रफीक नगर पीरबाउद्दीन 3, हापुड़, उत्तर प्रदेश - 245101<br>एलएएन : 7709896 गैम्डर्ळ800656800 | 3-दिस.-2020<br>रू. 9,45,878/-<br>भौतिक कब्जा की तिथि<br>25-जून-2021 | प्लॉट नंबर 21, खसरा नंबर 1277 का भाग, मोहल्ला न्यू आबादी गढ़ी - पिलखुवा, परगना डासना, तहसील धौलाना, जिला हापुड़, उत्तर प्रदेश- 245101<br>चौहद्दी :- उत्तर : प्लॉट लोकश सैनी, दक्षिण : लोकेश सैनी का मकान, पूरब : 15 फीट रोड, पश्चिम : सीता राम सैनी का प्लॉट | रू. 2,60,000/- (रूपए दो लाख साठ हजार मात्र) |

1. एमआरएचएफएल को अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही करते हुए अब उसके लिए ऑफर प्राप्त हुई है (ऑफर राशि ऊपर तालिका में दी गई है) और हम, अन्य के साथ इस तथ्य पर विचार करते हुए इसको स्वीकार करने के इच्छुक हैं कि पिछली सार्वजनिक नीलामी असफल हो चुकी है।
2. इच्छुक बिडर्स को नीलामी में भाग लेने हेतु सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
3. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रपत्र www.mahindraruralhousingfinance.com पर और शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं। बिक्री, नीलामी प्रपत्र में वर्णित नियम एवं शर्तों के तहत होगी।
4. अतिरिक्त विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी दीप चन्द्र जोशी से 8853265434 पर सम्पर्क करें। निर्धारित निविदा प्रपत्र में सीलबंद ऑफर्स ईएमडी के साथ उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 19-अप्रैल-2022 समय पूर्वा. 10 बजे से अप. 6 बजे तक है। अधूरी निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध मानी जाएंगी तथा अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में सम्पत्ति हेतु ऑफर्स खोलने की तिथि 21-अप्रैल-2022 को पूर्वा. 10 बजे से अप. 2 बजे है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में खोली जाएगी।
6. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 18-अप्रैल-2022 समय पूर्वा. 10 बजे से अप. 6 बजे तक पूर्वा 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक है।
7. कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस दिया जाता है कि वे उपरिवर्णित बकाया राशि नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें जिसमें असफल रहने पर प्राप्त की गई ऑफर स्वीकार कर ली जाएगी तथा अचल सम्पत्ति नीलाम कर दी जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई, ब्याज और लागतों सहित वसूल की जाएगी। यदि कर्जदार महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की पूरी बकाया राशि बिक्री की तिथि से पहले चुका देता है तो नीलामी रोक दी जाएगी।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएगी। तथापि, अधोहस्ताक्षरी का एकमात्र अपने विवेक के अनुसार परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा आवश्यक समझा जाता है।

स्थान : गाजियाबाद तिथि : 03-04-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Shyam Chandela** who is the owners of Property Bearing No. NW-167A, area measuring 400 sq.yds, out of Khasra No.10/3, situated in the area of Village Khyala, Colony known as Nar Singh Garden, New Delhi. vide Relinquishment Deed dated **24.12.2020** which is registered as Doc no. 10636 registered in Sub Registrar II - Basai Darapur and intend tomortgage against the financial assistance from **Capital India Finance Ltd.** That the Surviving Member Certificate of Late Mr. Har Lal & Mr. Babu Ram are/is not available. To comply the requirements of BANK/ NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within **7 days** at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-110049
Contact # 011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

We, Ashwani Kumar Bhatia (Father) and Smt. Chanchal Bhatia (Mother) R/o 3/18, Ground Floor, West Patel Nagar, New Delhi -110008, debar and disown our son Sh. Pankaj Bhatia, R/o 3/18, Ground Floor, West Patel Nagar, New Delhi - 110008, from our all movable and immovable property anywhere in India, due to his disobedience and misconduct. We have also severed all our relations with him. If anybody deals with him he will do so on his own risk, cost and consequences. We cannot be held responsible in any manner for the same.

**Pankaj Jain (Advocate)**
**G-618, KKD Court Delhi -110032**
**Mob 9868204201**
**pankaj.advocate.jain@gmail.com**

**सार्वजनिक सूचना**

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत मैसर्स सेंट्रल गवर्नमेन्ट एम्प्लॉईज वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गनायजेशन के भूखण्ड संख्या-07 सेक्टर-पी-04 ग्रेटर नौएडा को दिनांक 25.01.2016 को मानचित्र स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तदोपरान्त विकासकर्ता द्वारा (Tower A-1, Tower-B-I TO B-5- C-1 TO C-16- D-1 TO D-6- Commercial, Community Center, School, Nursing Home Reg. Buliding, ESS, Meter Room, Gard Room, Open Staircase & Milk Booth) का अधिभोग प्रमाण पत्र (Occupancy Certificate) हेतु दिनांक 29.12.2021 को आन लाईन के माध्यम से आवेदन किया गया है, जिसका आवेदन संख्या-CC-1615 है, तत्क्रम में UP Apartment Act 2010 Amendment 2016 in Section 4 Sub Section B, के अन्तर्गत परियोजना के आवंटियो से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। इस सम्बन्ध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत कार्यपूर्ति मानचित्र एवं Declarations of UP Apartment Act 2010 का परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 से सायं 6:00 बजे के मध्य नियोजन विभाग में तथा प्राधिकरण की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

अतः उपरोक्त परियोजना के आंवटियों द्वारा Completion Map एवं Declarations of UP Apartment Act 2010 के सम्बन्ध में सूचना प्रकाशित करने के 30 दिनों के अन्दर आपत्तियाँ / सुझाव आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त के निहितार्थ अपनी आपत्तिया लिखित से अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या-1, नॉलेज पार्क 04, ग्रेटर नोएडा में स्थित नियोजन विभाग में सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों के अन्दर जमा करायी जा सकती हैं।

महाप्रबन्धक (नियो०/वास्तु०)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं. 01, नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश

### सीवर सफाई को अथॉरिटी अफसरों ने दी सुरक्षा सीख

**नोएडा।** गर्मी में मैनहोल की सफाई या प्लगों को तोड़ने के दौरान जहरीली गैस का उत्सर्जन अधिक मात्रा में होने से सफाई कर्मचारियों के साथ हादसे की आशंका बढ़ जाती है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग की तरफ से कासना स्थित 137 एमएलडी एसटीपी परिसर में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस शिविर में सफाई कर्मचारियों को मैनहोल की आधुनिक उपकरणों से सफाई के दौरान जरूरी सुरक्षा मानकों को अपनाने की सीख दी गई। इसमें सेफ्टी गियर, जैसे गैस मापने वाले यंत्र, ऑक्सीजन मास्क, हेलमेट इत्यादि के प्रयोग के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया गया।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mrs. Daya is claiming owner /attorney holder of Property No. 0-81, area measuring 50 sq.Yds., out of Khasra No. 147, Situated in the revenue estate of Village Bindapur, Delhi state Delhi, colony known as Block O, Uttam Nagar, New Delhi (the said property), by virtue of GPA, Agreement and will all dated 16.07.2007, executed by Mrs. Shashi Malhotra. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/attorney holder want to sell the said property to Mr. Kundan Kumar who is taking Loan from Fullerton for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner /attorney Holder over the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार


बदमाश को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

### कैब चालक से लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र में करीब 15 दिन पूर्व हुई ओला कैब लूट मामले में मुरादनगर और एसपी ग्रामीण की एसओजी टीम ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने लूट हुई कैब, तमंचा और कारतूस बरामद किया है। आरोपी पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। एसपी ग्रामीण डॉ ईरज राजा ने बताया कि नंदनगरी निवासी मनोज कैब ड्राइवर है। बीते 14 मार्च की रात कुछ लोगों ने दुहाई तक के लिए कैब बुक की थी। जिसके बाद वह लोग कैब द्वारा दुहाई से नोएडा घूमने गए। उसके बाद वह वापस नहीं आए और फिर मेरठ के लिए निकल गए। मेरठ परतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम छज्जूपुर के जंगलों में यात्री बनकर बैठे बदमाशों ने हथियार के बल पर ड्राइवर को बंधक बना लिया और कैब, रूपए, मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

### लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कसेगी जाएगी लगाम

**गाजियाबाद।** पुलिस सिस्टम में सुधार लाने और भ्रष्ट एवं निकृष्ट एसएचओ व चौकी प्रभारियों पर लगाम कसने की कवायद के तहत आईजी प्रवीण कुमार ने मुहिम छेड़ दी है। इस मुहिम को अमली जामा पहनाने के लिये आईजी ने जनपद पुलिस की मॉनेटरिंग करने के साथ-साथ यहां तैनात अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की कार्यशैली को परखना शुरू कर दिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# स्कूलों में दो साल बाद मेगा पीटीएम, उत्सव सा माहौल

- माता-पिता ने बच्चे की पढ़ाई को लेकर शिक्षकों से की चर्चा, स्कूल की बेहतरी के लिए भी दिए अहम सुझाव : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कोविड-19 महामारी के चलते सरकारी स्कूलों में करीब दो वर्षों बाद शनिवार को मेगा पीटीएम में उत्साव से माहौल था। अभिभावकों व छात्रों को आकर्षित करने के लिए वेलकम सेल्फी पाइंट भी बनाए गए थे। गजब का उत्साह दिखाते हुए माता-पिता ने अपने बच्चे के वेल-बींग व पढ़ाई की योजना को लेकर शिक्षकों से बात साथ ही स्कूल की बेहतरी के लिए अपने सुझाव भी दिए।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया एंड्रयूज गंज में स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने बच्चों और अभिभावकों से बात कर उनका हौसला बढ़ाया। सिसोदिया ने कहा नए सत्र में अभिभावकों व शिक्षकों को साथ मिलकर एक ऐसा वातावरण तैयार करने की जरुरत जहाँ सभी बच्चे बिना किसी डर या दबाब के बेहतर ढंग से ऑफलाइन पढ़ाई शुरू कर सकें। मेगा पीटीएम में स्कूलों ने पेरेंट्स के साथ साझा किया नए सत्र का शैक्षणिक कार्य योजना और उनसे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का अनुरोध किया। सुबह व जनरल शिफ्ट के स्कूलों में लगभग 70 फीसदी अभिभावकों ने इस मेगा पीटीएम में हिस्सा लिया।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस बार की मेगा पीटीएम बहुत अहम है। कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण पिछले 2 सालों में बच्चों की पढ़ाई का तो नुकसान हुआ ही है साथ ही उनकी सोचने-समझने, खुश रहने की क्षमता पर भी इसका असर हुआ है। इसलिए अब ये बेहद जरूरी है कि सब साथ मिलकर इसे ठीक करें और एक ऐसा वातावरण तैयार करें जहाँ सभी बच्चे बिना किसी डर या दबाब के फिर से अपनी पढ़ाई शुरू कर सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें ताकि कक्षा में होने वाली गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राएं तनावमुक्त होकर ऑफलाइन मोड में बेहतर ढंग से स्कूल से जुड़ सकें। मेगा पीटीएम में पेरेंट्स को स्कूल द्वारा पूर्व में किए गए बेसलाइन असेसमेंट के आधार पर बच्चों के सीखने के स्तर के विषय में जानकारी दी गई तथा बच्चों के पढ़ने-लिखने व गणित की मूलभूत क्षमता को बेहतर बनाने के लिए स्कूल में चल रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम संबंधी जानकारी भी दी गई।

## छात्रों के कौशल को बेहतर बनाने के लिए 2 फेज एक्शन प्लान



फेज एक के तहत 10 अप्रैल तक कक्षा तीसरी से 9वीं तक के सभी स्टूडेंट्स का बेसलाइन असेसमेंट, मिशन बुनियाद की सामग्री का वितरण, स्कूल का पूरा समय निम्नलिखित गतिविधियों के लिए आवंटित किया जाएंगे। पढ़ने, लिखने और अंकगणित के लिए मिशन बुनियाद क्लास, हैप्पीनेस क्लास, पिछली वर्कशीट का अभ्यास, लाइब्रेरी व रीडिंग पीरियड फेज 2 के तहत 11 अप्रैल से 15 जून तक मिशन बुनियाद और हैप्पीनेस क्लासेस, चलेंगी, सुबह व जनरल शिफ्ट के स्कूलों में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक इवनिंग शिफ्ट के स्कूलों में शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक। इन दो घंटे की क्लास को तीन हिस्से होंगे, हैप्पीनेस क्लास के लिए 30 मिनट, हिंदी पढ़ने-लिखने के लिए 45 मिनट और बेसिक मैथ के लिए 45 मिनट में बांटा जाएगा। प्रोग्रेस ट्रैक करने के लिए हर कार्यदिवस शनिवार को मूल्यांकन। वर्कशीट के माध्यम से छात्रों को पिछली कक्षाओं के शैक्षणिक कॉन्सेप्ट्स से जोड़ने के लिए कैच-अप सेशन है।

## मुख्यमंत्री शिक्षा मॉडल का करते हैं झूठा बखान : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल पर प्रदेश कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज के उत्थान के लिए एक उपयुक्त साधन है जिससे शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। लेकिन मुख्यमंत्री बिगड़ते शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने की बजाय प्रचार और विज्ञापन के जरिए उसे बेहतर दिखाकर शिक्षा मॉडल का झूठा बखान कर रहे है। दूसरे राज्यों से आने अतिथियों को कुछ चुनिंदा स्कूलों का दौरा करवा कर अपनी पीठ खुद थपथपा रहे है। कुमार ने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि केजरीवाल आगंतुक अतिथियों को कुछ चुनिंदा स्कूलों सहित विधानसभा क्षेत्र के स्कूल और मौहल्ला क्लीनिक का निरीक्षण कराते है। केजरीवाल जिस शिक्षा मॉडल को दिखाते है उसकी व्यवस्था ध्वस्त है क्योंकि सरकारी 1067 स्कूलों में 760 पद प्रिंसिपल के खाली पड़े।

## दिल्ली खेल विवि ने दाखिला विज्ञापनों पर 1.71 करोड़ खर्च किए

**नई दिल्ली।** दिल्ली खेल विश्वविद्यालय ने देश भर से उभरते खिलाड़ियों को प्रवेश देने के प्रचार के लिए 1.71 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए हैं। यह जानकारी दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने पिछले सप्ताह दिल्ली विधानसभा में एक सवाल के जवाब में साझा की थी। विभाग के अनुसार विश्वविद्यालय देश भर से इच्छुक खिलाड़ियों को दाखिला करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय ने मीडिया में प्रवेश संबंधी विज्ञापन प्रकाशित किए थे, जिन पर करीब 1,71,17,233 रुपए खर्च किए गए। विभाग के अनुसार, संशोधित अनुमान 2021-22 के तहत विश्वविद्यालय को 63 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। दिल्ली खेल विश्वविद्यालय मुंडका में बनेगा। यह सिविल लाइंस क्षेत्र से अस्थाई रूप से कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय परिसर का निर्माण प्रारंभिक चरण में है। विश्वविद्यालय के तहत एक दिल्ली खेल स्कूल भी होगा।

# दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने सर्वाधिक संपत्ति कर वसूल कर रचा इतिहास

- अब तक 1000 करोड़ का जादुई आंकड़ा किया पार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने वित्त वर्ष 2021-22 में सर्वाधिक संपत्ति कर 1000 करोड़ रुपये वसूल कर इतिहास रच दिया है। करदाताओं के साथ सकारत्मक व्यवहार और करदाताओं को अंतिम तरीख से पहले कर भुगतान के बारे में प्रेरित करने का यह परिणाम है कि दक्षिणी निगम लक्ष्य से अधिक कर वसूल कर जादुई आंकड़ा पार किया। उसने लगभग 4.60 लाख संपत्तियों से 31 मार्च 2022 तक 1070 करोड़ रुपये का संकलन किया है। साथ ही हस्तांतरण शुल्क से कुल 917 करोड़ अर्जित किए गए हैं।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अनुसार पहली बार संपत्तिकर व हस्तांतरण शुल्क से लगभग 2000 करोड़ रुपये अर्जित किए है, जो ही उल्लेखनीय हैं। वित्तीय वर्ष 2018-19 में निगम ने हस्तांतरण शुल्क के रूप में 637.99 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 2019-20 में 751.57 करोड़ रुपये और वर्ष 2020-21 में कुल 563.65 करोड़ रुपये अर्जित किये।

आयुक्त ज्ञानेश भारती ने बताया कि विभाग ने मासिक राजस्व समीक्षा बैठकों में संकलन का लक्ष्य 1000 करोड़ रुपये किये जाने की जरूरत पर बल दिया जिससे दक्षिणी निगम क्षेत्र को स्मार्ट सिटी के अनुरूप विकसित किया जा सके। उन्होंने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से इस दिशा में समर्पित होकर काम करने को कहा। करदाताओं की सुविधा के लिए दक्षिणी निगम ने मार्च महीने में शनिवार और अंतिम रविवार के दिन के अवकाश के दौरान भी संपत्ति कर के विभाग के सभी कार्यालय खुले रखे गये थे। करदाताओं की सुविधा के लिए इस वर्ष विभिन्न वार्डों में लगभग 900 शिविर भी लगाए गए थें। नए वित्त वर्ष में विभाग जारी सर्वे के निष्कर्ष के आधार पर कर दायरा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

उन्होंने कहा कि विभाग संपश्रि कर के कार्य का डिजीटीकरण किये जाने पर पूरा जोर देगा। इससे करदाताओं की संख्या में वृद्धि की जा सकेगी। विभाग ने इस वित्तीय वर्ष के लिये संपत्ति कर का लक्ष्य 1200 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया।

## पीडब्ल्यूडी व सीपीडब्ल्यूडी से काफी अधिक राशि मिली

ज्ञानेश भारती ने बताया कि इस वर्ष के दौरान सरकारी विभागों पीडब्ल्यूडी, सीपीडब्ल्यूडी से काफी अधिक राशि मिली जो लक्ष्य को पार करने में सहायक सिद्ध हुई। इस वित्तीय वर्ष संपत्तियों के सर्वे द्वारा कर का दायरा बढाया। लगातार व्यवसायिक संपत्तियों का निरीक्षण किया गया और उन्हें बकाया संपत्ति कर अदा कराने के लिये नोटिस भी भेजे गये। विभाग ने क्षेत्रीय आरडब्ल्यूए और मार्किट एसोसिएशन के साथ बैठकें की और संपत्ति कर कैंप आयोजित किये गये, ताकि नागरिक समय पर संपत्ति कर अदा कर सके। उन्होंने कहा कि निगम सभी करदाताओं सभी संपत्ति करदाताओं का धन्यवाद दिया है जिन्होंने समय पर संपत्तिकर अदा किया।

## पूर्वी निगम की स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस प्रक्रिया हुई सरल

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने व्यापारियों की बाधाओं को दूर करने के लिए स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस की प्रक्रिया को और भी सरल कर दिया है। नई स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस नीति के तहत स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस प्रदान करने की समय सीमा को भी 60 दिन से घटाकर 30 दिन कर दिया गया है। निगम के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, ट्रेडर्स को नया लाइसेंस लेने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा और दस्तावेज अपलोड करने व फीस जमा करने के बाद आवेदक को अस्थायी लाइसेंस तत्काल जारी कर दिया जाएगा। यह प्रोविजनल लाइसेंस 30 कार्य दिनों के लिए वैध होगा। इस दौरान अधिकारी नियमों के मुताबिक कार्यवाही पूरी करेंगे और जिसके बाद नियमित लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। वहीं, स्वास्थ्य व्यापार के नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया को पूरा करना होगा जिसमें ऑनलाइन फॉर्म भरना, दस्वावेज अपलोड करना और फीस जमा करना शामिल है।

### आजादी का अमृत महोत्सव

## मेट्रो कर्मियों के परिवार पहुंचे वॉर मेमोरियल

- कारगिल हीरो को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



75वें आजादी का महोत्सव के अवसर पर मेट्रो एडवेंचर क्लब से ओर से एक इंडिया गेट स्थित वॉर मेमोरियल का टूर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएमआरसी के कर्मचारी और उनका परिवार शामिल था। इस दौरान कारगिल के हीरो और परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र सिंह यादव ने युद्ध में अपनी भूमिका को लेकर जानकारी दी और पुरानी यादों को उनके साथ साझा किया।

इस मौके पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक विकास कुमार मौजूद रहे. उन्होंने सूबेदार मेजर और कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव को एक मेट्रो ट्रेन का मॉडल देकर सम्मानित किया। डीएमआरसी के मुख्य प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के लिए आयोजित किए गए इस टूर में डीएमआरसी कर्मचारियों के अलावा उनके परिवार के सदस्य एवं बच्चे भी शामिल हुए। यहां पर उन्होंने योगेंद्र सिंह यादव को सुना जिन्होंने करगिल युद्ध में अपनी भूमिका को लेकर जानकारी दी और पुरानी यादों को उनके साथ साझा किया. राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था।

## रेस्तरां की बिल्डिंग में लगी मामलू आग

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित परिक्रमा रेस्तरां में शनिवार शाम आग लग गई थी। दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों ने आग को काबू किया।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि यह आग चिमनी में लगी हुई थी।

आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। बारखम्बा थाना पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। घटना को लेकर रेस्तरां के कर्मचारियों से भी बातचीत की जा रही है।

## डीयू में ऑफलाइन परीक्षा देने वालों को राहत

- अतिरिक्त 30 मिनट और प्रश्नों पर अधिक विकल्प मिलेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के जो छात्र करीब दो साल के अंतराल के बाद प्रत्यक्ष परीक्षा देंगे, उन्हें एक विशेष कदम के तहत अतिरिक्त 30 मिनट और प्रश्न पत्र में अधिक विकल्प मिलेंगे।

कोरोना वायरस महामारी के कारण डीयू ने छात्रों के लिए ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा आयोजित करना शुरू किया था। हाल में पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के छात्र ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा के लिए उपस्थित हुए जबकि दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के छात्र प्रत्यक्ष तरीके से परीक्षा देंगे, जो मई और जून में होने की संभावना है।

विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा कि एक विशेष कदम के तहत प्रत्एक परीक्षा की अवधि को 30 मिनट तक बढ़ाया जाएगा। इसमें कहा गया है, संकायाविभाग से जहां भी लागू हो, प्रश्न पत्र में अतिरिक्त विकल्प देने का अनुरोध किया जाएगा। जिन छात्रों ने परीक्षा फॉर्म भर दिया है और उचित कारणों से परीक्षा में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें प्रत्यक्ष उपस्थिति के लिए एक और मौका दिया जा सकता है। द्वितीय चरण को बचे हुए छात्रों के लिए आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने कहा कि जरूरतमंद छात्रों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए संकायों, विभागों और कॉलेज से अनुरोध किया जाएगा।

## दो साल में सड़कों पर 1,500 करोड़ हुए खर्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी में सडक़ों की मरम्मत पर 1500 करोड़ से अधिक रुपए खर्च किए हैं। लोक कार्य विभाग ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली विधानसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी साझा की गई।

जवाब में कहा गया है, 2020-21 में सडक़ों की मरम्मत और सेंस कारपेटिंग के लिए 873.79 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई थी, जिसमें से 539.99 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसी तरह, 2021-22 के दौरान, इस उद्देश्य के लिए 1041.38 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई थी, जिसमें से 985.96 करोड़ रुपए खर्च किए ज्ञात हो कि दिल्ली सरकार ने 2022-23 के बजट में पांच सड़क पुल, दो अंडरपास, डीएनडी फ्लाई-वे विस्तार और पैदल यात्रियों के लिए एक सबवे का प्रावधान किया है। बजट में परिवहन, सड़क और पुल क्षेत्र के लिए कुल आवंटन 9,539 करोड़ रुपये का है।

## इतिहास का पुनर्लेखन आवश्यक: जे.नंद कुमार

**नई दिल्ली।** हिन्दू नववर्ष 2079 के अवसर पर नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) की ओर से हंसराज कॉलेज स्थित सभागार में विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे.नंद कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कुमार ने कहा कि इतिहास का पुनर्लेखन भारत की असली स्वरूप से आने वाली पीढ़ियों को अवगत कराया जाए।

## केजरीवाल और भगवंत मान ने साबरमती आश्रम का किया दौरा



- आगामी विस चुनाव के लिए जमीन तैयार करने में जुटे दोनों नेता

पीएनएस। नई दिल्ली/अहमदाबाद

मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को यहां साबरमती आश्रम का दौरा किया। आम आदमी पार्टी के ए दोनों नेता शहर की दो-दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार रात को पहुंचे।

भाजपा शासित गुजरात में उनकी यात्रा को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जमीन तैयार करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। केजरीवाल और मान ने साबरमती आश्रम में हृदय कुंज का दौरा किया, जहां महात्मा गांधी रहते थे।

इसके अलावा उन्होंने संग्रहालय का भी दौरा किया तथा गांधी की प्रतिमा पर शीश झुकाए। उन्होंने आश्रम में आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार दर्ज किए और आश्रम के अधिकारियों ने उन्हें चरखे की एक प्रतिकृति तथा महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित पुस्तकें भेंट की। केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार साबरमती आश्रम आया हूं। इससे पहले जब सामाजिक कार्यकर्ता था, तब कई बार इस जगह पर आया था। मैं जब भी यहां आता हूं, मुझे आंतरिक शांति मिलती है। आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेताओं ने बताया कि केजरीवाल आज शाम को शहर के पूर्वी क्षेत्रों में दो किलोमीटर का रोड शो करेंगे।

# कोरोना के दौरान गांव में चलाई ग्राम पाठशाला

### पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' में दिल्ली पुलिस के एसआई सोनू की सुनाई गई संघर्षों की कहानी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



ग्राम पाठशाला में पढ़ते बच्चे।

खराब छवि के चलते अकसर हम पुलिस का मानवीय चेहरें को नजरअंदाज कर देते है। दिल्ली पुलिस अपने पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के अंक में सब इंस्पेक्टर सोनू बैंसला की दिलचस्प कहानी लोगों के बीच लेकर आई है। सब-इंस्पेक्टर सोनू जब कोरोना से बीमार थे तो उन्होंने संकल्प लिया कि वह ठीक होने के बाद लोगों की सेवा के लिए कुछ करेंगे।


कोरोना से ठीक होने के बाद सब इंस्पेक्टर सोनू ने अपने तीन साथियों, देवेंद्र बैंसला, रवींद्र बैंसला और अमर बंसल के साथ मिलकर गांव में ग्राम पाठशाला की शुरुआत की। इस दौरा गांव के लोगों ने भी चंदा दिया और उनके प्रयास से यूपी, हरियाणा और राजस्थान में करीब 250 से अधिक लाइब्रेरी (ग्राम पाठशाला) खोली जा चुकी है। इसमें एसआई की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। किस्सा खाकी का दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना की एक पहल है। दिल्ली पुलिस के पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' में हर सप्ताह एक नई, सकारात्मक और ऊर्जा से भर देने वाले पुलिसकर्मियों की कहानी सुनाई जाती है।

इस पॉडकास्ट की परिकल्पना, पटकथा और आवाज जेल सुधारक और मीडिया शिक्षक डॉ. वर्तिका नन्दा ने की है।

वे दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता विभाग की प्रमुख हैं। इस पॉडकास्ट का प्रसारण प्रत्येक रविवार, दोपहर 2 बजे किया जाता है।

इसे आप दिल्ली पुलिस के ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सुन सकते हैं। दिल्ली पुलिस का प्रयास है कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं के साथ संवाद को बढ़ाया जाए जिससे नागरिकों और पुलिस के बीच उत्कृष्ट जनसंपर्क को विकसित किया जा सके।

## दोस्ताना क्रिकेट मैच में पुलिस आयुक्त-11 की जीत



पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना, पुलिस परिवार और पदक विजेता।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पुलिस अधिकारियों, कर्मियों और उनके परिवार के बीच पारिवारिकबढ़ावा देने के लिए शनिवार को एक टी-20 फ्रेंडली क्रिकेट मैच आयोजित रोशनारा क्लब ग्राउंड में आयोजित किया गया। सीपी इलेवन और पुलिस फैमिली वेलफेयर सोसाइटी (पीएफडब्ल्यूएस) के बीच इस दोस्ताना मैच के दौरान स्वर्ण जयंती भी मनाई गई। पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना और उनकी पत्नी अनु अस्थाना अध्यक्ष, (पीएफडब्ल्यूएस) और राष्ट्रीय चयनकर्ता सरनदीप सिंह इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे। सीपी एलेवन में दिल्ली पुलिस के सेवारत अधिकारी शामिल थे, जबकि पीएफडब्ल्यूएस का प्रतिनिधित्व पुलिस परिवारों के बच्चों द्वारा किया गया था। सीपी इलेवन ने इस दोस्ताना मुकाबले में पीएफडब्ल्यूएस इलेवन को 4 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। पीएफडब्ल्यूएस इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। सीपी इलेवन ने इस गहन मुकाबले में 6 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। विकास को उनकी टीम के लिए मैच जीतने वाले अर्धशतक के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। सीपी ने मैच के स्टार खिलाड़ियों और पुलिस परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया।

# गुरुग्राम में पूरी आस्था के साथ मनाया भारतीय नववर्ष

**भारतीय नववर्ष पर सुबह 5:30 बजे किया अर्घ्यदान**

**कामधेनू गोधाम में किया गया कार्यक्रम का आयोजन**

**शहर में कई जगह पर किए गए कार्यक्रम**



गुरुग्राम स्थित कामधेनु गोधाम में भारतीय नववर्ष की सुबह अर्घ्यदान करते लोग।



गुरुग्राम के लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक पर हनुमान मंदिर परिसर में हवन करते अखिल भारतीय हिंदू क्रांति दल के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिशन** भारतीय नव वर्ष के बैनर तले शनिवार को कामधेनु गोधाम गुरुग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेंकड़ों लोगों ने सुबह 5:30 बजे जल का लोटा लेकर अर्घ्यदान किया। यहां मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की उपाध्यक्ष विदच रावल ने शिरकत की। विदच रावल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय नव वर्ष वैज्ञानिक व प्रकृति सम्मत है। जबकि अंग्रेजी नववर्ष झूठ पर आधारित है। उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से भारतीय काल गणना की विस्तृत व्याख्या की। गायक सचिन गक्खड़, प्रवीण व वंश मित्तल ने गीत प्रस्तुत किए। कवयित्री वीणा अग्रवाल, इंदु राज निगम व लाडो कटारिया ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। नृत्यांगना गरिमा जोहरी की शिष्य ने हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। मिशन भारतीय नव वर्ष के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अजय सिंहल ने बताया कि कार्यक्रम में आए सभी बंधु बहनों ने यज्ञ में आहुति डाली। उसके बाद पंचामृत, मिश्री व नीम की पत्ती का प्रसाद सबको वितरित किया गया। यह कार्यक्रम पंडित कृष्ण मुरारी द्वारा संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य रस्म अर्घ्यदान को बड़े ही सुंदर ढंग से सभी ने पूरा किया। भगवान भास्कर की प्रथम रश्मिओं को जल से अर्घ्य दिया गया। मंगल वेश में आए सभी अर्घ्य दानियों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर नववर्ष की खुशी मनाई। अंत में गौ माता की परिक्रमा कर दर्शन करके कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुजीत यादव ने की। धन्यवाद ज्ञापन कामधेनु गोधाम के अध्यक्ष पूरन यादव लोहचब ने किया।

### हवन-पूजन कर किया नव संवत्सर 2079 का स्वागत

**भारतीय** नव वर्ष विक्रम संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 2079 कलयुग का 5124वां वर्ष हनुमान मन्दिर प्रांगण अतुल कटारिया चौक पर मनाया गया। अखिल भारतीय हिन्दू क्रान्ति दल के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में हवन-पूजन और प्रसाद वितरण करके नव संवत्सर 2079 का स्वागत किया। पण्डित विनोद शास्त्री द्वारा मंत्रोचार कर हवण पूजन कराया गया। आयोजन का संचालन संस्था के प्रान्तीय अध्यक्ष चेतन शर्मा द्वारा किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से संस्था के राष्ट्रीय प्रभारी राजीव मित्तल, वरिष्ठ अधिवक्ता और जिला बार संघ के पूर्व अध्यक्ष कुलभूषण भारद्वाज, नरेन्द्र चौहान, प्रवीण हिन्दुस्तानी, भाजपा नेत्री और समाजसेविका संतोष कुमारी, लक्ष्मीकान्त व्यास, ब्रजेश सिंह, मनजीत कटारिया, राव अजीत सिंह, अमित गुप्ता, सचिन मित्तल, वंश मित्तल, सोनू मिस्त्री, भूदेव सिंह, अर्पित सिन्हा, राजेश अवस्थी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 131 राजकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव के साथ दाखिले शुरू

**सोहना।** खंड में राजकीय 131 स्कूलों में प्रवेश उत्सव के मनाते हुए नये सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों को अपने बच्चों का दाखिला राजकीय स्कूलों में कराने के लिए प्रेरित कर रहे है। ताकि शिक्षा प्राप्त करने से एक भी बच्चा अनपढ़ न रह जाए।

राजकीय स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश उत्सव के तहत वर्ष 2022-23 के नये सत्र में अधिक से अधिक बच्चों को दाखिला करने के लिए आदेश जारी किए है। ताकि एक भी बच्चा शिक्षा प्राप्त करने से न छूट जाए। खंड में बने 83 प्राथमिक, 22 मिडल, 6 हाई तथा 20 सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों को दाखिला दिया जा सके।

**शिक्षक कर रहे हैं अभिभावकों को जागरुक** : खंड के राजकीय स्कूलों की कक्षा प्रथम, छह और नौ में अधिक से अधिक दाखिले कराने के लिए शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर रहे हैं।

> **राजकीय** स्कूलों के प्रभारी स्वयं कक्षा 5, 8 और 9 को पास करने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षाओं में दाखिला कराने के लिए अन्य स्कूलों में जाकर स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र पारित की गई कक्षा के परीक्षा परिणाम के साथ देकर आ रहे हैं। ताकि बच्चा या उसके माता-पिता को अपने बच्चों का राजकीय स्कूलों में दाखिल कराने के लिए चक्कर न काटना हो।
>
> **धर्मपाल**
> **( खंड शिक्षा अधिकारी )**

शिक्षक ऐसे बच्चों को प्राथमिकता से दाखिला दे रहे हैं। जो किसी भी कारणवंश शिक्षा को बीच में छोड़कर घर बैठा है। वहीं शिक्षक अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला कराने के लिए उत्साहित कर रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं से लेकर पढ़ाई कराने के गुणात्मक नियमों की जानकारी भी दे रहे हैं।

## युवाओं के लिए जीएसटी पंजीकरण कराना हुआ कठिन

**गुरुग्राम।** केंद्र सरकार एक तरफ युवाओं को सरकारी नौकरी का लालच छोड़ आत्मनिर्भर बन व्यापार शुरू करने के लिए प्रेरित कर रही है। दूसरी तरफ व्यापार शुरू करने के लिए जरूरी जीएसटी नंबर देने में आनाकानी कर रही है। एमएसएमई वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज वर्मा के मुताबिक हरियाणा में पिछले 3 महीने से नए युवा जो व्यापार शुरू करना चाहते हैं, उन्हें जीएसटी नंबर लेने में बहुत परेशानी आ रही है।

जीएसटी नंबर लेने की प्रक्रिया में 10 से 30 दिन का समय लग रहा है। सरकार के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के वादे खोखले नजर आ रहे हैं। युवा जीएसटी आवेदन करते समय जरूरी सभी कागजात पेन, आधार वेरिफाई करवाता है, जिससे सरकार के पास व्यापारी की सभी जानकारी पहुंच जाती है। वह अपना रेंट एग्रीमेंट के साथ मालिक का बिजली का बिल भी देता है, लेकिन विभाग इससे भी संतुष्ट नहीं होता।

## सड़क नहीं बनाने के विरोध में बच्चों, बड़ों ने किया प्रदर्शन






गुरुग्राम के सेक्टर-78 व 79 में सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग। प्रदर्शन में शामिल बच्चे।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वर्ष 2018** में सड़क बनाने का टेंडर मिलने के बाद भी ठेकेदार ने शनिवार को तक काम को पूरा नहीं किया है। सड़क की जर्जर हालत से लोग परेशान हैं। शनिवार को गुस्साए लोगों ने बच्चों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने ठेकेदार समेत गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे धीरेंद्र, रूपाली गुप्ता, वेद प्रकाश, ज्योतिष साह, डॉ. ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार, अजय कौल, सौरभ डावर, सुधीर कुमार, गुलशत कुकरेजा, राजेश सेठ, शौर्या सक्सेना आदि ने बताया कि इस सड़क के बनने से उन्हें काफी राहत मिलेगी। इस जर्जर सड़क के कारण खेड़की दौला टोल से जाना पड़ता है। इस सड़क के साथ सुपरटेक, गोदरेज आर्या, माउंट विले, मानसून ब्रिज, विंटर हिल्स समेत अन्य सोसायटी लगती हैं। इनमें करीब दो हजार परिवार रहते हैं। यूनाइटेड एसोसिएशन ऑफ न्यू गुरुग्राम के प्रधान प्रवीण मलिक ने बताया कि यह सेक्टर-78 से सेक्टर-80 को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। यहां करीब 3.4 किलोमीटर की सेक्टर-78 व 79ए डिवाइडिंग रोड की हालत जर्जर है।

इसकी मरम्मत करने के लिए जीएमडीए ने साल 2018 में टेंडर जारी किया था। यह टेंडर शिव प्रो बिल्ड कंपनी को जारी हुआ था। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने कार्य शुरू करने के साथ ही यह कहकर बंद कर दिया कि उन्हें इस कार्य को करने से घाटा होगा। ना तो इस रोड के कार्य को शिव प्रो बिल्ड की तरफ से शुरू किया जा रहा है और ना ही जीएमडीए द्वारा किसी दूसरे ठेकेदार को यह कार्य दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कई सरपंचों ने दी पूर्व मंत्री राव नरबीर को जन्मदिन की बधाई



गुरुग्राम में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह को जन्मदिन की बधाई देते सरपंच।

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह के जन्मदिवस पर शनिवार को कई सरपंचों ने सरपंच एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव के साथ बधाई दी। सुंदर लाल यादव अपने सरपंच साथियों विजयपाल सरपंच नाहरपुर, प्रदीप सरपंच नौरंगपुर, हरजस यादव सरपंच रामपुरा, दयाराम चेयरमैन, प्रदीप जेलदार राजपुरा पाटोदी, रामअवतार यादव धनकोट, संजय यादव, प्रदीप यादव, पवन यादव के साथ पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह को जन्मदिवस की बधाई देने पहुंचे। उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की। सुंदर लाल ने कहा कि बतौर मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम समेत पूरे प्रदेश में बेहतर काम किए। महत्वपूर्ण विभाग पीडब्ल्यूडी के वे मंत्री थे। इसलिए सड़कों, फ्लाईओवर पर उन्होंने अनेक काम किए। गुरुग्राम में पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यालय की आलीशान इमारत उनके काम का प्रमाण है।

### फसल उत्पादन व प्रबंधन को ऋण में तीन फीसद मिलेगी छूट

**गुरुग्राम।** खेती से जुड़े लोगों को फसल उत्पादन के बाद विभिन्न कार्य करने के लिए सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि अवसंरचना कोष नामक योजना की शुरुआत की गई है। योजना के तहत फसल उत्पादन के बाद उसे प्रबंधन आदि के लिए लोन प्रदान किया जाता है। डीसी निशांत कुमार यादव के अनुसार इस योजना के माध्यम से फसल उत्पादन के बाद परेशानी झेलने वाले किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और वे लोन लेकर अपनी फसल का बेहतर तरी के से प्रबंधन कर पाएंगे। योजना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि योजना के तहत फसल के उपरांत कृषि उत्पादन के उचित प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, सामुदायिक कृषि सम्पत्तियों के विकास एवं फार्म गेट की अवसंरचना के निर्माण के लिए किसानों को ब्याज पर छूट के साथ लोन देने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत किसानों को दो करोड़ रुपये तक के बैंक लोन देने का प्रावधान है, जिन पर ब्याज दर में तीन प्रतिशत की छूट है। लोन स्वीकृत होने पर अधिकतम 7 वर्षों तक ब्याज में यह छूट रहेगी तथा दो वर्ष की लोन वापसी स्थगन की अवधि होगी। उन्होंने बताया कि दो करोड़ रुपये तक के बैंक लोन पर फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल इंटरप्राइजेज द्वारा क्रेडिट की गारंटी होगी। यह गारंटी शुल्क उद्यमी द्वारा नहीं, बल्कि भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। भारत सरकार ने इसके लिए राज्य को समुचित आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है।

### गेंहू की खड़ी फसल में बिजली शार्ट सर्किट से लगी आग



सोहना के गांव मौहम्मदपुर गुर्जर में गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग को काबू करता एक दमकल कर्मी।

**सोहना।** सोहना के गांव मौहम्मदपुर गुर्जर में गेहूं की खड़ी फसल में बिजली का शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग से आधा एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी से आग को काबू कर लिया। शनिवार की दोपहर बाद नगर परिषद के वार्ड एक के गांव मौहम्मदपुर गूर्जर निवासी कर्मबीर के खेत में गेहूं की फसल में कटाई चल रही है। फसल काटने वाले दोपहर के समय में आराम कर रहे थे। खेत के ऊपर से बिजली लाइन जा रही है। बिजली के तार तेज हवा के झौके से आपस में भीड़ गए। जिससे उठी चिंगारी गेहूं की फसल पर गिर गई। चिंगारियों की आग को हवा से सूखी फसल में तेजी से धधक उठी। मौके पर मौजूद किसान के परिजनों ने तुरन्त सोहना पुलिस और अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी से आग को 20 से 25 मिनट में काबू कर लिया। जिससे किसान कर्मबीर को आधा एकड़ गेंहू की फसल का नुकसान हो गया। दमकल कर्मियों ने आग को साथ लगते अन्य खेतों की फसल को भी सुरक्षित बचाने में सफलता प्राप्त की।

### अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने एक आरोपी को देसी कट्टे के साथ जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी साकिर नहूं जिले के पुन्हाना गांव का रहने वाला है। आरोपी ड्राइवरी का काम करता है। आरोपी चोरी के लिए फरीदाबाद में सुबह आता है और शाम को चला जाता है। आरोपी अभी भी फरीदाबाद में मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए आया था।

## अहीर रेजिमेंट की मांग को 58वें दिन जारी रहा धरना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अहीर रेजिमेंट की मांग पर धरने पर मौजूद लोग।

**सेना** में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर शनिवार को धरना 58वें दिन भी जारी रहा। धरने पर कई मौजिज लोगों ने शिरकत की। सभी ने अहीर रेजिमेंट की मांग को जायज ठहराते हुए सरकार से जल्द इस पर निर्णय लेने की मांग की।

धरने पर पहुंचे अरुण यादव खेड़कीदौला, मनोज यादव कांकरोला, कंवर लाल नखड़ौला, सतीश सरपंच डाबोदा, गजराज पूर्व सरपंच मानेसर, विजय महेंद्रगढ़, उमेश यादव बेरली, वेदप्रकाश बादशाहपुर, सुंदर लाल सरपंच सिकंदरपुर, हरजस सरपंच रामपुरा, धर्मपाल नाहरपुर, कैलाश मानेसर, हरी थानेदार शिकोहपुर, राकेश भांगरौला, सुरेंद्र मोहम्मदपुर, बीर सिंह नवादा, लाला सिकंदरपुर, शहजाद मेंबर शिकोहपुर, बलवान फौजी, देवेंद्र शिकोहपुर, शशि यादव सेक्टर मानेसर ने कहा कि अहीर रेजिमेंट सिर्फ मांग नहीं है, यह यादव समाज का हक है। जिस कौम ने देश के लिए आज तक अपना बलिदान दिया है, उसको रेजिमेंट बनाकर सम्मान दिया जाना चाहिए। जनभावनाओं को ध्यान में रखकर सरकार को बिना देरी किए अब इस मांग को पूरा कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश पर मर-मिटने का जज्बा अहीर युवाओं में बचपन से भी भरा जाता है। युवाओं की पहली पसंद सेना होती है। इसका कारण यह है कि लगभग हर घर से कोई न कोई व्यक्ति सेना में है या रह चुका है। इसलिए अपनों को ही प्रेरणा स्रोत मानकर यहां के युवा आगे बढ़ते हैं।

अहीर रेजिमेंट संघर्ष मोर्चा की ओर से जानकारी दी गई कि रेजिमेंट की मांग पर धरने में समर्थन देने के लिए अब तक अनेक सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष के नेता आ चुके हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि दोनों ही तरफ के नेताओं ने एक मांग का समर्थन किया हो। सरकार इस पर जल्दी निर्णय करे। मोर्चा ने साफ किया कि जब तक मांग को पूरा नहीं किया जाता, यह धरना, आंदोलन चलता रहेगा। इसे अन्य राज्यों में शुरू करने की पूरी तैयार हो चुकी है और कई जगह पर धरने शुरू हो गए हैं।

## अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर टीम ने एक अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी विजय सिंह स्थाई रूप से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहने वाला है तथा अस्थाई रूप से फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में रहता है। आरोपी ड्राइवरी का काम करता है। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को नाकाबंदी कर फरीदाबाद के एनआईटी के 1-2 चौक से अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने की धाराओं में थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अभी कुछ दिन पहले गाड़ी लेकर अलीगढ़ गया हुआ था वहां एक सवारी से उसने यह देसी कट्टा 5000 रुपये में अपने शौक और हवाबाजी के लिए खरीदा था। मामले की पूर्ण पूछताछ होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## चंडीगढ़ के पंजाब में शिफ्टिंग का मान का सपना कभी नहीं होगा पूरा: गोयल

**पंजाब विधानसभा में पास किए गए प्रस्ताव का हो रहा है विरोध**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नवीन गोयल।

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा चंडीगढ़ को पंजाब स्थानांतरित करने के लिए पंजाब विधानसभा में पास किए गए प्रस्ताव से भाजपा ने इसकी कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसे बेमानी बताया है। मुख्यमंत्री के साथ ही भाजपा के अन्य नेताओं ने भी भगवंत मान को घेरा है। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा है कि कभी भी इस तरह के विवादित फैसले नहीं हो सकते। चंडीगढ़ में शुरू से ही दोनों राज्यों का प्रतिनिधित्व है।

नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान जिस तरह से कार्य कर रहे हैं, वह उनकी गंभीरता को कम अव्यवहारिक ज्यादा दर्शाता है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पर हरियाणा और पंजाब का बराबर का हक है। एक तरफ तो हरियाणा में राजनीति करके आम आदमी पार्टी सत्ता में आने का सपना देख रही है, दूसरी तरफ हरियाणा विरोधी फैसले किए जा रहे हैं। इससे साफ पता चलता है वे अपनी राजनीति के लिए झूठी बातों का सहारा लेते हैं। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने पराली पर पंजाब में हरियाणा के विरोध में बयान देकर अपनी हरियाणा विरोधी सोच को दर्शाया था। अब पंजाब में आप की सरकार ने हरियाणा के विरोध में जो प्रस्ताव पास किया है, उसे भारतीय जनता पार्टी सिरे से नकारती है। चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश है। शुरू से ही वहां पर हरियाणा-पंजाब की सरकारों ने काम किया है। यहां तक कि दोनों राज्यों का हाईकोर्ट भी एक ही है। ऐसे में इस तरह के प्रस्ताव पास करने का कोई औचित्य नहीं है। नवीन गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पंजाब में सरकार को चाहिए कि हरियाणा का हक एसवाईएल के पानी पर अपना रुख साफ करे। हरियाणा को इसके हिस्से का पानी दे। हरियाणा के हक में कोई बात नहीं करने से यह भी साफ हो जाता है कि आप पार्टी सिर्फ अपने फायदे के लिए राजनीति कर रही है। उन्हें इस तरह की राजनीति से बचना चाहिए। भगवंत मान ने राजधानी को लेकर प्रस्ताव पास करके पंजाब की जनता की वाहवाही लूटने का काम किया है। हकीकत वे खुद भी जानते हैं कि ऐसा संभव नहीं है। यह एकतरफा काम नहीं हो सकता। चंडीगढ़ पर हरियाणा का भी उतना ही हक है, जितना कि पंजाब का है।

## एलीवेटेड टोल पर दूसरे दिन भी वाहन चालकों के साथ हुई नोंक-झोक

**निजी बस संचालक और स्थानीय ग्रामीण कर रहे हैं टोल वसूली का विरोध**

**सोहना।** भोंडसी एलीवेटेड मार्ग के टोल पर दूसरे दिन भी वाहन चालकों के साथ नोंक-झोक हुई। निजी बस संचालक से लेकर स्थानीय गांवों के नागरिक टोल वसूली का विरोध कर रहे हैं। टोल पास के लिए कागजात जमा कराने के 24 घंटा बाद भी पास नहीं मिल रहे है।

गुरुग्राम-सोहना मार्ग के एलीवेटेड मार्ग पर भोंडसी में बना टोल एक बार फिर दूसरे दिन भी वाहन चालकों के साथ टोल को लेकर वाद-विवाद हुआ। दूसरे दिन भी नेटवर्क की स्पीड धीमी होने के कारण फास्टटैग होने पर भी वाहन चालकों को रुकना पड़ रहा था। गुरुग्राम-सोहना के बीच चलने वाली सोसायटी की बस चालकों ने दूसरे दिन भी टोल देने से इंकार कर दिया। बिना टोल दिए चालक बसों को निकालते रहे। जिसको लेकर कई बार टोल पर लगे बाउंसर और कर्मचारियों के साथ वाहन चालकों में तू-तड़ाक होती नजर आई।

**24 घंटा बाद भी नहीं मिले पास** : जानकारी के अनुसार टोल के आस पास गांवों में रहने वाले ग्रामीणों ने मासिक पास बनवाने के लिए शुक्रवार को ही नियमानुसार कागजात जमा करा दिए गए, लेकिन 24 घंटा बीत जाने पर भी उन्हे पास उपलब्ध नहीं हुए। टोल पास के बिना निजी वाहन मालिकों को परेशानियां हो रही है।

> **टोल** पर कार्य को नियमित तरीके से चलाने में दो से तीन दिन का समय लग रहा है। सोमवार के बाद वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।
>
> **संजय बैसला**
> **( टोल एजेंसी अधिकारी )**

## भोंडसी एलीवेटेड टोल पर आरपार की लड़ाई के लिए होगी महापंचायत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



शनिवार को एलीवेटेड माग्र पर टोल के विरोध में सोहना अनाज मडी में हुई पंचायत में हाथ उठाकर समर्थन करते हुए।

**गुरुग्राम-सोहना** के बीच बना एलीवेटेड मार्ग पर टोल माफी की मांग को लेकर 25 गांवों ग्रामीणों ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। हजारों की संख्या में बुधवार को एलीवेटेड मार्ग पर भोंडसी टोल पर महापंचायत होगी। बुधवार को सोहना का बाजार बंद रखने की घोषणा।


शनिवार को शहर की अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में एलीवेटेड मार्ग पर स्थानीय ग्रामीणों का टोल माफ न किए जाने के विरोध में पंचायत हुई। जिसकी अध्यक्षता रिठौज निवासी पूर्व एसपी महाराज सिंह ने की। इस पंचायत में स्थानीय शहर से सतबीर पहलवान, हरिश नन्दा, बलबीर रावत, रतनसिंह बागड़ी, सोहना के पूर्व विधायक तेजपाल तवंर, जावेद अहमद सहित अलीपुर, घामडौज, भोंडसी, गढ़ीबाजीदपुर, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, दौला, सिरसका, लोहटकी, खोईका, मौहम्मदपुर गूर्जर, हरियाहेड़ा, रायसीना, बादशाहपुर, नया गांव, रिठौज, सहजावास आदि गांवों से आए गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पंचायत सुबह 11 बजे शुरू होकर करीब डेढ़ घंटा चली।

**पंचायत में उठाईं मुख्य मांगें** : टोल से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के ग्रामीणों का आना जाना फ्री हो। एलीवेटेड के साथ बना सर्विस मार्ग पर चलने वाले वाहनों को टोल फी किया जाए। टोल पर स्थानीय गांवों को जाने वाले ग्रामीणों को अलग से बिना रुकने वाली लाइन दी जाए।

**बुधवार को रहेगा बाजार बंद** : एलीवेटेड मार्ग के साथ लगते गांव ही नहीं मात्र 9 किलोमीटर दूर सोहना शहरवासियों को भी टोल पर छूट दी जाए। पंचायत में मौजूद व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव ने कहा बुधवार को छोटे से दुकानदार पहुंचेगा।

**तीन दिन बाद होगी आर-पार की लड़ाई** : पंचायत में करीब डेढ़ घंटा तक वक्ताओं के सुझाव सुनने के बाद अध्यक्षता कर रहे महाराज सिंह ने सर्व सम्मति से लिया फैसला को सुनाया। उन्होंने बताया कि बुधवार को हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी टोल पर पहुंचकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

# विभिन्न देशों की कला और संस्कृति का मिलन करा रहा मेला


हरियाणवीं लहरा पर ठुमके लगाते विदेशी कलाकार।

**फरीदाबाद।** सूचना एवं क्रांति के इस युग में विश्व एक ग्लोबल विलेज बन चुका है। ऐसे में विश्व के सभी देशों में कला एवं संस्कृति का भी आदान प्रदान हो रहा है। नागरिक अक्सर दूसरे देशों के कुछ आइटम अपने घर के ड्राइंग रूम की शोभा बढ़ाने के लिए प्रयोग करते हैं।

ऐसे नागरिकों के लिए सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला एक बड़ा अवसर लेकर आया है। फरीदाबाद की अरावली में लगे इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में घरेलू आईटम से लेकर फैशन की दुनिया के बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध हैं। इस मेले में विश्व के 30 देशों के कलाकार अपनी कला एवं संस्कृति को दिखाने यहां पहुंचे हैं।

# कैसी स्वच्छता : एमसीएफ के बाहर ही लगा गंदगी का ढेर

## गंदगी छोड़, निगम कर्मी रेहड़ी चालकों को देते नजर आ रहे हैं बढ़ावा

**कविता। फरीदाबाद**

**शहर** में जहां एक तरफ स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम मुख्यालय के बाहर 'हम सबने यह ठाना है, फरीदाबाद को स्वच्छ बनाना है।' स्वच्छ भारत का लोगों और नारा लिखा हुआ है। इसके ठीक सामने कचरे का ढेर लगा हुआ है। ऐसे में स्वच्छता का संदेश देने वाला निगम लोगों को कैसे जागरूक कर रहा है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता था। ऐसा नहीं है कि निगम कर्मी यहां मौजूद नहीं थे। लेकिन उनका ध्यान अपनी स्वार्थ सिद्धि में लगा था।



निगम मुख्यालय के बाहर स्वच्छ भारत के नारे के सामने ही लगा कचरे का ढेर।

**गंदगी जाए भाड़ में :** नगर निगम के बाहर शनिवार को सुबह 10 बजे के आसपास पायनियर संवाददाता ने देखा कि कचरे का ढेर वहां दीवारों पर लिखे गए स्वच्छ भारत अभियान के संदेश के ठीक सामने लगा हुआ था।

वहीं नगर निगम के सामने मौजूद बीके अस्पताल की दीवार के बाहर भी ऐसा ही कचरे का ढेर लगे हुए देखे गए। वहीं आगे चौक पर आने पर देखा कि निगम के कुछ कर्मचारी तो मौके पर थे, लेकिन वह अपनी निजी स्वार्थ की पूर्ति करने में लगे हुए थे, उन्हें साफ सफाई से कोई मतलब ही नहीं था।

**रेहड़ी चालकों को बढ़ावा :** नगर निगम के कर्मचारी शनिवार को बीके चौक पर रेहड़ी पटरी वालों की रेहड़ियों को सड़क किनारे से हटाकर अपना रौब दिखाते हुए शौचालय के निकट लगवाते नजर आए। वहां लगी करीब दस रेहड़ी चालकों पर वह अपनी धौंस जमाते नजर आए। ऐसे में देखने को मिला कि नगर निगम कर्मी ही उक्त रेहड़ी चालकों को बढ़ावा दे रहे हैं।

**चौक पर कब्जा :** नगर निगम कमिश्नर जहां एक तरफ शहर को कब्जा मुक्त करवाने के लिए, निगम कर्मचारियों को आदेश दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बीके चौक के निकट रेहड़ी, पटरी समेत फोटोकॉपी वालो का कब्जा होना शुरू हो गया है। यहां शनिवार को करीब एक दर्जन रेहड़ी चालकों के अलावा एक फोटोकॉपी, वीटा बूथ और ऑटो के संग प्राइवेट वैनों का कब्जा नजर आया। निजी ऑटो व वैन चालक मनमाने तरीके से पैसे मांगकर सवारियों को तंग करते हुए नजर आए। जिस कारण यहां से पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है। ऐसे में बीके अस्पताल से मरीजों को लेकर जाने वाली एम्बुलेंस किस तरह से निकलती होगी, यह सोचने का विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रैंड कोलंबस स्कूल में मनाया अभिविन्यास दिवस



कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके करते मुख्यातिथि।

**फरीदाबाद।** ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में अभिविन्यास दिवस बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में अभिविन्यास दिवस हेतु कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय में प्रवेश सभी नए छात्रों तथा उनके अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया गया। उनके स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन का हमें लम्बे समय से इंतजार था। इस समय सभी छात्रों को विद्यालय में आने की तीव्र उत्सुकता है, छात्रों की रूचि को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन रखा गया है तथा शिक्षण कला को अधिक रूचिकर बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि विद्यालय छात्रों के आकर्षण का केन्द्र बना रहे। उन्होंने अभिभवकों को नई शिक्षा नीति के प्रति भी जागरूक किया और विद्यालय की उपलब्धियों और विशेष कार्यक्रमों को भी सामने रखा। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक गण से छात्रों एवं अभिभावकों का परिचय कराया गया।

### हिंदू नव वर्ष पर घरों पर लगाए गए भगवा ध्वज

**फरीदाबाद।** हिंदू नव वर्ष शनिवार को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के लोगों ने इस पर्व को मिठाई बांटकर मनाया। गांव कावरा कला के नजारा बदला हुआ था। ग्रामीणों ने अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाकर एक दूसरे को बधाई दी और लोगों ने एक-दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर खुशी जाहिर की। गांव कावरा कला के सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस के पर्यावरण विभाग के संयोजक गोपाल दत्त शर्मा ने सबसे पहले हिंदू नव वर्ष के साथ चैत्र नवरात्र की बधाई दी। कहा कि हिंदू नव वर्ष चैत्र मास से शुरू होता है, इसी के आधार पर भारत के सभी पर्व त्योहार आधारित हैं। भारतीय संस्कृति, सभ्यता व हिंदू नववर्ष की जानकारी हमारी युवा पीढ़ी के साथ सभी को होनी चाहिए। खेड़ी खंड के खंड कार्यवाह रणवीर और जिला प्रचार प्रमुख बलवंत सिंह ने कहा कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। इस दिन को पूरे भारत में व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। इसके साथ ही इसी दिन हिंदू पंचांग भी अस्तित्व में आया। इस मौके पर कार्यकर्ता सुनील कावरा, रविंद्र, नंदकिशोर, नरेश कुमार, नरेंद्र, अमित, रवि प्रसाद, कपिल और मनोज समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टीकाकरण शिविर का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** समाज में अभी भी कोविड महामारी की आशंका को देखते हुए और आगे निवारण एवं विस्तार को नियंत्रण करने के शुभ उद्देश्य से फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर 16 ने एक बार फिर से पहले की तरह अपने मंदिर प्रांगण में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया था। फरीदाबाद कालीबाड़ी ने समाज को शत प्रतिशत कोविड मुक्तिकरण के प्रयास में हमेशा से अपना योगदान दिया है। शनिवार सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण शिविर प्रशिक्षित चिकित्सकों के तत्वावधान में जारी रही। शिविर में 12 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के सभी बच्चों और योग्य समुदाय के लिए कॉर्बीवैक, कोवीसील्ड, कोवाक्सिन की व्यवस्था एवं 60 प्लस के योग्य समुदाय के लिए बूस्टर डोस की भी सुव्यवस्था की गयी थी। मंदिर के महा सचिव स्वपन कुमार बोस ने बताया की लगभग 184 जनों को दोपहर दो बजे तक टीका लग चुकी थी। मंदिर द्वारा आयोजित इस टीकाकरण शिविर के संचालन में कालीबाड़ी मंदिर के महिला सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। फरीदाबाद कालीबाड़ी ने भविष्य में भी इस तरह के मुहीम को जारी रखने का प्रण किया है।

### जिलास्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ




**फरीदाबाद।** नगर निगम खेल परिसर, एनआईटी, फरीदाबाद में जिला किक बॉक्सिंग संघ के तत्वाधान में दो दिवसीय '21वीं जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता' प्रारम्भ हुई। फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया को इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। सुबह 10 बजे उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज कुमार सेतिया, उप मंडल अधिकारी बड़खल, समारोह की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष आनंद मेहता एवं रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कृति के प्रधान लव विज एवम कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, संतोष हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ संदीप मल्होत्रा, वाको इण्डिया किक बॉक्सिंग महासंघ के मेडिकल समिति के चेयरमैन डॉ शताय अग्रवाल एवं हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ से शरद भसीन उपस्थित थे। उद्घाटन अवसर पर विगत दिनों सिलीगुड़ी में संपन्न राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में फरीदाबाद के विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन भी किया।

### जेसी बोस में भारतीय नव वर्ष पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में भारतीय नव वर्ष विक्रमी संवत् नव संवत्सर के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद महाराज की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के उत्तर क्षेत्र प्रमुख श्रीकृष्ण सिंघल, जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी ज्ञाननंद महाराज ने कहा कि हिंदू संस्कृति का नव वर्ष चैत्र पक्ष शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाया जाता है। इस दिन विक्रमी संवत का शुभारंभ होता है। चैत्र मास के नवरात्र आरंभ होते हैं। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की पूजा होती है। इस प्रकार, यह दिन हर प्रकार से सबका शुभ दिन होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को, युवा पीढ़ी को अपना पारम्परिक त्योहार के प्रति जागरूक रखना चाहिए। बच्चों को अपने भारतीय संस्कृति एवं भारतीय गणना का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर, रमेश कुमार गुप्ता तथा श्रीकृष्ण सिंघल ने भी संबोधित किया। मंच संचालन दीपक ठुकराल एवं प्रो.अरविन्द गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

### बाइक समेत एक वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने सेक्टर -29 के एरिया से एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सचिन स्वाई मूल से राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव जगीना का रहने वाला है। आरोपी अस्थाई रूप से फरीदाबाद के खेड़ी पुल के पास पदम नगर में रहता है। आरोपी ने सिटी बल्लभगढ़ में स्थित नाहरसिंह महल की पार्किंग से एक मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को पांच फरवरी को अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना सिटी बल्लभगढ़ में दर्ज है।

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत संसार में पहला देश : आरके सिंह

## प्रशिक्षण के लिए जॉब रोल- दो के अंतर्गत एएमआई सिस्टम डिजाइन और कार्यक्रम प्रबंधन पर पुस्तिका का किया विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**विद्युत** तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने एनपीटीआई के स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान (एनपीटीआई) फरीदाबाद में 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट सिम्युलेटर एवं एक बहु-कार्यात्मक सिम्युलेटर राष्ट्र को समर्पित किए।

एनपीटीआई के स्थापना दिवस एक अप्रैल 2022 के अवसर पर एनपीटीआई कॉरपोरेट कार्यालय फरीदाबाद में विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने


एनपीटीआई के स्थापना दिवस पर सोलर पावर प्लांट का अवलोन करते मुख्य अतिथि विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह और केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर विद्युत एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

विद्युत सचिव आलोक कुमार, अपर सचिव (टीएण्डआर) एसकेजी रहाटे, अपर-सचिव विद्युत मंत्रालय वीके देवांगन, महानिदेशक एनपीटीआई डा. तृप्ता ठाकुर, सीएमडी एनएचपीसी अभय कुमार सिंह, सीएमडी एनटीपीसी गुरदीप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आर. के. सिंह द्वारा एक वरिष्ठ कार्यपालक हॉस्टल का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्युत क्षेत्र के अनेक विशिष्ट अतिथि भी इस समारोह में शामिल हुए।

भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि वर्ष 2015 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया था कि देश के हर गांव और हर मजरे को बिजली के साथ जोड़ा जाएगा। आज देश के शहरों, गांवों और मजरों में 22 से 23 घंटे बिजली केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सोलर पावर प्लांट के न्यू रिटर्निंग सिस्टम में भारत विकसित देशों से भी बेहतर बिजली उत्पादन कर रहा है। आज भारत की संसार में सोलर बिजली उत्पादन में कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा कि जितनी दिल एक लाख 12 हजार मेगावाट बिजली पैदा करके हमने भारत ने विश्व में मिसाल कायम की है। विकसित देश भी एक साथ इतना बिजली उत्पादन नहीं कर पाए। एनर्जी ट्रांसमिशन में हमने बेमिसाल तरक्की की है। आने वाले समय में संपन्न देशों में भी भारत बिजली सप्लाई करेगा।

केंद्रीय विद्युत एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि एनपीटीआई हाईटेक बिजली संयंत्रों में सिमुलेटर, मॉडल स्पॉटेड मल्टीपरपज, सुपर क्रिटिकल और आधुनिक प्रयोगशालाओं में तथा मल्टीफंक्शन सब हाइड्रो व अन्य ऑपरेशन शामिल है। एनपीटीआई ने 360000 युवाओं को पावर ट्रेनिंग देकर एक मिसाल कायम की है। यह ट्रेनिंग सेंटर एक दुनिया में अलग ट्रेनिंग सेंटर है।

# हरियाणा ने देश ही नहीं दुनिया को दिया मौका : अजय भट्ट


सूरजकुंड मेले में सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**केंद्रीय** पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि सूरजकुंड मेले के माध्यम से पर्यटन विभाग का देखो अपना देश का नारा चरितार्थ हो रहा है। यहां हम अपने देश को भी देख रहे हैं और दूसरे देशों की संस्कृति, सभ्यता व कला को देखने का भी मौका मिल रहा है। ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही भजन-कीर्तन जैसी एक सांस्कृतिक नाइट का भी आयोजन कराएगा।

इसमें सभी संस्कृति व धर्म के लोगों को मौका दिया जाएगा। केंद्रीय पर्यटन मंत्री सूरजकुंड अंतराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में बड़ी चौपाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम रिदम आफ इंडिया माटी बानी के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

## देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देखो अपना देश कार्यक्रम चला रहा पर्यटन विभाग

केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन ही एक ऐसा क्षेत्र है जो विभिन्न संस्कृति को जोड़ता है। हमारी बोली व भाषा भले ही अलग हो लेकिन हम सबका लक्ष्य एक है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग की ओर से देखो अपना देश कार्यक्रम चलाया है ताकि हमारी युवा पीढ़ी हमारे देश को सही तरीके से जान सके। देश में बहुत से ऐतिहासिक स्थल मौजूद हैं जिनका विशेष सांस्कृतिक महत्व है।

# डीपीएस, ग्रेटर फरीदाबाद में विद्यार्थियों को लगाई वैक्सीन

## 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए दो दिवसीय वैक्सीनेशन कैंप का किया आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**डीपीएस,** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-81 में सातवीं से नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को कोरोना से सुरक्षा कवच देने के लिए कॉर्बेवैक्स कोरोना वैक्सीन निशुल्क लगाई गई। स्कूल में 339 विद्यार्थियों को टीकाकरण किया गया।

इस मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा कोरोना प्रोटोकोल का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग सुनिश्चित किया गया। बच्चों को वैक्सीनेशन के बाद आधा घंटा आब्जर्वेशन में रखा गया। 15 से 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों को कोरोना वैक्सीन लगाने के लक्ष्य को पूरा करने


डीपीएस सेक्टर-81 में कोरोना वैक्सीन लगवाते बच्चे।

के बाद सरकार द्वारा 12 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कोरोना की वैक्सीन लगाने का अभियान शुरु किया गया है। इसी कड़ी में स्कूल के प्रो-वाइस चेयरमैन रोहित जैनेंद्र जैन के नेतृत्व में योग्य डॉक्टरों ने 12 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के छात्रों का टीकाकरण किया। उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन के सहयोग से वैक्सीनेशन का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। बच्चों का वैक्सीनेशन को लेकर जहां रजिस्ट्रेशन किया गया वहीं सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क के नियम का पालन करते हुए अभिभावक बच्चों को वैक्सीन लगवाने के लिए लेकर आए।

# ईमेल के जरिये ठग बना रहे शिकार

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पुलिस** प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा एनआईसी डोमेन का उपयोग करने वाले सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाया जा रहा है। इसके लिए वह फिशिंग ईमेल का उपयोग कर रहे हैं। यह संज्ञान में आया है कि साइबर अपराधी एक फर्जी ईमेल भेज रहे हैं जिसका सब्जेक्ट होता है important notice to your account जोकि असली ईमेल से बिल्कुल मिलता जुलता है।

इस ईमेल के अंदर एनआईसी सर्विस डेस्क पर जाने वाले लिंक के जैसा प्रतीत होने वाला एक फर्जी लिंक nic-in-b~cwb.firebaseapp.com दिया होता है और इसी के कारण कई कर्मचारी इसे असली समझकर उस लिंक पर क्लिक कर देते हैं। जिसकी वजह से उनका यूजर नेम, पासवर्ड और अकाउंट संबंधित कई जानकारियां साइबर अपराधियों तक पहुंच जाती है जिसके पश्चात वह इसका गलत इस्तेमाल करते हैं। सरकार की तरफ से इन प्रकार के साइबर अपराधों से बचने के लिए कुछ दिशा निर्देश जारी किए गए हैं जो ये हैं। सभी कर्मचारियों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के संदेहजनक ई-मेल को नहीं ओपन करें और ना ही उसका रिप्लाई करें। ई-मेल के साथ भेजी गई अटैचमेंट को खोलने से पहले स्कैन अवश्य करें। ई-मेल में आए डॉक्यूमेंट को खोलते समय माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के किसी भी प्रोडक्ट यानी एमएस वर्ड, एक्सेल, एक्सेस, पावर प्वॉइंट इत्यादि में मैक्रोस को इनेबल ना करें। अपनी ईमेल अकाउंट को किसी भी अनऑथराइज्ड एक्सेस के लिए बार-बार चेक करते रहें। यदि आपको लगता है की आपको कोई संदेशजनक ई-मेल प्राप्त हो चुका है तो दूसरे कंप्यूटर में जाकर अपना आईडी और पासवर्ड तुरंत बदल ले। इस प्रकार का ईमेल प्राप्त होने पर इसे pratirodhak@gov.in पर भेज दें ताकि इसका विश्लेषण किया जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने सभी कर्मचारियों को हिदायत दी है कि ऊपर दी गई सावधानियों का उपयोग अवश्य करें ताकि किसी भी प्रकार की जानकारी साइबर अपराधियों तक न पहुंच सके। वह इसका गलत इस्तेमाल करके देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।


## ई-मेल का उपयोग करते समय बरतें आवश्यक सावधानियां

# मंदिरों में पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**नवरात्रों** में मां की आराधना करने वाले भक्तों को कुछ न कुछ जरूर मिलता है। मां अपने भक्तों को नौ दिनों में वह सबकुछ दे देती है। जिसकी भक्तों को चाह होती है। नवरात्र के प्रथम दिन औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के महारानी वैष्णो देवी मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, श्रीराम मंदिर जवाहर कालोनी स्थित विभिन्न मंदिरों में मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई।

चैत्र नवरात्रों के पावन अवसर पर सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर एनएच एक में नवरात्र मेला कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फाइव एस इंटरनेशनल के राजेश कुमार एवं राकेश दीवान ने शिरकत की। जबकि श्रीरामा रोडवेज के आरके बत्रा की गरिमामयी उपस्थिति इस रही। कार्यक्रम की शुरूआत मां शैलपुत्री की पूजा एवं ज्योति प्रचंड के साथ की गई। इसके बाद नवरात्र कथा सुनाई गई और तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।


सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर एनएच-एक में नवज्योतो को प्रजवलित करते नवजोड़े।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर सिद्धपीठ हनुमान मंदिर के प्रधान पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजेश कुमार एवं राकेश दीवान ने ज्योति प्रचंड की। उन्होंने माता रानी का गुणगान करते हुए कहा कि आज से हिन्दू नववर्ष विक्रमी संवत 2079 एवं नवरात्रों की शुरूआत है। पूर्व महापौर एवं मंदिर के प्रधान अशोक अरोड़ा ने बताया कि नवरात्रों में पूरे 9 दिन मंदिर परिसर में प्रातः 8 से 9 बजे तक नवरात्रि कथा का वाचन होगा तथा शाम को 6 से 9 बजे तक माता रानी की चौकी और उसके पश्चात प्रसाद वितरित किया जाएगा। **वैष्णोदेवी मंदिर में भव्य पूजा:** शहर के ऐतिहासिक और प्राचीन महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में पहले दिन मां शैलपुत्री की भव्य पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना आरंभ हो गया। भक्त ने मंदिर में पहुंचकर मां शैलपुत्री की भव्य पूजा अर्चना में हिस्सा लिया और मां से अपने मन की मुराद मांगी। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने मां शैलपुत्री की भव्य पूजा अर्चना का शुभारंभ करवाया। **ज्वाला मां की ज्योति :** एनएच-पांच रेलवे रोड स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान महंत ललित गिरी गोस्वामी पंच दशनाम जूना अखाड़ा हिमाचल प्रदेश से ज्वाला मां को ज्योत के रूप में लेकर आए, उनके साथ उनके गुरुदेव महंत अर्जुन गिरी महाराज पंच दशनाम जुना अखाड़ा, रवि हीरा, रितेश गोसाई भी गये थे।

## आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**एनएच-पांच** स्थित सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराज जी ने बताया कि नवरात्रों के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मचारिणी माता रुद्राक्ष की माला व पुष्प धारण करके ब्रह्मचार्य का पालन करती है। वह अपने भक्तों को बुद्धि इत्यादि का आशीर्वाद देती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए दूध से अभिषेक करने के अलावा मां को फलों का भोग लगाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और श्रेष्ठ संस्कारों की उत्पत्ति होती है। आज ब्रह्मचारिणी मां को अनार की बली चढ़ाएं।

# राणा ने भाटी के नेतृत्व में थामा जजपा का दामन


आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ कर जजपा ज्वाइन करती नीरज राणा।

**फरीदाबाद।** जजपा प्रार्टी इन दिनों हरियाणा में सदस्यता अभियान की कड़ी में निरंतर नए सदस्यों को जोड़कर पार्टी का ग्राफ बढ़ाने में लगी हुई है। वहीं कई विधानसभाओं में पार्टी के सीनियर कार्यकर्ता नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का काम के साथ साथ अन्य पार्टी के सदस्यों को जजपा में लाकर जजपा के चैन की कड़ी को और लंबा और मजबूत करने का काम कर रहे है। तिगांव विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी और जजपा पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी ने शुक्रवार को कांग्रेस की पूर्व

जिला अध्यक्ष नीरज राणा को पार्टी में ज्वाइन कर जजपा की महिला शक्ति को और मजबूत करने का काम किया। वहीं दूसरी और आम आदमी पार्टी की महिला नेता मंजु बाला राघव को भी जजपा में शामिल कर पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी व रेखा चौहान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा ने पार्टी का पटका व झंडा देकर जजपा पार्टी में शामिल किया साथ में उनको सदस्यता की पर्ची भी दी। इस मौके पर दोनों ही सीनियर महिला नेताओं ने कहा कि जजपा सुप्रीमो डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी की बढ़ती लोकप्रियता और उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और, जनहित में किए गए निर्णय लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सिद्धार्थनगर दौरे के दौरान सांसद जगदम्बिका पाल के साथ

# बदलेगी सिद्धार्थनगर की दशा-दिशा

**● सीएम बोले-यहां स्वास्थ्य, शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है**

**भाषा ।** सिद्धार्थनगर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सिद्धार्थनगर एक आकांक्षात्मक जनपद है। यहां पर स्वास्थ्य, शिक्षा आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास की दौड़ में सिद्धार्थनगर अब पीछे नहीं रहेगा। सरकार इसके लिए धन की कमी आड़े नहीं देगी।

मुख्यमंत्री आज प्रात: यहां पहुंचे। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी समेत अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल में खाली मैदान/कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कोविड-19 हेल्प डेस्क , संचारी रोग, राशन वितरण की दुकान पर लाभाथी से वार्ता की तथा अपने हाथ से राशन भी दिया तथा काला नमक चावल के साथ विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टाल/प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात मंच पर द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद के दूर-दराज से आये किसानों नौजवानों एवं महिलाओं, विधायकगण, भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं व प्रशासनिक अधिकारियों/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से ड्यूटी पर लगाये गये पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों को आभार प्रकट करते हुए भारतीय विक्रम संवत तथा वसन्तीय नवरात्रि की शुभाकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज से पूर्व मुझे कई बार सिद्धार्थनगर आने का अवसर मिला है। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान का शुभारम्भ करने के लिए जनपद सिद्धार्थनगर का चयन किया है क्योकि सिद्धार्थनगर एक आकांक्षात्मक जनपद है। यहां पर स्वास्थ्य, शिक्षा आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सांसद जगदम्बिका पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुन: मुख्यमंत्री बनकर सर्वप्रथम जनपद सिद्धार्थनगर का भ्रमण कर यहां की जनता को आर्शीवाद देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। सांसद ने कहा कि आजादी के बाद से योगी आदित्यनाथ पहले ऐसे मुख्यमंत्री है जो कि जनता के बीच में जाकर उनका हाल-चाल पूछते है। पहले हमारे जनपद में किसी को गम्भीर बीमारी होने पर मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर किया जाता था किन्तु मुख्यमंत्री द्वारा जनपद को मेडिकल कालेज की सौगात देने के बाद अब यही पर इलाज हो रहा है। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने भी मुख्यमंत्री का भगवान गौतम बुद्ध की धरती पर आने के लिए उनका आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेट किया गया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान की प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# मदरसों में अब दी जाएगी राष्ट्रवाद की शिक्षा: धर्मपाल

**संवाददाता ।** बरेली



**उत्तर प्रदेश** सरकार के पशुधन, दुग्ध विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार को दावा किया कि अब मदरसों में आतंकवाद और आतंकवादियों की बात नहीं होगी बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत राष्ट्रवाद की शिक्षा दी जाएगी।

शनिवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मदरसों को हाईटेक किया जाएगा। सिंह ने कहा कि वक्फ और गौशालाओं की जमीनों को माफिया से मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वक्फ की करोड़ों की जमीन पर माफिया का कब्ज़ा है, लेकिन अब सर्वे कराकर बुलडोजर चलेगा और माफिया के कब्जे से मुक्त जमीन अल्पसंख्यक कल्याण के काम आएगी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से चर्चा करने के बाद प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के लिए एक आदेश जारी कराएंगे और जिन-जिन जिलों में गौशालों की जमीन पर भूमाफिया ने कब्जे कर रखे हैं, उन्हें कब्ज़ा मुक्त कराके चारे की बुवाई करवाएंगे ,जिससे चारे की कमी नहीं रहेगीष सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार गायों को संरक्षित करने का काम करेगी और प्रदेश की हर न्यायपंचायत में बड़ी गौशालाओं का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गायों को छुट्टा नहीं रखा जाएगा बल्कि खूंटे से बांधकर रखा जाएगा, गौशालाओं में उन्नत किस्म की दुधारू गायों को भी रखा जाएगा। पशुधन मंत्री ने कहा कि गौशालाओं में उपलब्ध दूध, गोबर और मूत्र से कई दैनिक उपयोग के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आर्थिक रूप से इतना समृद्ध किया जाएगा जिससे उनके प्रबंधन के लिए बाहरी मदद की जरुरत न पड़े। छुट्टा जानवरों से होने वाले नुकसान के सवाल पर धर्मपाल सिंह ने कहा कि सौ प्रतिशत छुट्टा गौ वंश गौशालाओं में होने से किसानों की फसल संरक्षित हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि छुट्टा गौ वंश के लिए किसान भी दोषी हैं क्योंकि जब गाय दूध नहीं देती है तो किसान उसे छुट्टा छोड़ देता है और दूध देने पर फिर से बांध लेता हैष उन्होंने कहा कि गाय में पांच द्रव्य पाए जाते हैं, जो कि दूध, दही ,घी, गोबर और मूत्र है। सिंह ने कहा कि गोबर में लक्ष्मी का और मूत्र में गंगा का वास होता है व गोमूत्र से कीटाणु भी नष्ट होते हैं। आंवला को जिला बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आंवला को जिला बनाने के लिए रिपोर्ट मांग ली है और यहां से नया जिला बनाने की भी रिपोर्ट चली गई है। उल्लेखनीय है कि धर्मपाल सिंह आंवला विधानसभा क्षेत्र से पिछले कई बार से निर्वाचित हो रहे हैं। यह बरेली जिले का तहसील मुख्यालय है।

## गाजियाबाद में नवरात्र के दौरान अब खुले में मांस की बिक्री पर रहेगी रोक

**भाषा ।** गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)

**गाजियाबाद** की महापौर आशा शर्मा ने शनिवार को कहा कि नवरात्रि के दौरान महानगर में खुले में मांस की बिक्री पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। आशा ने पीटीआ-भाषा को बताया, नवरात्रि के दौरान खुले में मांस की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। विक्रेता मांस को ढककर उसे बेच सकेंगे, मगर मंदिरों के पास और उन गलियों में भी मांस की बिक्री पर पूरी तरह रोक रहेगी जहां मंदिर स्थित हैं। हम यहां किसी को लाभ या नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं हैं। ए नियम हर साल लागू होते हैं। गौरतलब है कि चैत्र नवरात्रि शनिवार को शुरू होकर आगामी 10 अप्रैल तक चलेंगे। इस बीच, गाजियाबाद के जिलाधिकारी आर.के. सिंह ने बताया कि सिर्फ लाइसेंसधारक मांस विक्रेता ही साफ-सफाई के सभी नियमों का अनुपालन करते हुए अपनी ढकी हुई दुकानों में मांस बेच सकेंगे। कोई भी विक्रेता जानवरों का अपशिष्ट खुले में नहीं फेंकेगा। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मांस की दुकानों के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित करेंगे।

## जन्मदिन पार्टी में झगड़े को लेकर चली गोली बच्चे की मौत

**बिजनौर।** नगर में जन्मदिन की पार्टी में झगड़े को लेकर चली गोली लगने से 10 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात बिजनौर कोतवाली के मुहल्ला चाहशीरी में इकराम नामक व्यक्ति के बेटे अरमान की जन्मदिन की पार्टी में आकिब, इमरान और वसी नामक लोगों के बीच कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि देखते ही देखते मामले ने तूल पकड़ लिया। इस दौरान गोली चलने से पार्टी में मौजूद 10 वर्षीय जुनैद की मौत हो गई।

## रायबरेली के इण्डेन एलपीजी वितरकों ने की एरिया ऑफिस लखनऊ में ही रखने की मांग

**संवाददाता ।** लखनऊ

**रायबरेली के** इण्डेन एलपीजी के वितरकों ने अपना एरिया ऑफिस लखनऊ में रखे जाने की मांग की है। अभी तक यह एरिया ऑफिस लखनऊ में ही था। इण्डेन प्रबंधन ने रायबरेली के वितरकों का एरिया ऑफिस कानपुर करने का निर्णय लिया है। रायबरेली एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के अध्यक्ष विनोद वाजपेयी ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन इण्डेन के कार्यकारी निदेशक से गत दिवस लखनऊ में मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि रायबरेली से लखनऊ की दूरी मात्र 40 किमी ही है। जबकि कानपुर 125 किमी दूर है। एरिया ऑफिस बदलने से वितरकों को आवागमन में काफी असुविधा होगी और समय भी ज्यादा लगेगा। इससे एक जहां वितरकों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को भी समय से सिलेंडर न मिलने से असुविधा होगी। रायबरेली से लखनऊ आवागमन के बहुत ही सुलभ साधन है। जबकि कानपुर के लिए बस और ट्रेनों की इतनी अच्छी सुविधा नहीं है कि वितरक एक दिन में ही कानपुर के एरिया ऑफिस पहुंच कर वापस आ सके। श्री वाजपेयी और अन्य वितरकों ने मांग की है कि इण्डेन एलपीजी के रायबरेली के वितरकों का एरिया ऑफिस राजधानी लखनऊ में ही यथावत बनाये रखा जाए।

## प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन पत्रकारों की गिरफ्तारी पर विवाद

**भाषा ।** बलिया (उत्तर प्रदेश)

**माध्यमिक शिक्षा** परिषद उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट की अंग्रेजी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में तीन पत्रकारों की गिरफ्तारी को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। पुलिस ने पिछले बुधवार को प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में जिन 34 लोगों को गिरफ्तार किया, उनमें तीन पत्रकार अजीत कुमार ओझा, दिग्विजय सिंह और मनोज गुप्ता भी शामिल हैं।

पत्रकारों की गिरफ्तारी को लेकर बलिया पुलिस आरोपों के घेरे में आ गई है। हालांकि पुलिस इस मामले पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रही है। पेपर लीक मामले में गिरफ्तार पत्रकार दिग्विजय सिंह का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पुलिस जब पत्रकार को गिरफ्तार कर सम्बंधित न्यायालय में पेश करने के लिए ले जा रही है तब वह जिला प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर रहा है। वीडियो में पत्रकार दिग्विजय सिंह का कहना है कि बलिया प्रशासन का असली चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि सूत्रों के जरिए उन्हें लीक प्रश्नपत्र की प्रति मिली थी, जिसे उन्होंने वाराणसी से प्रकाशित एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया था। सिंह ने कहा कि इसके बाद प्रशासन ने उन्हें गिरफ्तार करवा दिया और यह पुलिस का आपराधिक कृत्य है। बलिया शहर कोतवाली पुलिस ने प्रश्न पत्र लीक होने के बाद वाराणसी से प्रकाशित एक हिंदी दैनिक समाचारपत्र के पत्रकार अजीत कुमार ओझा को गिरफ्तार किया था। पत्रकार ओझा ने गिरफ्तारी के समय संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि उन्होंने प्रश्नपत्र लीक होने की खबर समाचार पत्र में प्रकाशित की थी। इसके बाद पुलिस उनके समाचारपत्र कार्यालय में पहुंची और कार्यालय में तोड़फोड़ करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही कार्यालय में मौजूद पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। पत्रकार ओझा ने स्वयं को बेकसूर करार देते हुए कहा कि उन्हें पत्रकार के दायित्व निर्वहन के कारण गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक आर के नैय्यर ने पत्रकारों की गिरफ्तारी के मसले पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस मामले की निष्पक्षता के साथ विवेचना कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की भूमिका के आधार पर गिरफ्तारी की कार्वाई की है। सोशल मीडिया पर पत्रकारों की गिरफ्तारी को लेकर वायरल हुए वीडियो पर बलिया पुलिस ने ट्वीट कर सफाई दी है। पुलिस ने कहा है कि उपरोक्त व्यक्ति को अब तक की विवेचना में प्राप्त सुबूतों के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक विजय त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## रमजान पर्व को लेकर लोगों ने शुरू की खरीदारी, मस्जिदों की हो रही साफ-सफाई

**● प्रशासन ने त्यौहार को लेकर जारी किया अलर्ट व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए गए निर्देश**

**संवाददाता ।** हमीरपुर

**चांद देखने** के साथ ही पवित्र रमजान का महीना शुरू हो जाएगा वही ईशा की नमाज के बाद रात की तरावीह यहां की 50 मस्जिदों में प्रारंभ कर दी जाएगी जिसके लिए मस्जिदों की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं भी पूरी कर ली गई है वही सुबह सहरी के बाद से रमजान के रोजे शुरू होंगे इसके लिए आज बाजार में जमकर शहरी व इफ्तार सामग्री खरीदी गई।

इस वर्ष बीते वर्षो की अपेक्षा रमजान के रोजे आसान होगे हालांकि बढ़ते तापमान से गरम हुए मौसम में भी रोजेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा कहीं पानी की दिक्कत होगी तो कहीं बिजली की समस्या से जूझना पड़ेगा हालांकि प्रशासन इस मामले में व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दे चुके हैं। यदि आज चांद दिख गया जिस की अधिक संभावना भी है तो तराबियों का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा बड़ी जामा मस्जिद में हाफिज मौलाना मतीन साहब तो रहमानिया मदरसा मस्जिद में हाफिज शरीफ साहब वही तकिया की मस्जिद में हाफिज फारूक साहब तरावीह पढ़ाएंगे इसके अतिरिक्त रागौल, फतेहपुर, सिचोली व स्टेशन मार्ग सहित कस्बे की विभिन्न 50 मस्जिदों में तरावीह के लिए हाफिज नियुक्त किए गए हैं वही 3 मस्जिदों में 7 दिन व 11 दिन की तरावीह का भी आयोजन किया गया है। इनमें नेशनल इंटर कॉलेज के निकट वाली मस्जिद में 11 दिन की तरावी होने की जानकारी हुई है वही कुम्हरौड़ा मोहल्ला स्थित गरीब साहब दाता की मस्जिद व शेख बाबा में भी इसी तरह की तराबियों का आयोजन किया गया है।

## क्विक न्यूज

### कौशाम्बी में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

**कौशाम्बी (उत्तर प्रदेश)।** कौशाम्बी जिले के सैनी क्षेत्र में शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवको की मौत हो गई। पुलिस सूत्रो ने बताया कि महेवा घाट थाना क्षेत्र के अढौली गांव के निवासी चंद्रशेखर (32) तथा लालचंद (20) नामक व्यक्ति मोटरसाइकिल से सैनी जा रहे थे। रास्ते में सिराथूधाता मार्ग पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाकिल को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा, लेकिन दोनों की रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है।

### तीन नकाबपोश लुटेरों ने असलहे के दम पर बैंक से 18 लाख रुपए लूटे

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के स्याना थाना इलाके मे शनिवार की शाम तीन नकाबपोश लुटेरों ने एक निजी बैंक के कर्मचारियो को असलहे की नोक पर आतंकित कर 18 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे फरार हो गए। हालांकि, सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। बुलंदशहर के पुलिस उपमहानिरीक्षकवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार शाम पौने पांच बजे के करीब तीन युवक स्याना में बस अड्डे के पास उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में घुसे, उनका चेहरा ढका हुआ था। एसएसपी ने बताया कि तीनों ने बैंक कर्मियो को असलहा दिखाकर भयभीत किया और बैंक मे रखे बक्से में से अठारह लाख रुपए झोले मे भरकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। सिंह ने बताया कि आरोपियो की धरपकड़ के लिए आधा दर्जन से ज्यादा टीमे लगाई गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नवरात्र व हिन्दू नववर्ष पर कन्याओं को बांटे फल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नवरात्र के पावन पर्व व हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिन क्षत्रिय नेता व पालिकाध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी राज सिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर ने समर्थकों के साथ कन्याओं को फल वितरित कर आशीर्वाद लिया। शनिवार को नवरात्रि व हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिन पूजा वंदना के बाद क्षत्रिय नेता एवं पालिकाध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार राज सिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर ने समर्थकों के साथ नगर के मोहल्ला सुभाष नगर पहुंचकर कई कन्याओं को फल वितरित कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व हम सभी को अच्छाई के मार्ग पर चलने एवं नारी शक्ति को नमन करने का संदेश देता है। इस दौरान उनके साथ आजाद चक, भूरा चक, संजू चक, रितेश चक, बॉबी चक, विनोद चक आदि मौजूद रहे।

## वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद देश में रह रहा रूसी दंपति गिरफ्तार

**भाषा ।** मथुरा

**जिले से** वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद देश में कथित तौर पर अवैध रूप से रहने के आरोप में एक रूसी दंपंति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोप लगाया कि दंपति ने पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया। स्थानीय अभिसूचना इकाई के निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया, शुक्रवार को जानकारी मिली कि वृन्दावन के कालिन्दी, गोपाल धाम स्थित कृष्णा वैली होटल में एक रूसी दंपति दिल्ली से आए हैं और वे अपना दस्तावेज नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर वृन्दावन थाने की पुलिस एवं खुफिया विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे लेकिन दंपति ने सहयोग नहीं किया और दस्तावेज दिखाने से भी मना कर दिया। शर्मा के मुताबिक दंपति को जब गिरफ्तार कर थाने ले जाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने दुर्व्यवहार किया। उन्होंने बताया कि रोमानोवा एरोस्वलोव तथा उसकी पत्नी नतालिया क्रीवोनोसोवा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और उन्हें गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली (विदेश मंत्रालय)से पता करने पर मालूम हुआ कि उनका वीजा दो साल पहले ही समाप्त हो चुका है और इसलिए वे पासपोर्ट एवं अन्य दसतावेज नहीं दिखा रहे थे। शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी रूसी दूतावास को दी गई है और वहां से और सूचना प्राप्त की जा रही है।

# नारेडको ने ली योगी की शरण

**● सीएम को लिखा पत्र भूमि बकाया के मुद्दे पर मांगी मदद**

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली/लखनऊ



**रियल** एस्टेट कंपनियों के संगठन नारेडको ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भूमि के बकाए से संबंधित विभिन्न मुद्दों को जल्द हल करने का अनुरोध किया है ताकि बिल्डर अपनी चालू परियोजनाओं को पूरा करने में सक्षम हो सकें और विकास प्राधिकरणों के साथ बैंकों के बकाया का भी निपटान कर सकें। नारेडको की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष आर के अरोड़ा ने मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में कहा है, हम बड़ी चिंता के साथ कहना चाहते हैं कि बैंक और अन्य वित्तीय देनदार, डेवलपर्स और उनकी परियोजनाओं को एनसीएलटी की कार्यवाही में ला रहे हैं और उन्हें दिवालिया घोषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और अधिकारियों द्वारा डेवलपर्स की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। नारेडको की उत्तर प्रदेश इकाई मुख्य रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के तहत आने वाली आवासीय परियोजनाओं से जुड़े डेवलपर्स का प्रतिनिधित्व करती है। दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रहे सुपरटेक ग्रुप के चेयरमैन अरोड़ा ने कहा, मौजूदा स्थिति, कोविड-19 महामारी के कारण निर्माण में देरी होने और परियोजना निष्पादन पर इसके प्रभाव होने के कारण डेवलपर्स के साथ गंभीर नकदी संकट के कारण भी है। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने पिछले महीने सुपरटेक समूह के हिस्से सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया था। यह एक ऐसा कदम है जो 10,000 से अधिक घर खरीदारों के निवेश पर असर डाल सकता है। जेपी इंफ्राटेक भी दिवाला प्रक्रिया का सामना कर रही है। नारेडको ने डेवलपरों के लंबित मुद्दों को बिना किसी देरी के हल करने का अनुरोध करते हुए कहा है कि इससे डेवलपर अपनी परियोजनाओं को पूरा कर सकेंगे और फ्लैटों की डिलीवरी की प्रतिबद्धता का सम्मान करने के अलावा प्राधिकरणों के साथ-साथ बैंक ऋण चुकाने के लिए भूमि बकाया की अपनी देनदारी को भी पूरा कर सकेंगे। अरोड़ा ने कहा कि डेवलपरों के दिवालिया होने की स्थिति में प्राधिकरणों को भूमि भुगतान के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण आय का नुकसान होगा।

## पुलिस ने त्योहारों के चलते मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नवरात्रि व रमजान त्यौहार के मद्देनजर प्रभारी कोतवाल राजकुमार सिंह नें भारी पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर नागरिकों से शांति व सदभावना कायम रखने की अपील की। इस दौरान उन्होनें कहा कि अराजकता फैलानें बालों पर कडी कार्यवाही की जायेगी। शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नवरात्रि व रमजान के पर्व के मद्देनजर प्रभारी कोतवाल राजकुमार सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, रेलवे रोड, तिर्वा रोड सहित प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान अराजक तत्वों में हड़कंप मच गया। पैदल भ्रमण के दौरान प्रभारी कोतवाल ने अतिक्रमणकारियों को हद में रहने की हिदायत दी। इस दौरान उन्होनें कहा कि पर्वो को आपसी भाईचारे व सौहार्द के मनाते हुये शांति व्यवस्था को कायम रखे। साथ ही अपनें आस पास हो रहे अपराधों एवं अपराधियों की सूचना देकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक मो. तौकीर, मझपुरवा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पाल, उपनिरीक्षक राम मनोज द्विवेदी, श्री राम पटेल, कमलेश कुमार सहित संदीप कुमार, मनोज यादव, अवधेश यादव, तुषार कुमार, अविनाश दुबे, आदित्य राठी सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

## सियासी इलियांस

विधानसभा चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई नेताओं तरह तरह के नामों से नवाजा गया। किसी को बुलडोजर बावा किसी को बबुआ किसी को पप्पू तो किसी को कुछ और नाम। चुनावी नामों की इस फेहरिश्त में कई नाम तो सुपरहिट रहे और उन्हें व उनकी पार्टी को इसका फायदा भी मिला। नतीजे आने और सरकार बनने के बाद नेताओं को नाम दिये जाने का सिलसिला सत्ता के गलियारों में अभी थमा नही है। जिन्हें सत्ता मिली और सरकार में स्थान वह तो काम में जुट गये लेकिन जिन्हें सरकार में स्थान नहीं मिला और जो सरकार बना पाने में नाकाम रहे वे सत्ता के गलियारे में नेताओं को नाम देने की पारी को आगे बढाने में मस्त हैं। नाम दिये जाने की इस कड़ी में नया नाम इलियांस के रूप में आया है। सचिवालय के गलियारों में नया नाम इलियांस सुर्खियों में है लेकिन यह नया नाम किस नेता को दिया गया है, इस पर अभी सस्पेंस बना है। हर कोई अटकलें लगाने में जुटा है। फिलहाल अभी तक कोई किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाया है। वैसे नये नाम के स्रोत्र को तलाशने पर पता चला है कि इसके आविष्कारक भाजपा के कुछ विधायक हैं जिनमें से एक विधायक गंगा तट पर बसे खनन वाले जिले से दूसरी बार चुनाव जीते हैं। मंत्री पद की दौड में थे लेकिन जुगाड़ में थोडा कमजोर पड़ने पर उनकी जगह सपा से आये एक नेता की किस्मत जाग गयी और वह मंत्री बन गये। यह नेता अपनी किस्मत को कोसते हुये साथी विधायकों के साथ नेताओं के नामकरण की राजनीतिक पारी को आगे बढ़ा रहे हैँ।



## साहब पर लटकी तलवार

सूबे को उजाला देने वाले विभाग के एक बड़े साहब जो कि अपने एसीएस को भी कुछ नहीं समझते हैं उनके ऊपर तलवार लटक गई है। अभी तक तो उन्होंने मथुरा वाले पंडित जी को संभाले रखा लेकिन अब विभाग के माननीय पूर्वांचल वाले पंडित जी हो गए हैं लिहाजा विभाग में जो भी काला-स्याह किया है उसको लेकर विभाग के साहब डरे और सहमे-सहमे से रहने लगे हैं। पहली परिचयात्मक बैठक में ही नए मंत्री महोदय ने ऐसे कई सवाल पूछ लिए जिसके उत्तर वह नहीं दे पाए हैं। अब सुनने में आ रहा है कि विभागवार प्रस्तुतीकरण के बाद बड़े व्यापक पैमाने पर तबादले होंगे जिसमें एसीएस से लेकर डीएम स्तर तक के अधिकारी फेट दिए जाएंगे। मजेदार बात यह है कि विभाग के ही एसीएस हैं उनसे कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। वह इसलिए क्योंकि अभी तक साहब ने विभाग से संबन्धित जो भी निर्णय लिए उसमें एसीएस को विश्वास में नहीं लिया तो अब एसीएस काहे चिंता करें विभाग के चेयरमैन की। इसलिए साहब दिन-रात सेटिंग-गेटिंग में व्यस्त हैं ताकि कोई तोड़ निकल आए।




## फर्स्ट इम्प्रेशन

खाकी महकमे के ही समतुल्य वर्दी वाले एक अन्य महकमे की समीक्षा बैठक शुरू होती इससे पहले ही ऐसा वाक्या हुआ कि बड़े साहब का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मातहत अधिकारियों ने बैठक को लेकर खूब तैयारी की थी। पूरे मुख्यालय को बड़े ही सुंदर ढंग से सजाया, संवारा गया था। आखिरकार महकमे के नए नवेले मंत्री जी का जो प्रथम बार आगमन हो रहा था। महकमे के डीजी साहब से लेकर शासन वाले बड़े साहब तक, सभी मंत्री जी की अगुवाई में गेट पर ही नजरें बिछाए खड़े हुए थे। शासन वाले बड़े साहब ने मंत्री जी के आते ही उनका जोरदार ढंग से स्वागत सत्कार किया और उन्हें साथ लेकर मीटिंग हाल पहुंचे। यहां पहले से ही सभी कमांडेंट व अन्य अधिकारी बैठे हुए थे। मीटिंग हाल में मंत्री के पहुंचने के बावजूद उनके सम्मान में खड़े होने के बजाए सभी अधिकारी बैठे रहे और अपनी कुर्सी से टस से मस नहीं हुए। फिर क्या था बड़े साहब की भौंवे तन गईं और उन्होंने मंत्री के सामने ही अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। भविष्य में दोबारा ऐसी गल्ती न करने की हिदायत देने के बाद बड़े साहब मंत्री जी के बगल में जाकर बैठ गए। अब महकमे के अधिकारी बड़े साहब की चुटकी ले रहे हैं। कहते हैं कि 'फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन' और मातहतों ने मंत्री जी के सामने पहला प्रभाव ही खराब कर दिया।

## कोई सहारा न रहा...

हमें तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती भी वहां डूबी जहां पानी बहुत कम था। यह व्यथा समाजवाद के शिव की है। इन्हीं पंक्तियों के साथ समाजवाद के शिव दर-दर भटक रहे हैं। अब बस उन्हें किसी ऐसी पड़ाव की जरूरत है जहां से वह अपना नया सफर शुरू कर सकें। आलम यह है कि शिव मौजूदा समय में अपनी तबाही की कहानी सबके सामने बयां करते फिर रहे हैं। कभी समाजवाद के पुरोधा के पास जाते हैं तो कभी भगवा का परचम लहराने वाले बड़े महाराज के पास। कुल मिलाकर शिव अभी भी बैलेंस बनाने में लगे हुए हैं। शायद यही कारण है कि उन्होंने पहले समाजवाद के पुरोधा को अपने दिल का दर्द सुनाया फिर भगवा के महाराज को। दोनों ही जगह अपने आप को असहाय और मजबूर दिखाने की कोशिश करते रहे। शायद शिव को इस बात की उम्मीद है कि उनके दर्द को सुनकर किसी के मन में उनके प्रति सहयोग की भावना जग जाए और उन्हें एक नया सहारा मिल जाए।

## मूर्ति पर लगी मिर्ची

अब लखनऊ चला श्रीराम के अनुज लक्ष्मण जी के पदचिन्हों पर। नगर निगम की कार्यकारिणी में एक स्वर से श्रीलक्ष्मण जी की भव्य 151 फिट की ऊंची प्रतिमा लगेगी। शहर की मुखिया ने इसे अपना पहला कर्तव्य बताते हुए ऐलान किया तो कईयों की नींद उड़ गयी। फिर क्या था। विपक्षियों को इस ऐलान से बड़ी मिर्ची लगी। बेचारे छोटे चचा का चेहरा ही उतर गया। फिर कहते नहीं चूके। गंगा जमुनी तहजीब के शहर में बिना मतलब नफरत फैलाने का काम किए बिना चैन नहीं है। कई लोग बेचारे बिना बोले ही उठ खड़े हुए। उनके लिए तो आगे कुआं और पीछे खाईं जैसी स्थित बन गई। वहीं मुखिया अब जमीन तलाशने में जुट गयीं है। अपनी टीमें भी काम पर लगा दी हैं। एक करोड़ रुपए की व्यवस्था भी हो गयी है। हालांकि कुछ लोग कहते नहीं चूके कि सबसे मुफीद स्थान लक्ष्मण टीला है जहां दूसरे वर्ग का धार्मिक स्थल बना हुआ है। औरंगजेब के जमाने में भव्य मंदिर को हटाकर अपनी बिल्डिंग बना दी गयी थी।




## कोई पाबंदी थोड़े है

मुख्यमंत्री बनने का सपना संजोए बहन जी की गणित इस बार भाजपाइयों और सपाइयों ने बिगाड़ दी। स्थिति यह हो गई कि बहन जी का कोर वोट बैंक भाजपा के साथ खड़ा हो गया तो वहीं रहीम सपा के पाले में दिखाई दिए। अब बहन जी पानी पी पी कर दोनों को कोस रही हैं। अभी पिछले दिनों पार्टी की बैठक में बहन जी ने कहा कि चुनाव में आरएसएस वाले दुष्प्रचार कर रहे थे कि बहन जी चुनाव नहीं जीतती हैं तो उन्हें राष्ट्रपति बना देंगे। जबकि राष्ट्रपति बनना तो दूर की बात है वह ख्वाब में भी नहीं सोच सकती राष्ट्रपति के लिए। अब बहन जी को कौन समझाए। अगर ख्वाब पूरे होने लगते तो आप मुख्यमंत्री नहीं बन जाती। हर ख्वाब थोड़े न पूरे होते हैं। कुछ अधूरे भी रहते हैं। ऐसे में अगर ख्वाब आये तो उसे देखने मे कोई बुराई नहीं है। देखा जा सकता है। कोई पाबंदी थोड़े है।

# अध्यापक घर-घर जाकर करेंगे हाउस होल्ड सर्वे

## स्कूल चलो अभियान को लेकर सीएस दुर्गा शंकर मिश्रा ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 4 अप्रैल को स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ श्रावस्ती से किया जायेगा। उप्र बेसिक शिक्षा के अधीन संचालित कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के अधिकाधिक नामांकन को प्रोत्साहन देने तथा छात्रों का नामांकन कराने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का संचालन विगत वर्षों से किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के अन्तर्गत अध्यापकों द्वारा घर-घर जाकर हाउस होल्ड सर्वे किया जाए और बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए। स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के प्रयासों के फलस्वरूप विगत 5 वर्षों से छात्र.छात्राओं के नामांकन में निरन्तर वृद्धि हुई है।

मुख्य सचिव लोक भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से स्कूल चलो अभियान-2022 की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों, ब्लॉक संसाधन केन्द्रों एवं जनपद कार्यालयों पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम 4 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक संचालित किया जायेगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम सम्पन्न हो जाने के पश्चात पूर्वान्ह 11 बजे से अन्य जनपद में अग्रेत्तर कार्यक्रम सम्पन्न कराये जायेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि समस्त जनपदों में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों तथा नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न कराया जाए। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक जनपद में शैक्षिक सत्र 2021-22 में आयोजित परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया जायेगा। छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों को प्रोत्साहित किया जायेगा। बच्चों के नामांकन में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रधानाध्यापकों को भी सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षा से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कराए जाएं।

# चुनाव में जनता ने पूरे प्रदेश को केसरिया रंग में रंग दिया: राजनाथ

● रक्षा मंत्री ने चौपाल लगाकर किया ग्रामीणों से संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने लखनऊ के छुहिया पुरवा जानकीपुरम में क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पीएम मोदी इतने लोकप्रिय हैं कि देश का बच्चा-बच्चा भी उनका नाम जानता है। देश के गरीबों के लिए मध्यमवर्गीय लोगों के लिए मोदी के नेतृत्व में बहुत बड़े-बड़े काम हुए हैं। करोना काल जब से प्रारंभ हुआ है तब से लगातार डबल राशन घरों में दिया गया है। प्रदेश सरकार जनता के प्रति बहुत संवेदनशील है। लोगों को गैस सिलेंडर मिले हैं, आवास मिले हैं अन्य भी बहुत सारी सुविधाएं आम जनमानस को मिली है। इस बार के चुनाव में आपने ऐसी होली खेली कि पूरा उत्तर प्रदेश केसरिया रंग में रंग दिया है। ऐसा लग रहा था कि हर पिचकारी से जो रंग निकल रहा है वह केसरिया है। केंद्रीय रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह शनिवार शाम को अपने दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। जहां पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व मंत्री एवं विधायक आशुतोष टंडन, बीजेपी महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी ने रक्षा मंत्री का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि एयरपोर्ट पर सभी से भेंट के उपरांत रक्षा मंत्री वहां से सीधे छुहिया पुरवा जानकीपुरम पहुंचे जहां बड़ी संख्या में उपस्थित गांव के लोगों के साथ संवाद किया और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों और प्रस्तावित योजनाओं के संबंध में चर्चा की। राजनाथ सिंह ने कहा कि नवरात्र के अवसर पर मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और आप सब के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि बीजेपी के प्रत्याशी जो आप के विधायक रहे हैं कितना शानदार काम उन्होंने किया है। मैं समझता हूं उसके प्रमाण की कोई जरूरत नहीं है। आप लोगों ने उत्तर प्रदेश में फिर से बीजेपी की सरकार बनाई है और लगभग 37-38 वर्षों बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि जिसकी पहले सरकार रही है दोबारा भी लगातार सरकार बनी है। यह प्रदेश की जनता के आशीर्वाद के परिणाम स्वरुप ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2017 से लेकर अब तक हमारी सरकार ने जो काम किया है ,जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप किया है। यह मैं कह सकता हूं जनता की कसौटी पर वह पूरी तरह से खरे उतरे है। इसलिए आप सब ने बीजेपी को इतना बड़ा समर्थन दिया है। रक्षामंत्री ने कुर्सी रोड पर एक नए वाटर वर्क्स की स्थापना की कल्पना करके वह जमीन जिलाधिकारी से जल निगम को आवंटित करा दी है और शारदा नहर से पानी उस वाटर वर्क्स में आएगा जिससे वहां से सप्लाई पूरे जानकीपुरम के क्षेत्र में यदि जयशंकर पुरवा इंदिरा नगर विकास नगर अलीगंज के क्षेत्र में वहां से जलापूर्ति होगी उस पर प्रस्ताव पर कार्य हो रहा है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि चौपाल कार्यक्रम में क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिक रामसेवक कश्यप, कृष्ण भगवान दास, शिव कुमारी, बीजेपी महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, रामअवतार कनौजिया, मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, क्षेत्रीय पार्षद राखी मिश्रा, दीपक मिश्रा और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# रमजान पर सीएम योगी ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पवित्र रमज़ान पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रमज़ान के पवित्र दिनों में रोज़ा, मानवता की सेवा, ईश्वर की बन्दगी जैसे नेक कार्यों से धैर्य, आत्म अनुशासन, सहनशीलता, सादगी आदि मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। इससे परस्पर प्रेम और भाईचारे की भावना बलवती होती है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उत्तर प्रदेश समरसता, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता की मिसाल है। इसी विरासत और परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत लोग सभी सावधानियां बरतते हुए रमज़ान के दौरान धार्मिक कार्य सम्पन्न करें।

# मुख्यमंत्री आवास पर कल से प्रत्येक सोमवार को होगी जनसुनवाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पांच कालीदास मार्ग पर पर लोगों की समास्याओं के निराकरण के लिए पहले की ही तरह जनसुनवाई कार्यक्रम 4 अप्रैल से प्रारम्भ किया जायेगा। मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी एनकेएस चौहान ने यह बताया कि उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक सोमवार को प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के राज्यमंत्री अजीत पाल प्रतिभाग करेंगे।

# सपा मुखिया ने नवरात्र पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नवरात्र और भगवान झूलेलाल जयंती पर सभी के सुख समृद्धि एवं कल्याण की शुभकामना करते हुए कहा कि इन पर्वों से हमें परस्पर सौहार्द, सद्भाव तथा शुचिता का संदेश मिलता है। यादव ने कहा है कि नवरात्र में मां दुर्गा के विविध रूपों की पूजा वस्तुत: मातृशक्ति की आराधना है। देवी तमाम शक्तियों का एकाकार रूप है। वह अन्याय और अनीति के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देती है।

# दूर-दराज के इलाके के गरीबों तक पहुंचेगी परिवहन सुविधा: दयाशंकर




● परिवहन मंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पदभार ग्रहण किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यमंत्री** (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार परिवहन सुविधा को और अधिक सुदृढ़ करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के इलाकों के गरीबों तक परिवहन सुविधा पहुंचेगी। यह बात शनिवार को को विधान भवन में स्थित अपने कार्यालय में पूजा अर्चना एवं हवन के बाद कार्यभार ग्रहण करने के दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने कही। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुसार विभागयी योजनाओं से संबंधित आगामी 100 दिन की कार्ययोजना को समय से पूरा किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मुझे परिवहन जैसा महत्वपूर्ण विभाग दिया गया है। मुझे मुख्यमंत्री के साथ काम करने का मौका मिला है। मैं उनके मार्गदर्शन में पूरी जिम्मेदारी के साथ परिवहन विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को आमजन के लिए सुलभ कराऊंगा। श्री सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि ग्रामीण इलाकों के गरीबों को भी उत्तम परिवहन सुविधा मुहैया हो। जिन क्षेत्रों में सरकारी परिवहन की सुविधा पर्याप्त नहीं है, वहां शीघ्र अतिशीघ्र परिवहन सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि देश में जहां सर्वोत्तम परिवहन सुविधा उपलब्ध है वहां जायें और उससे हमें अवगत करायें।

# जल संरक्षण के लिए जन आंदोलन चलाने की जरूरत: स्वतंत्र देव सिंह




● जलशक्ति मंत्री ने नवरात्रि के पहले दिन विधान सभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कार्यभार ग्रहण किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में जल संरक्षण के लिए जन आंदोलन चलाए जाने की जरूरत है। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने यह बात शनिवार को नवरात्रि के पहले दिन विधान सभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोककल्याण के लिए योजनाओं में तेजी लाएंगे। प्रधानमंत्री हर घर नल योजना के अंतर्गत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों का जल्द ही दौरा करूंगा। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य है कि गरीबों की सेवा कर सकें, गरीबों को खुशहाल रख सकें। उन्होंने कहा कि जलशक्ति मंत्री के रूप में विभाग के माध्यम से स्वच्छ पानी गरीबों और समाज के हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाए जाने का कार्य तेजी से किया जाएगा। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि जल को प्रदूषित होने से बचाने और लोगों के घरों तक स्वच्छ जल कैसे पहुंचाया जा सके, यही हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जल संसाधन के संरक्षण और उसके विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा, जिससे स्वप्रेरणा से जल संसाधन को स्वच्छ रखा जा सके और प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

# भार और खपत का अंतर कम कर सुधारेंगे बिजली व्यवस्था: एके शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा ने अनुबंधित भार और वास्तविक खपत का अंतर कम विद्युत व्यवस्था बेहतर करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस अंतर के कारण ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति में बार-बार बाधा आती है और ट्रांसफार्मर व विद्युत उपकरण भी जलते हैं। इससे विभाग को राजस्व का भी नुकसान उठाना पड़ता है। एसएलडीसी का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने निर्देश दिया है कि नवरात्रि के त्योहार में एवं आगामी गर्मी के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विकास एवं लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए बिजली की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति में आ रही परेशानियों को दूर किया जायेगा और प्रदेश की जनता को 24 घंटे बिजली मिले इस पर भी गंभीरता के साथ वृहद रूप से कार्य किया जाएगा।

# कोविड प्रबंधन में देश व दुनिया के लिए मिसाल बना यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड** प्रबंधन में देश का सबसे बड़ा राज्य यूपी देश-दुनिया के लिए मिसाल बन गया है। सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना में जान भी जहान भी के मूल मंत्र पर काम करते हुए 2 सालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बूस्टर डोज देने का काम सरकार ने किया है। जिसका परिणाम है कि आज शहर से लेकर गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ीं हैं। बड़े शहरों में रेफर केस में कमी, सीएचसी पीएचसी का कायाकल्प, बड़े अस्पतालों में नए संसाधनों के साथ इलाज, वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज के साथ वन डिस्ट्रिक वन लैब की नीति पर तेजी से काम किया जा रहा है। मार्च 2020 में जब कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी उस समय केजीएमयू में सिर्फ70 सेंपल की जांच की व्यवस्था थी। आज सभी जिलों में आरटीपीसीआर लैब हैं। जिसका परिणाम है कि यूपी में रोजाना हर दिन दो से ढाई लाख तक जांच की जा रही हैं। यूपी 30 करोड़ से अधिक कोविड टीके की डोज देने वाला एकमात्र राज्य है। इसके साथ ही प्रदेश में अब तक 24 लाख से अधिक प्री.कॉशन डोज दी भी जा चुकी हैं। ट्रिपल फोर की रणनीति के तहत यूपी ने कम समय में न सिर्फ संक्रमण पर काबू पायाए बल्कि कोरोना के नए वेरिएंट के प्रसार को भी रोकने में सक्षम रहा।

प्रदेश में स्वच्छता, कोविड गाइड लाइन, प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीकू नीकू और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहली दूसरी लहर के बाद भी तीसरी लहर के नए वैरिएंट को लेकर अस्पतालों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के समय से नए निर्देश जारी किए गए जिसके कारण बेहतर व्यवस्था होने से तीसरी लहर प्रदेश में कम प्रभावी रही। कोरोना काल के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के श्रमिकों व कामगारों, ठेला, खोमचा, रेहड़ी लगाने वाले या दैनिक कार्य करने वाले सभी लोगों के भरण पोषण की व्यवस्था को सुनिश्चित किया। इसके साथ ही निर्माण श्रमिकों को भी भरण-पोषण भत्ता देने का कार्य किया गया है। प्रदेश में लोगों को कोरोना से बचाव के लिए प्रशिक्षित आशा, आगंनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम को शामिल करते हुए सर्विलांस टीमों का गठन के साथ डिजिटल इंटरवेंशंस व मेरा कोविड केन्द्र एप्लीकेशन से कोरोना से लड़ने में काफी सहायता मिली। लॉकडाउन से लेकर अनलॉक प्रक्रिया तक सैनिटाइजेशन, कोविड प्रोटोकॉल,टेस्टिंग, कोल्ड चेन, हेल्पडेस्क, कांटेक्ट , ट्रेसिंग टीकाकरण के जरिए कोरोना को मात दी गई।

# निर्माणाधीन योजनाओं के कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए: जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं एवं पुनरोद्धार के कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक जैसे अनेक स्थल मौजूद हैं इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा केन्द्रीय, राज्य एवं जिला की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पर्यटन स्थलों को नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग द्वारा जनपद अयोध्या में रामकथा पार्क का विस्तारीकरण 275.35 लाख रुपये की लागत से किया गया है। इस पार्क में श्रद्धालुओं एवं आगन्तुकों को बैठने हेतु सीढ़ी का निर्माण एवं स्टेज का सौन्दर्यीकरण भी कराया गया है।

प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मस्थली होने के कारण साल भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों व मेले महोत्सवों का आयोजन चलता रहता है। इसके अलावा हर साल प्रदेश सरकार द्वारा दीपोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन भी इस स्थल पर किया जाता है। विभिन्न धार्मिक गतिविधियों को देखते हुए यहां एक सांस्कृतिक मंच, ग्रीन रूम, प्रसाधन व बैठने की व्यवस्था पूर्व में की गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इसकी क्षमता बढ़ाने हेतु विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु रामकथा पार्क का विस्तारीकरण का कार्य कराया गया है।

# मुख्यमंत्री कल श्रावस्ती से करेंगे स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में 4 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान संचालित किया जायेगा। जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा 4 अप्रैल को श्रावस्ती से किया जायेगा।

यह जानकारी बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विगत पांच वर्षों में विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के नामांकन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़े जाने की आवश्यकता है। सिंह ने बताया कि प्रदेश में शारदा कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन कर विद्यालयों में नामांकन किया जा रहा है। जिसमें अध्यापक, ग्राम प्रधान एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों का सहयोग लिया जा रहा है। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 133 लाख स्कूलों को बुनियादी अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्री प्राइमरी पर समुदाय जागरुकता के लिए हमारा आंगन हमारे बच्चे, विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास के लिए निपुण भारत मिशन का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को आकर्षित करने के लिए खेलकूद सामग्री, तथा बच्चों को रुचिकर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पुस्तकालय की पुस्तकों एवं गणित किट उपलब्ध करायी गयी है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री बताया कि प्रदेश में 6 से 14 आयु वर्ग के समस्त दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापरक समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है। दृष्टि दिव्यांग बच्चों के लिए ब्रेल पाठ्य पुस्तकें तथा अल्प दृष्टि दिव्यांग बच्चों के लिए इंलार्ज पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था की गयी है तथा गम्भीर रूप से दिव्यांग बालिकाओं को स्टाइपेन्ड दिया जा रहा है। कक्षा 1 से 3 में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को हिन्दी भाषा एवं गणित विषय की सुगम्य वर्कशीट्स का वितरण किया गया है। छात्र-छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया। मिशन शक्ति के अन्तर्गत बालिकाओं की शिक्षा, सशक्तीकरण एवं स्वालम्बन की गतिविधियां संचालित की गई हैं।

# हिन्दू नववर्ष के अवसर पर निकली बाइक रैली

**संवाददाता।** सीतापुर

**हिन्दू नववर्ष** के अवसर पर बाईक रैली बेहमा चौराहे से प्रारम्भ होकर धीरपुर, चुनका चौराहा, भरथर, पहाडापुर, बसंतपुर, जमुनाडीह होते हुए पुनः बेहमा चौराहा पहुंची। भगवा लहराते हुए समापन किया गया। रैली में रोहित सिंह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख, अंकित सिंह प्रखंड सयोंजक विहिप बजरंग दल, अमन पटेल प्रखंड मंत्री, धर्मेंद्र सिंह चौहान धर्म प्रचार प्रमुख, राजीव शुक्ला प्रखंड मिलन संगठन प्रमुख, विपिन सिंह खंड मंत्री, इंद्रेश रावत खंड सयोंजक, रवि रावत खंड सह धर्माचार्य प्रमुख, राजेश मिश्रा प्रखंड सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख आदि शामिल थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सिधौली के द्वारा हिन्दू नव वर्ष प्रतिपदा व डॉ. हेडगेवार के जन्म जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से निकल कर पूरे नगर में पद संचालन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ओपी पांडेय, संजय दीक्षित, सत्येंद्र गुप्ता, अतुल तिवारी अध्यक्ष धर्म रक्षा समिति, टिंकल तिवारी सहित संघ के तमाम लोग मौजूद थे। हिन्दू नव वर्ष विक्रमसंवत 2079 के शुभ अवसर पर रामपुर मथुरा स्थित रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने मां सरस्वती को माल्यार्पण कर रोली, चंदन लगाकर पूजा अर्चना की। साथ ही बच्चो के द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने हिंदू नव वर्ष पर भी प्रकाश डाला साथ में राजेश कुमार, अरविंद कुमार, रामचंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान का शुभारंभ

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर विकास** राज्यमंत्री एवं सदर विधायक राकेश राठौर ॐगुरुॐ द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। राज्यमंत्री ने अभियान में लगे छिड़काव, सेनिटाइजेशन, फॉगिंग व प्रचार प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी विभागों को सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर सीएमओ डा. मधु गैरोला, नोडल अधिकारी डा. सुरेन्द्र सिंह, एसीएमओ डॉ. पीके सिंह, डॉ. उदय प्रताप, डॉ. सुरेंद्र साही डॉ. केबी गौतम, डॉ. राजशेखर, डॉ. डीके सिंह, एसएमओ डॉ. अपूर्वा चौहान आदि मौजूद थे।

## रेलवे क्रासिंग का समपार हमेशा के लिए बंद कर दिए जाने से नागरिकों में रोष

**सीतापुर ।** सीतापुर-लखीमपुर बाईपास के बिजवार रेलवे क्रासिंग का समपार हमेशा के लिए बंद कर दिए जाने से कई मोहल्लों में रहने वाले सैकड़ों लोगों को आवागमन में दिक्कतें होने लगीं। इसी समस्या को लेकर शनिवार दोपहर सैकड़ों क्षेत्रीय नागरिकों ने समपार का रास्ता पुनः बहाल किए जाने की मांग को लेकर रेलवे ट्रैक पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसडीएम सदर अनिल कुमार तथा सीओ सदर ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कारियों की समस्या जानी। एसडीएम सदर ने रेलवे के अफसरों से बात कर समस्या के निराकरण का भरोसा दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया।

## अन्तर्सदन अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**सीतापुर।** रीजेन्सी पब्लिक स्कूल रस्यौरा सीतापुर में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए अन्तर्सदन अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अंग्रेजी भाषा में अकाट्य तर्क देते हुए अपनी ही बात सिद्ध करने का प्रयास किया। शुभारंभ विप्रा श्रीवास्तव रीज़नल हेड सेल्स एन्ड ऑपरेशन्स टाटा को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत गीत से किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग अ में पक्ष से 'आर्यन रस्तोगी' और विपक्ष से 'सैय्यद आसिर रिजवी' को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी श्रंखला में द्वितीय पुरस्कार पक्ष में 'प्रानवी श्रीवास्तव' एवं विपक्ष में 'आर्यन सिह गौर' को दिया गया। वर्ग ब में पक्ष से प्रथम पुरस्कार 'वैभव सिंह' और विपक्ष से 'हामना हसन' को दिया गया। इसी श्रंखला में द्वितीय पुरस्कार पक्ष में 'जिज्ञासू त्रिवेदी' को और विपक्ष में 'श्रेष्ठ मिश्रा' को दिया गया।

## स्वच्छता ग्राहियों ने सौंपा कारागार राज्यमंत्री को ज्ञापन

**सीतापुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता ग्राहियों के परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। उन्हें उनका बकाया भुगतान नहीं मिल पा रहा है। आरोप है कि पंचायती राज विभाग की लापरवाही के कारण स्वच्छता ग्राहियों की तैनाती भी नहीं की जा रही है। ऐसी ही अन्य समस्याओं को लेकर स्वच्छता ग्राहियों ने कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही को उनके जेल रोड स्थित आवास पर मिलकर मांग पत्र सौंप कर स्वच्छता ग्राहियों की तत्काल तैनाती एवं मानदेय दिलाए जाने की मांग की। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष रामकिशोर निषाद, सुनीता, लव कुश, उपेंद्र सिंह, पुनीत कुमार सिंह, इंद्र मोहन शुक्ला, कृपाशंकर शुक्ला, ममता शुक्ला आदि मौजूद थीं।

## क्विक न्यूज

### अधिकारी और ग्राम प्रधान दोंनों की भागीदारी जरूरी : केके पाण्डेय



प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत करते ग्राम प्रधान

**संडीला(हरदोई)।** ग्राम प्रधान संघ की बैठक में प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि गावं के विकास के लिए अधिकारी और जन प्रतिनिधि दोनों को विकास के लिए भागीदार बनान पड़ेगा। ब्लाक सभागार में आयोजित प्रधान संगठन की मीटिंग में बोलते हुए कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि ग्राम सभा देश की सबसे छोटी लोकतांत्रिक इकाई है इसलिए ग्राम सभा का विकास ही देश का विकास है। सरकार द्वारा महीने में दो बार गरीबों को राशन और प्रधानों की जागरूकता के कारण ही प्रदेश सरकार दोबारा सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने पूर्व किए गए वादों जैसे मनरेगा में प्रधानों का डोंगल, प्रधानों के शस्त्र लाइसेंस आदि को पूरा करना होगा। इस बैठक में ब्लाक अध्यक्ष संडीला डॉ0 उमेश सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का जो लाभ लाभार्थियों को मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। यदि 2024 में प्रचण्ड बहुमत की सरकार चाहिए तो सरकार को गरीबों के लिए आवास योजना का लाभी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इस बैठक में ग्राम प्रधान जयसिंह, राजेन्द्र सिंह, अरुण यादव, उदय प्रताप सिंह, रामबिलास यादव, अनिल अवस्थी, रेहान, अक्षय, जीतेन्द्र सिंह, श्यामलाल, अरविंद पाल, अरविंद यादव, हेमनाथ, सुरेन्द्र यादव, लालजीत आदि ने भी अपने विचार रखे।

### जश्न ए दस्तार हिफ्जुल कुरआन का हुआ आयोजन



जलसे से खिताब करते हुए मौलाना

**संडीला(हरदोई)।** दरगाह हजरत सागर मियां में जश्न ए दस्तार हिफ्जुल कुरआन का आयोजन किया गया जिसमें कुरआन और हिफ्ज मुकम्मल कर चुके छात्रों की दफ्तार बंदी की गयी। दरगाह हजरत सागर मियां में आयोजित इस जश्न ए दस्तारबंदी से खिताब करते हुए फरीदउद्दीन अहमद ने कहा कि रमज़ान में अल्लाह अपने बंदों पर खास रहमतें फरमाता है। इस मुबारक महीने में कुरआन शरीफका नजूल हुआ था। रमजान में हमें अल्लाह को राजी करने की कोशिश करनी चाहिए। दरगाह के सज्जादा नशीन हजरत मुईजउद्दीन अहमद चिश्ती सागरी नक्शबंदी ने अपने खिताब में लोगों से कहा कि हमारी शरियत और मज़हब में जो उसूल बताए गए हैं उनहीं पर चलकर हम एक सच्चे मुसलमान कहलाने के हकदार बनेंगे। इस जलसे में डॉ0 जुबैर संडीलवी, हाफिज फरहानुल हक, हाफिज फरदीन, हजरत अल्लामा अनवारुल हक, फरहान सागरी, फरहत महमूद ने भी खिताब किया। मदरसा अल जामियतुल गौसिया के छात्र हाफिज शाह आलम और हाफिज मुकीम की दस्तारबंदी की गयी।

### एसडीएम दिव्या ओझा के ख़िलाफ़ वकीलों ने खोला मोर्चा

**सीतापुर।** महमूदाबाद एसडीएम दिव्या ओझा के खिलाफ वकीलों ने मोर्चा खोल दिया है। एसडीएम पर वकीलों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए विधायक आशा मौर्या को ज्ञापन सौंपा। वकीलों का आरोप है कि एसडीएम को प्रशासनिक गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं है। विधायक आशा मौर्या ने बताया कि अधिवक्ताओं की जो समस्याएं हैं उनका समाधान होगा।एसडीएम को इस बाबत निर्देश दिए जाएंगे कि जनता का हित सर्वोपरि है।

### नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने सुख, शांति वैभव व समृद्धि का मांगा आशीर्वाद

**सीतापुर।** सीतापुर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन शनिवार को भक्तों ने मां भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की उपासना कर सुख, शांति, वैभव व समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। घरों में कलश स्थापित कर श्रद्धालुओं ने उपवास रखते हुए दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। शहर के आलमनगर स्थित दुर्गा मंदिर, आंख अस्पताल मार्ग के संतोषी माता, पराग डेरी के निकट का काली मंदिर और पंजाबी धर्मशाला के दुर्गा मंदिर समेत सभी देवी मंदिरों में भक्तों ने दर्शन-पूजन किया। जय माता दी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

# भाजपा सरकार ने खींच दिया है विकास का पूरा खाका: पवन सिंह

**संवाददाता।** सीतापुर

● **मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट में आयोजित सभा में बोले एमएलसी प्रत्याशी**

**केन्द्र में मोदी** और प्रदेश में योगी ने विकास का समुचित खाका खींच दिया है। डबल इंजन की सरकार जरूरमंदों तक योजनाओं के जरिए लाभ पहुँचाने और हर क्षेत्र का समुचित विकास के लिये प्रतिबद्ध है। मैं हर घर में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार पहुँचाने के लिये दृढ संकल्पित हूँ। जब हर घर में शिक्षा होगी तो सम्पन्नता, समृद्धता आयेगी। हर घर में रोजगार होगा तो समृद्धि होगी और अपराधों में कमी आयेगी। यह बात भाजपा एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान ने मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट में आयोजित एक सभा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास के लिये सांसद, विधायक के साथ मिलकर हम लोग गांव-गांव योजनाओं को पहुँचाने का काम करेंगें। मैं शिक्षा से जुड़ा हुआ हूँ। छात्रों के लिये स्पोर्ट्स ग्राउण्ड की स्थापना होगी। क्षेत्र में एक मेडिकल कालेज की स्थापना हो इसके लिये भी प्रयास किये जाएंगे। मौलाना आजाद को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिये हम सब पूरी कोशिश करेंगें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि महमूदाबाद क्षेत्र में कमल खिल गया है। अब सभी को एकजुट होकर भाजपा से एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान को नम्बर एक होकर जिताना है। उन्होने कहा कि भाजपा सबके साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। विधायक आशा मौर्या ने कहा कि भाजपा की सरकार विकास की सरकार है। पक्की सड़कें, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम हुए हैं। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अम्ब्रीश गुप्त, संकटा देवी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी ने भी सम्बोधित किया। अतिथियों का स्वागत पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री और संस्था सचिव डा. अम्मार रिजवी ने माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मोहन बारी, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, जनरैल सिंह, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह, मनोज शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, अंकुश राज विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**संवाददाता।** सीतापुर

**ब्लॉक महोली** के प्राथमिक विद्यालय सील्हापुर में अध्यापक अभिभावक पुरातन छात्र कार्यक्रम बाल वाटिका के अंतर्गत 'चहक' कार्यक्रम, कक्षा 5 के बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण, स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ बीईओ महोली प्रभास कुंवर श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती पूजन- वंदन कर किया गया। बच्चों को 'एंड्रॉयड प्रोजेक्टर के माध्यम से डिजिटल शिक्षा के प्रदान करने के लिए 'स्मार्ट क्लास' का उद्घाटन किया गया। अनिल मिश्रा, अतन शुक्ला, अनूप मिश्रा, अनुपम द्वारा शिक्षकों, बच्चों, अभिभावकों, पुरातन छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया और मेधावी छात्रों और पुरातन छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान तुलाराम, संतोष निषाद, पूजा शुक्ला, रामलखन, रामलली, मीना शुक्ला आदि मौजूद थी।

# विधायक ने किया संचारी माह व दस्तक अभियान का शुभारंभ

**संडीला( हरदोई )।** क्षेत्रीय विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की तथा संचारी माह एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ भी किया। क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संडीला पहुंची। यहां सीएचसी अधीक्षक डॉ0 शरद वैश्य तथा अन्य चिकित्सकों तथा स्टाफने इनका स्वागत किया। विधायक अलका सिंह ने विभिन्न वार्डों में जाकर उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा भर्ती रोगियों से मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंनें आशा वर्कर्स से मिलकर उनके कार्य के विषय में जानकारी ली। उन्होंनें आश्वस्त किया कि किसी प्रकार की समस्या होने पर वे उनसे व्यक्तिगत संपर्क करें। वे यथासंभव उनकी सहायता करेंगी। उन्होंनें डॉ0 शरद वैश्य से सीएचसी द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंनें चिकित्सकों से कहा कि वे मरीजों को बाहर की दवाएं कदापि ना लिखें। दवाएं अस्पताल के द्वारा ही उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके बाद उन्होंनें संचारी रोग एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया जिसके बाद एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें सीएचसी स्टाफ आशा वर्कर्स तथा बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया।



रैली का शुभारंभ करती विधायिका

# किशोरों को रौंदने वाले ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**संवाददाता।** तिकुनियां-खीरी

**तिकुनियां कौड़ियाला** रोड पर मंडी समिति के पास स्थित कंजर टोला में दो किशोरों को एक अज्ञात ट्रक ने उस समय रौंद दिया था जब वह अपने घर के बाहर सो रहे थे। इस घटना में एक युवक घायल भी हुआ था। पीड़ित किशोर के पिता बुधराम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक और ट्रक के विरुद्ध मुकदमा कायम कर जांच पड़ताल तेज की थी। पुलिस ने 4 दिन पहले एक ट्रक को पकड़कर कोतवाली में खड़ा किया थाएलेकिन उसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की थी। विवेचना के 2 दिन बाद पुलिस ने पकड़े गए ट्रक से ही घटना होने का दावा किया है। चालक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। इस बाबत कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि कंजर टोला में दो किशोरों पर 24 मार्च की देर रात एक ट्रक ने घटना को अंजाम दिया था जिसमे दो लोगो की मौत हो गई थी और एक व्यक्ति घायल हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। ट्रक का पता चल गया है। जो ट्रक यूपी70एटी0573 कब्जे में लिया गया था वही घटना में शामिल था। ट्रक के मालिक और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।



# बचके रहना बाबा निघासन के इस दरोगा से!

**संवाददाता।** निघासन-खीरी

**अपनी साफ** सुथरी छवि व न्यापरक व्यवस्था के कारण योगी सरकार को प्रदेश की जनता ने दोबारा सत्ता की चाबी सौंपी है। प्रदेश के मुखिया योगी ने भ्रष्ट अफसरों व भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम अब पहले से भी तेज कर दी है लेकिन निघासन में मामला ठीक इसका उलट चल रहा है। क्षेत्र की कोतवाली चला रहा एक दरोगा इन दिनों तरक्की की राह पर है। यह भ्रष्ट दरोगा निघासन में योगी सरकार की लुटिया डुबोने पर तुला है।

जी हां हम बात कर रहे हैं जनपद निघासन की सबसे संवेदनशील कोतवाली निघासन की। यह कोतवाली जादुई गिलास, मोरपंखी, करामती चश्मा आदि के लिये विश्वविख्यात है। हर साल देश विदेश से सैकड़ों लोग इन काल्पनिक चीजों को पाने के यहां आ जाते हैं और ठगी का शिकार होकर चले जाते हैं। इस ठगी के गोरखधंधे में पुलिस जमकर डुबकी लगाती है। यही कारण है कि पुलिस वालों की यह कोतवाली पहली पसंद बनी हुई है। लम्बी दूरी तय कर अपने अरमानों को अमली जामा पहनाने निघासन पहुंचे कोतवाल चन्द्रभान सिंह व इनका मुंह लगा दरोगा जेपी यादव इन दिनों चर्चा में हैं। कोतवाली में शिकायत लेकर जाने वाले फरियादियों से कोतवाल चंद्रभान न तो कभी मिलना पसंद करते हैं और न ही उनकी समस्या सुनना। पुलिस स्टाफके लोग बताते हैं कि वह अकसर अपने कमरे पर लेटकर स्वास्थ्य लाभ का आनंद लेते हैं। अगर कोई फरियादी कमरे के आसपास फटक भी जाए तो स्टाफ को लताड़ झेलनी पड़ती है।

लोगों का आरोप है कि जब से चंद्रभान कोतवाली आएं हैं एक भी लूट व चोरी का खुलासा नहीं कर पाए हैं और न ही किसी मामले की अब तक रिपोर्ट दर्ज की है। अब कोल्हू पर गन्ना बेंचने वाले किसानों का गन्ने का बकाया पैसा लेकर भगाने का आरोप भी पुलिस पर लग रहा है। जगनपुरवा निवासी राजू, राम कुमार, कौशल, हरीराम, दुर्गा पुरवा निवासी पतिराम व निघासन निवासी शैलेश ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर मांग की है कि टांडा पुलिया के पास मेरठ का एक व्यापारी कोल्हू चला रहा था। एक सप्ताह पूर्व वह सैकड़ों किसानों से उधार गन्ना खरीदकर भाग गया है। जब किसानों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने व्यापारी के भाई को दबोच कर पुलिस से शिकायत की।

व्यापारी के भाई को पुलिस कोतवाली लेकर आई और दो दिन के बाद दो लाख रूपये लेकर छोड़ दिया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर किसानों को उनकी खून पसीने की कमाई कौन दिलायेगा। बीते 14 मार्च को कुर्मिनपुरवा के पास जुम्मन पुरवा निवासी जमशेद से हुई लूट की घटना का पुलिस ने मामला भी दर्ज नहीं किया उल्टे जमशेद पर पुलिस मामले को दबाए रखने का दबाव बना रही है। इस बावत कोतवाल चंद्रभान सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में काम अधिक है इसलिये दरोगा जी काम देख लेते हैं। रातभर जागता हूं इसलिये दिन में सो लेता हूं।

# रमियाबेहड़ सीएचसी में संचारी रोग अभियान की दिलाई शपथ

**संवाददाता।** ढखेरवा-खीरी



**विकासखंड** रमिया बेहड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई जिस के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पुत्र आशीष वर्मा रहे। जिन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गर्मी का मौसम आने के कारण मच्छर जनित रोगों के फैलने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है जिसके तहत 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें समस्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आशा बहुओं को अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा ने शपथ दिलाई इस अवसर पर डॉ अनिल वर्मा ने कहा कि गंदगी के कारण बीमारियां फैलती हैं और रोगों का विस्तार होता है जानलेवा बीमारियों के वायरस लोगों में सक्रिय हो जाते हैं जिससे जान जाने का खतरा बना रहता है इस अवसर पर बीसीपीएम अनिल कुमार ने बताया कि सभी आशा बहू ने अपने.अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को साफ-सफाई के बारे में जागरूक करें तथा दिमागी बुखार और उपचार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित होने पर सरकारी अस्पताल पर जाने के लिए प्रेरित करें लोगों को बताएं कि पूरे आस्तीन के कपड़े पहने एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें घर के आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें एवं कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें। हाथों को साबुन से धोने के बाद ही खाना खाएं जितना लोग साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे। उतना ही लोग स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख रमियाबेहड़ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिलाल अहमद तथा स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## नेपाल से...

नागरिकों की मदद करने और उन्हें दवाएं और ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए भी मोदी को धन्यवाद दिया। नेपाल इस क्षेत्र में अपने समग्र रणनीतिक हितों के संदर्भ में भारत के लिए महत्वपूर्ण है, और दोनों देशों के नेताओं ने अक्सर सदियों पुराने रोटी-बेटी के संबंधों को रेखांकत किया। भारत और नेपाल एक पर्यटन सर्किट बनाने पर काम कर रहे हैं जो दोनों देशों में स्थित तीर्थ स्थलों को जोड़ता है। वाराणसी का विश्वनाथ मंदिर उस दृष्टि का हिस्सा है जो भक्तों को काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर से जोड़ने का इरादा रखता है। मोदी ने दोनों पक्षों के बीच सीमा पर अवैध गतिविधियों और अपराध को रोकने के संयुक्त प्रयासों का भी जिक्र किया। भारत और नेपाल की सीमा खुली है और दोनों पक्षों से सीमा पर सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने के उपाय करने की उम्मीद है। शनिवार को हुए समझौते की बारीकियां बताते हुए श्रृंगला ने कहा कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन ने दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

## खाना, तेल...

करने के साथ ही आवश्यक चीजों की किल्लत झेलनी पड़ रही है। स्वतंत्र थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी ऑल्टरनेटिव्स ने आपातकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा, प्रतिबंधों से संविधान द्वारा प्रदत्त कुछ मौलिक अधिकार बाधित हो सकते हैं। इनमें अभिव्यक्ति की आजादी से लेकर सभा, आवाजाही, धर्म, संस्कृति और भाषा की स्वतंत्रता शामिल है। अधिवक्ताओं ने बताया कि ए प्रतिबंध पुलिस को गैरकानूनी रूप से एकत्रित होने वाले लोगों को गिरफ्तार करने की असीम शक्ति देते हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधों पर उनके क्रियान्वयन के हर 30वें दिन संसद की मंजूरी ली जानी चाहिए। आपातकाल की घोषणा उस समय की गई है, जब अदालत ने राजपक्षे के आवास के सामने प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों के एक समूह को जमानत देने का आदेश दिया है। अधिवक्ता नुवान बोपागे ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 54 प्रदर्शनकारियों में से 21 को जमानत दे दी गई है, जबकि छह को चार अप्रैल तक के लिए रिमांड पर भेजा गया है और बाकी 27 घायल अवस्था में अस्पतालों में भर्ती हैं।

## भारत ने...

जेमिनी लोकुज को सौंप दी गई। भारत ने पेट्रोलियम उतपादों की खरीद के लिए 50 करोड़ डॉलर की ऋण सहायता की फरवरी में घोषणा के बाद श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए हाल ही में एक अरब डॉलर की ऋण सहायता की घोषणा की थी। उच्चायोग ने लिखा, ऋण सहायता के तहत यह चौथी खेप है। पिछले पचास दिनों में भारतीय कुओं से श्रीलंका के लोगों तक दो लाख टन ईंधन की आपूर्ति की गई। श्रीलंका फिलहाल इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। ईंधन, रसोई गैस के लिए लंबी कतारें, आवश्यक वस्तुओं की कम आपूर्ति और बिजली की लंबी कटौती के कारण श्रीलंका में अशांति पैदा हो गई है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया...

और मत्स्य उत्पाद, चमड़ा, जूते, फर्नीचर, खेल उत्पाद, आभूषण, मशीनरी, इलेक्ट्रिक सामान और रेलवे वैगन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को विशेष लाभ होगा। इंडऑस ईसीटीए के लागू होने के पहले ही दिन 6,000 से अधिक व्यापक क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में तुरंत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया करीब 6,500 व्यापक क्षेत्रों में जबकि भारत 11,500 से अधिक व्यापक क्षेत्रों में कारोबार करता है। ऑस्ट्रेलिया कच्चे माल और मध्यवर्ती उत्पादों का अधिक निर्यात करता है जिससे भारत में कई उद्योगों को सस्ती दर पर कच्चा माल मिल सकेगा। इससे वे खासकर इस्पात, एल्युमिनियम और परिधान के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। हालांकि संवदेनशील क्षेत्रों की सुरक्षा की खातिर भारत ने कई वस्तुओं को विशिष्ट श्रेणी में रखा है जिसमें ऑस्ट्रेलिया से होने वाले आयात पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी जाएगी। ऐसे उत्पादों में दूध तथा अन्य डेयरी उत्पाद, खिलौने, सूरजमुखी, वनस्पति तेल, अखरोट, पिस्ता, प्लेटिनम, गेहूं, चावल, बाजरा, सेब, चीनी, ऑइल केक, सोना, चांदी, चना, आभूषण, लौह अयस्क और ज्यादातर चिकित्सा उपकरण शामिल हैं।

## मेधा पाटेकर...

2020 से मार्च 2021 तक अलग-अलग राशि के छह चरणों में लगभग 62 लाख रुपये का दान भी मिला है। यह इस तथ्य के मद्देनजर चिंताजनक है कि मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड रक्षा मंत्रालय के तहत केंद्र सरकार का उपक्रम है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), जिसे पहले मझगांव डॉक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। यह मुंबई के मझगांव में स्थित एक सार्वजनिक क्षेत्र का शिपयार्ड है जो भारतीय नौसेना के लिए युद्धपोतों और पनडुब्बियों का निर्माण करता है। यह अपतटीय प्लेटफार्मों और अपतटीय तेल ड्रिलिंग, टैंकरों, कार्गो थोक वाहक, यात्री जहाजों और घाटों के लिए संबद्ध समर्थन जहाजों के निर्माण में भी लगा हुआ है। मझगांव डॉक के एचडीएफसी बैंक खाते से छह एनईएफटी के माध्यम से एनएनए के बैंक ऑफ इंडिया खाता संख्या-001010100064503 में फंड स्थानांतरित किया गया था। शिकायतकर्ता संजीव कुमार झा जो गाजियाबाद निवासी हैं, ने कहा कि विनम्र और मितव्ययी वयक्तित्व के रूप में अपनी पहचान रखने वालीं मेधा पाटकर के एनजीओ के खाते में करोड़ों रुपये के ये लेन-देन से स्पष्ट होता है कि उनकी संस्था पर्याप्त धन से भरी है जो अब तक सरकारी जांच एंजेसियों से बची हुई थी। पाटेकर और उनके एनजीओ ने राष्ट्रीय महत्व की हर परियोजना/नीति का विरोध करने का इतिहास रहा है।

## शिवपाल ने...

शनिवार (हिंदू नव वर्ष का पहला दिन) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा को ट्विटर पर फॉलो करना शुरू कर दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या इस कदम को उनके भगवा खेमे में जाने की संभावना के रूप में देखा जाए, इस पर मिश्रा ने कहा कि वह संभावनाओं से इंकार नहीं करते। उन्होंने अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में कहा कि राजनीति में संभावनाएं हमेशा जीवित रहती हैं।

## आर्यन खान...

सैल की अचानक मौत संदिग्ध लग रही है और मैंने डीजीपी को मामले की जांच करने का आदेश दिया है। पुलिस ने उपनगरीय आरसीएफ थाने में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज करके जांच शुरू की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सैल पिछले कुछ दिनों से माहुल इलाके में किराए के मकान में रह रहा था। सैल के वकील तुषार खंडारे ने इस बात की पुष्टि की है कि उनके मुवक्किल की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। उन्होंने कहा कि सैल के परिजनों को किसी साजिश की आशंका नहीं है। सैल ने क्रूज मादक पदार्थ मामले में एनसीबी के गवाह के.पी.गोसावी का अंगरक्षक होने का दावा किया था। उसने एक हलफनामे में कहा था कि क्रूज से अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी होने के बाद उसने गोसावी को 25 करोड़ रुपए में समझौता करने की बात कहते हुए सुना था।

## शराब पर...

सख्ती से पालन करेंगे और यदि कोई उल्लंघन पाया जाता है, तो उनके खिलाफ दिल्ली आबकारी अधिनियम और अन्य नियमों के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश में कहा गया है कि सरकार किसी भी समय छूट वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखती है। सरकार किसी भी दायित्व के अधीन नहीं होगी और दिल्ली में शराब की बिक्री पर छूट की अनुमति देने के लिए सरकार पर बाध्यकारी नहीं होगा। मालूम हो कि कोविड-19 से संबंधित दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के उल्लंघन और कुछ लाइसेंसधारियों द्वारा दी गई अनियमित छूट के कारण आबकारी विभाग ने 28 फरवरी को बिक्री पर छूट और रियायतें वापस लिया था। दिल्ली सरकार ने पिछले साल विभिन्न श्रेणियों के लाइसेंस देने के लिए नियम और शर्तों के साथ आबकारी नीति 2021-22 को मंजूरी दी थी। यह नीति 17 नवंबर, 2021 को लागू हुई थी। आबकारी विभाग द्वारा 849 फुटकर शराब अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए जारी निविदा प्रपत्र के अनुसार आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित शराब की एमआरपी पर छूट देने हेतु अनुज्ञापी स्वतंत्र।

## राजस्थान में...

पूर्ण है, लेकिन नियंत्रण में है। पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बताया कि पत्थबाजी की घटना में 35 से अधिक लोग घायल हुए हैं जिनमें से पांच-सात लोगों को करौली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को जयपुर रेफर किया गया है जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाके से जब बाइक रैली गुजर रही थी उसी दौरान कुछ उपद्रवियों ने रैली पर पथराव किया जिससे तनाव पैदा हुआ और कुछ दुपहिया वाहनों व दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया।

# देश में प्रजातंत्र के लिए खतरा हैं पारिवारिक पार्टियां: नड्डा

**भाषा।** जयपुर

**भाजपा के** राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि पारिवारिक पार्टियां देश के प्रजातंत्र के लिए खतरा हैं और यह प्रजातंत्र के लिए अच्छा नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि केवल उनकी पार्टी (भाजपा) विचारधारा पर आधारित है। उन्होंने यह बात सवाईमाधोपुर में प्रदेश भाजपा के अनुसूचित जनजाति विशिष्ट जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। नड्डा ने कहा कि भाजपा भारत की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो विचारधारा पर आधारित है।

भाजपा अध्यक्ष ने सवाल किया, जम्मू कश्मीर का संविधान, भारत का अभिन्न अंग होना चाहिए था या नहीं होना चाहिए था? आप कांग्रेसवालों से पूछिए क्या हो गया था उनको उस दिन (जिस दिन अनुच्छेद 370 को निष्क्रिय करने के लिए विधेयक आया था) संसद के अंदर, जो वे इसके विरोध में खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि आप पूछिए पारिवारिक पार्टियों से कि क्या हो गया था [8230] क्यों चले गए थे वे विचारधारा छोड़कर, क्यों भटक गए थे...[8230] कहते हो इंडियन नेशनल कांग्रेस .. ना तुम इंडियन रह गए हो.. न भारतीय रहे[8230], न तुम नेशनल रह गए हो.. कांग्रेस तो परिवार की पार्टी बन गई है, भाई – बहन की पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी, हरियाणा की लोकदल, पश्चिम बंगाल की टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस), तेलंगाना और तमिलनाडु की पार्टियां और तो और महाराष्ट्र में एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) और शिवसेना भी परिवार की पार्टियां बन गई हैं,[8230] यह देश के लिए खतरनाक है.. कहने को ए क्षेत्रीय पार्टी बनती है और बाद में ए पारिवारिक पार्टियां हो जाती हैं। नड्डा ने कहा कि यह तथ्य है कि भाजपा सदस्यता और अनुसरण करने वालों के लिहाज से सबसे बड़ी पार्टी है और यह आगे



बढ़ेगी लेकिन ए पार्टियां (कथित पारिवारिक पार्टियां) देश में प्रजातंत्र के लिए खतरा हैं, जिसे हमें समझना चाहिए क्योंकि यह प्रजातंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में संसद अच्छी तरह से चल रही है, सभी को साथ लेकर चल रहे हैं, यह हमारी ताकत है जिसे हमें समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पांच राज्यों में से चार में विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की और उत्तरप्रदेश में आजादी के बाद पहली बार योगी आदित्यनाथ लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। नड्डा ने कांग्रेस पर आदिवासियों और दलितों के खिलाफ होने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आदिवासियों और दलितों का कल्याण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी थी जिसके उम्मीदवार ने बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी वंशवाद की राजनीति में व्यस्त रही और दलितों, आदिवासियों की कभी परवाह नहीं की। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि पहले राजनेता जनता के बीच नहीं दिखाई देते थे और दूर से ही हाथ हिलाते थे, लेकिन यह मोदी ही थे जिन्होंने संस्कृति रिपोर्ट कार्ड की शुरूआत की। नड्डा ने राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है और सत्तारूढ़ दल के विधायक थानाधिकारी को गाली देते हैं और राज्य में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान की गहलोत सरकार की भर्त्सना करता हूं। यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ से डूबी हुई है। पैसा कमाने से फुर्सत ही नहीं है। सरकार को राजस्थान की जनता की चिंता करने की फुर्सत ही नहीं है कोई ख्याल ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछले 38 माह में छह लाख 51 हजार आपराधिक मामले दर्ज हुए और प्रतिदिन 18 दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया, आदिवासियों और दलितों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध राजस्थान में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दलितों का सबसे ज्यादा उत्पीड़न हुआ और राष्ट्रीय अपराध ब्यूरों के आंकड़ों को अगर हम देखे तो पता चलता है कि पिछले तीन सालों में दलितों और आदिवासियों पर सबसे ज्यादा अपराध राजस्थान में हुआ है। उन्होंने सवाल किया कि क्या ऐसी व्यवस्था रहने देना चाहिए? नड्डा ने कहा कि जो ए जो कांग्रेस के नेता पुलिस को धमका कर कानून व्यवस्था को अपने हाथ में ले रहे हैं क्या आप यही स्थिति चाहते हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह सही नहीं है कि आने वाले समय में इनको घर बिठाना जरूरी है.. मैं आपसे निवेदन करूंगा कि प्रजातांत्रिक तरीके से लोगों में अमल जगाओ.. आदिवासी भाइयों को बताओं कि उनका सही रक्षक नरेन्द्र मोदी है। सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, राज्यसभा सांसद और आदिवासी नेता किरोड़ी लाल मीणा सहित पूर्वी राजस्थान खासतौर पर भरतपुर संभाग के सात जिलों (भरतपुर, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, अलवर, करौली, टोंक, दौसा) से आए अन्य कई बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

## क्विक न्यूज



हैदराबाद में चेतक हेलीकॉप्टर के 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वायुसेनाध्यक्ष वीआर चतुर्वेदी रक्षामंत्री को प्रतीक चिन्ह देते हुए

### 10-टन वजनी भारतीय बहु-उद्देशीय हेलीकॉप्टर पर प्रगति की आवश्यकता : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने पांच टन श्रेणी में हेलीकॉप्टरों के डिजाइन, विकास और संचालन में अपनी क्षमता दिखाई है और वैश्विक नेता बनने के लिए 10-टन वजनी भारतीय बहु-उद्देशीय हेलीकॉप्टर के डिजाइन में प्रगति की आवश्यकता है। सिंह ने यहां चेतक हेलीकॉप्टर के हीरक जयंती समारोह में कहा कि एक अनुमान के मुताबिक, भारत में1,000 से अधिक अलैच्य हेलीकॉप्टरों की मांग है और इतनी ही संख्या में सैन्य क्षेत्र में हेलीकॉप्टरों की मांग है, जो हेलीकॉप्टर बाजार में असीम क्षमता का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि बाहरी परिस्थितियों ने भारत के अहम हथियारों और उपकरणों की सेवा-योग्यता पर असर डाला है और अतः आत्म-निर्भरता का प्रयास वक्त की मांग है।

### नज़र आया रमज़ान का चांद, रविवार को होगा पहला रोज़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में शनिवार को रमज़ान के मुक़द्दस (पवित्र) महीने का चांद नज़र आ गया। लिहाज़ा पहला रोज़ा रविवार को होगा। चांदनी चौक स्थित फ़तेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मुफ़्ती मोहम्मद मुकर्रम अहमद ने पीटीआई-भाषा को बताया, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान समेत कई राज्यों में शनिवार शाम में चांद नज़र आ गया है। उन्होंने कहा कि इस्लामी कलेंडर के नौवें महीने का रमज़ान का पहला दिन रविवार, तीन अप्रैल को होगा यानी पहला रोज़ा होगा। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैय्यद अहमद बुखारी ने कहा, हिंदुस्तान के अलग अलग शहरों में रमज़ान का चांद नज़र आया है, लिहाज़ा ऐलान किया जाता है कि तीन अप्रैल को पहला रोज़ा होगा। मुस्लिम संगठन इमारत-ए-शरिया-हिंद ने एक बयान में कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में चांद नज़र आने की पुष्टि हुई है। संगठन की रूयत-ए-हिलाल समिति (चांद समिति) के सचिव असदुद्दीन कासमी के हवाले से बयान में कहा गया है कि मुल्क में तीन अप्रैल से रमज़ान के महीने का आगाज़ हो रहा है। इमारत-ए-शरिया-हिंद, जमीयत-उलेमा-ए-हिंद का हिस्सा है।

### आकाशवाणी ने छात्रों व रोजगार तलाशने वालों के लिए साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** आकाशवाणी (एआईआर) ने रोजगार की तलाश करने वालों और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए शनिवार को एक कार्यक्रम की शुरुआत की। एआईआर के समाचार सेवा प्रभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 30 मिनट के कार्यक्रम अभ्यास की पहली कड़ी का प्रसारण शनिवार को रात साढ़े नौ बजे 100.1 एफएम गोल्ड पर किया जाएगा। बयान में कहा गया कि छात्रों और विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों तक पहुंचना इस कार्यक्रम का लक्ष्य है। बयान में कहा गया, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभ्यास की पहली कड़ी का प्रसारण आधुनिक इतिहास विषय पर आज रात साढ़े नौ बजे 100.1 एफएम गोल्ड पर किया जाएगा। बयान के अनुसार, श्रोता इस कार्यक्रम को आकाशवाणी के ट्विटर, यूट्यूब चैनल और न्यूजऑनएयर ऐप पर भी सुन सकते है। आकाशवाणी ने कहा कि यह कार्यक्रम हिंदी में होगा और इसे हर शनिवार रात साढ़े नौ बजे से 10 बजे के बीच प्रसारित किया जाएगा। अगले सप्ताह भारतीय राजव्यवस्था और संविधान पर कार्यक्रम होगा।

### नव वर्ष के उपलक्ष्य में निकली रैली पर पथराव से भड़की हिंसा

**जयपुर।** राजस्थान के करौली जिले के फूटा कोट इलाके में शनिवार को नव संवत्सर के उपलक्ष्य में अल्पसंख्यक समुदाय बहुल इलाके से गुजर रही एक बाइक रैली पर पथराव के बाद एक दुकान और एक बाइक को आग के हवाले कर दिया गया जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इलाके में तनाव उत्पन्न होने पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी लोगों को समझाने व शांत कराने का प्रयास कर रहे है। पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय बहुल इलाके से गुजर रही बाइक रैली पर पथराव के बाद इलाके में आगजनी की घटनाएं हुईं। उपद्रवियों ने एक बाइक और एक दुकान को आग के हवाले कर दिया। क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह सहित कई आला अधिकारी मौके पर मौजूद है।

### जम्मू-कश्मीर शस्त्र लाइसेंस जारी करने के मामले में ईडी ने 4.69 करोड़ की संपति जब्त की

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में 2012 से 2016 के बीच कथित अवैध शस्त्र लाइसेंस जारी करने से जुड़े धन-शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 4.69 करोड़ रुपए की संपति जब्त की है। ईडी ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, बैंक में जमा राशि, प्लॉट, फ्लैट और मकानों की कुर्की के लिए धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया है। ईडी ने इस मामले में पिछले महीने एक आईएएस अधिकारी, कश्मीर प्रशासनिक सेवा के कुछ अधिकारियों और अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ ही शस्त्र डीलरों के खिलाफ छापेमारी की थी। तब ईडी ने कहा था कि उसने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए है, जिससे हथियार डीलरों और नौकरशाहों के बीच लेन-देन की जानकारी मिली है। बयान में कहा गया, कई हथियार डीलरों और जम्मू-कश्मीर के दलालों की मिलीभगत से जम्मू-कश्मीर के सरकारी अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करके आर्थिक लाभ के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी करने के मानदंडों, प्रक्रिया और नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया और उसने संपत्ति अर्जित की। ईडी ने आरोप लगाया कि शस्त्र लाइसेंस जारी करने और रक्षा कर्मियों के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए सरकारी अधिकारियों ने शस्त्र डीलरों और दलालों से कमीशन के तौर पर राशि सीधे अपने और अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में प्राप्त की।

### भाजपा का आरोप, शिवसेना फडणवीस सरकार में हुए कामों का श्रेय ले रही

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा मुंबई में दो नई मेट्रो रेल लाइन का उद्घाटन करने से पहले विपक्षी भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि शिवसेना राज्य में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में किए गए कार्यों का श्रेय ले रही है। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने ट्वीट किया कि 2014 से 2019 के बीच फडणवीस सरकार के दौरान इन दो मेट्रो लाइन के साथ-साथ कई अन्य लाइन को भी मंजूरी दे दी गई थी और इनका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था। प्रदेश भाजपा ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन की स्पष्ट नीति है कि मेट्रो लाइन के निर्माण की जब योजना बनाई जा रही हो तो उसका विरोध करो और जब वे बनकर तैयार हो जाएं तो उद्घाटन करके विकास का श्रेय लो। विपक्षी दल ने दावा किया कि 2019 के अंत में एमवीए सरकार के सत्ता में आने के दौरान कुछ लाइन पर काम भी शुरू नहीं हुआ था। भाजपा ने आरोप लगाया कि लाइन-3 पर काम ठप पड़ गया था, क्योंकि शिवसेना आरे कॉलोनी के बजाय कांजुरमार्ग में एक भूखंड पर कारशेड बनाने पर जोर दे रही है, जो कि कानूनी लड़ाई में फंसा हुआ है। विपक्षी दल ने कहा कि वह शाम को होने वाले उद्घाटन समारोह का बहिष्कार कर रही है, क्योंकि राज्य सरकार ने फडणवीस को आमंत्रित नहीं किया है।

### एनएमसी ने मेडिकल छात्रों को महर्षि चरक शपथ दिलाए जाने की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** चिकित्सा शिक्षा नियामक राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने सिफारिश की है कि एमबीबीएस के नए पाठ्यक्रमों में और देश में इसकी पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए हिप्पोक्रेटिक ओथ के स्थान पर महर्षि चरक शपथ दिलाई जानी चाहिए। नए दिशा निर्देशों के अनुसार, किसी अभ्यर्थी के चिकित्सा शिक्षा में दाखिला लेने पर संशोधित महर्षि चरक शपथ दिलाए जाने की सिफारिश की जाती है। दिशा निर्देशों में हर साल 12 जून से 10 दिवसीय योग फाउंडेशन कोर्स कराने की सिफारिश भी की गई है जो 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खत्म होगा। संशोधित दिशा निर्देशों के अनुसार, फाउंडेशन कोर्स के दौरान योग प्रशिक्षण शुरू करने की सिफारिश की जाती है। प्रत्यक्ष वर्ष 12 से 10 दिनों की अवधि के दौरान हर दिन अधिकतम एक घंटे के लिए योग अभ्यास किया जाए और यह योग अभ्यास देशभर में सभी चिकित्सा विद्यालयों में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी कि 21 जून को खत्म होगा। गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में संसद में कहा कि महर्षि चरक शपथ वैकल्पिक होगी और यह मेडिकल छात्रों पर जबरन थोपी नहीं जाएगी।

## पूर्वोत्तर अब भारत की मुख्यधारा का हिस्सा: भाजपा

**नई दिल्ली।** असम, नगालैंड और मणिपुर के अधिकांश हिस्सों से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (आफस्पा) को हटाने संबंधी केंद्र के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति बहाल हुई है और यह क्षेत्र अब मुख्यधारा का हिस्सा बन गया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, जो अरुणाचल प्रदेश से लोकसभा सांसद हैं, ने कहा कि इस क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और विद्रोही समूहों के साथ बातचीत के दोतरफा दृष्टिकोण का फायदा मिला है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक रंगीन, सुंदर और शांतिपूर्ण पूर्वोत्तर देशभर के लोगों की प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने इस क्षेत्र की यात्रा और यहां निवेश की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इस क्षेत्र को तबाह कर दिया था।

## कारीगरों ने कहा- अल्पसंख्यकों के पिछड़े वर्गों के हुनर और उद्यमिता को आगे बढ़ा रहा है हुनर हाट

**भाषा।** नई दिल्ली

**अल्पसंख्यक कार्य** मंत्रालय की ओर से आयोजित होने वाले हुनर हाट में शामिल कारीगरों ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार का यह आयोजन अल्पसंख्यक समुदायों के पिछड़े वर्गों के पुश्तैनी हुनर की विरासत और उद्यमिता को आगे बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बन गया है। असम के सिलचर की निवासी और लकड़ी की पुश्तैनी कारीगरी का काम करने वाली ताहिरा बेगम ने कहा, कोविड काल में हुई आर्थिक तंगी से उबरने और अब अपने परिवार का बेहतर तरीके से पालन-पोषण करने में हुनर हाट किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह उद्यमिता को बढ़ावा दे रहा है।

दिल्ली की निवासी और चित्रकार महजबीन बानो एक दिव्यांग हैं। उनका कहना है कि उन्होंने हुनर हाट में हुई कमाई से अपना खुद का एक घर खरीद लिया है। कई हुनर हाट में बिरयानी का स्टॉल लगा चुके हैदराबाद निवासी जोहेब ने कहा, कोरोना संकट के समय मुझ पर बहुत कर्ज हो गया था। लेकिन हुनर हाट के चलते अब मैं कर्ज से मुक्त हो गया हूं। हुनर हाट ने अल्पसंख्यक समुदायों के पिछड़े वर्गों के सशक्तीकरण में मदद की है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 'हुनर हाट' लुप्त हो रही दस्तकारों, शिल्पकारों की पुश्तैनी, परंपरागत कारीगरी, शिल्पकारी की विरासत के संरक्षण और संवर्धन का प्रभावी मंच साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि गत छह वर्षों के अल्पकाल में ही आयोजित हुए 39 हुनर हाट में 9 लाख से अधिक दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों को रोजगार और रोजगार के अवसर मुहैया कराए गए हैं। चालीसवां 'हुनर हाट' जल्द ही मुंबई में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।




प्रयागराज में भारतीय नववर्ष के अवसर पर पथ संचलन में भाग लेते आरएसएस के कार्यकर्ता

## उत्तर पश्चिम रेलवे ने रिकॉर्ड 680 किमी रेलमार्ग का विद्युतीकरण पूरा किया

**भाषा।** जयपुर

**उत्तर पश्चिम** रेलवे ने वर्ष 2021-22 में पर्यावरण अनुकूल रेल संचालन के लिए रिकॉर्ड 680 किलोमीटर लंबे रेलमार्गों का विद्युतीकरण किया है। एक सरकारी बयान के अनुसार वर्ष 2021-22 में विद्युतीकरण कार्य पूर्ण करने में उत्तर पश्चिम रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे के बाद दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे के अंतर्गत आने वाले कुल 2,864 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण हो गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे दिसंबर 2023 तक सभी रेलखंडों को विद्युतीकृत करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे अब तक 2,864 किलोमीटर रेल लाइन पर विद्युतीकरण कर चुका है। किरण ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2021-22 में 680 किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया है जो रेलवे जोन में दूसरा सबसे अधिक मार्ग विद्युतीकृत करने वाला जोन है। किरण के अनुसार इस वर्ष अजमेर-दौराई, ब्यावर-गुड़िया, मदार-बाईपास-आदर्शनगर, नोहर-हनुमानगढ़, चूरू-रतनगढ़, रींगस-सीकर-झुंझुनू-लोहारू, मदार-पुष्कर, रतनगढ़-सरदारशहर-बनीसर, हिसार-सूरतपुरा एवं मारवाड़-लूनी-जोधपुर रेलखंडों का विद्युतीकरण पूरा हुआ है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मारवाड़-लूनी व लूनी-जोधपुर रेलखंड के 104 किलोमीटर मार्ग का रिकार्ड समय में विद्युतीकरण किया गया है जिसके बाद जोधपुर का विद्युतीकृत रेललाइन से सम्पर्क स्थापित हो गया है। इन रेलखंडों पर विद्युतीकरण होने से जोधपुर मंडल भी विद्युतीकृत रेल लाइनों वाले मंडलों में शामिल हो गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2021-22 में 47 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन डीजल के बजाय बिजली चालित इंजन से करने की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में उत्तर पश्चिम रेलवे की कुल 68 जोड़ी यात्री ट्रेनों को बिजली के इंजन से चलाया जा रहा है।

## हलाल मांस बेचने वाले मुसलमान से मारपीट के आरोप में बजरंग दल के पांच कार्यकर्ता गिरफ्तार

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक के** शिवमोगा जिले में बजरंग दल के पांच कार्यकर्ताओं को हलाल मांस बेचने के संदेह में एक मुस्लिम कारोबारी पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर राज्य में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का हलाल उत्पादों का बहिष्कार अभियान तेज हो गया है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने लोगों से हिंदू नव वर्ष उगादी और होसा तड़ाकू त्योहारों को कानून-व्यवस्था को भंग किए बिना शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उगादी के एक दिन बाद मनाए जाने वाले होसा तड़ाकू के दौरान मांसाहारी भोजन पसंद करने वाले हिंदू मांस और चिकन (मुर्गा) पकाते हैं। दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने हिंदुओं से हलाल मांस न खरीदने की अपील की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मुसलमान जानवर को अल्लाह के नाम पर कुर्बान करते हैं इस तरह का बासी भोजन परोसना हिंदू देवी-देवताओं का अपमान होगा। शिवमोगा के पुलिस अधीक्षक बी एम लक्ष्मी प्रसाद ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि बृहस्पतिवार को भद्रावती शहर में दो घटनाएं हुईं। पहली घटना होसमाने पुलिस थाना क्षेत्र में और दूसरी पुराने शहर थाना क्षेत्र में हुई। प्रसाद ने कहा कि होसमाने थाना क्षेत्र में पांच लोगों ने दुकान पर जाकर गैर हलाल मांस की मांग की और नहीं देने पर दुकान बंद करा दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उन्होंने दुकान में एक लड़के के सिर पर हाथों से हमला किया। अधिकारी ने कहा कि इसी तरह ओल्ड टाउन थाने में मामला दर्ज किया गया, जहां कुछ लोगों ने जनता होटल में जाकर मालिक से हलाल मांस न बेचने को कहा। अधिकारी ने बताया कि जब एक ग्राहक ने पूछताछ की, तो उसके साथ मारपीट की गई।

प्रसाद ने कहा, दोनों मामलों में समान आरोपियों को नामजद किया गया है। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी पहचान वडिवेलु, श्रीकांत, कृष्णा, सवाई सिंह और गुंडा के रूप में हुई है। बेंगलुरु में, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ‍मैंने संवाददाताओं से कहा, मैंने सभी जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों से कहा है कि लोग कानून-व्यवस्था को बिगाड़े बिना अपने त्योहार मनाएं। दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित लोगों के साथ शांति बैठकें बुलाई गई हैं, जहां उनसे सुनिश्चित करने को कहा गया है कि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाएं। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता अपने अभियान को तेज करते हुए शनिवार को भी सड़कों पर उतर आए और हिंदुओं से केवल झटका मांस का उपयोग करने की अपील की, जिसका अर्थ है कि किसी भी जानवर एक झटके में मार देना, ताकि उसे ज्यादा कष्ट न हो। अभियान चला रहे लोगों ने हिंदू मांस विक्रेताओं के साथ करार किया है और दुकानों पर 100% झटका प्रमाणित मांस के साइन बोर्ड लगाए हैं। हिंदू कार्यकर्ताओं ने 200 रुपए और उससे अधिक के मांस की खरीद पर 10 प्रतिशत की छूट और दुकानों के आठ किलोमीटर के भीतर मुफ्त होम डिलीवरी की पेशकश की है।

## पारंपरिक नव वर्ष उत्सव भारतीय संस्कृति का प्रतीक: वेंकैया नायडू

**भाषा।** हैदराबाद

**उपराष्ट्रपति एम.** वेंकैया नायडू ने शनिवार को कहा कि देशभर में विभिन्न नामों और रीति रिवाजों से मनाया जाने वाला पारंपरिक नव वर्ष जैसे कि उगादी, गुड़ी पड़वा, चैत्र शुक्लादी, चेटीचंड, साजिबू चेइराओबा, नवरेह भारतीय संस्कृति का प्रतीक है जो उसकी विविधता और उसमें अंतर्निहित एकता को दर्शाता है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यहां स्वर्ण भारत ट्रस्ट द्वारा आयोजित उगादी समारोह में नायडू ने युवाओं से भारतीय संस्कृति की रक्षा करने और प्रत्येक भारतीय त्योहार के पीछे की महत्ता को समझने का आह्वान किया।

उन्होंने कामना की कि पारंपरिक नव वर्ष के देश के लोगों की जिंदगी में समृद्धि एवं खुशी लाए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न संस्कृतियों के



लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने से समाज में सौहार्दता को बढ़ावा मिलता है। वसुदैव कुटुम्बकम के भारत के सभ्यागत मूल्य को याद करते हुए उन्होंने देश की प्रगति के लिए हर किसी से सतत प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, एकजुट रहिए और आगे बढ़िए, आत्म निर्भर भारत बनाइए। नायडू ने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में तेजी से वृद्धि कर रहा है और पूरी दुनिया देश से उम्मीद कर रही है। सार्वजनिक विमर्श में उच्च गुणवत्ता की बहस करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि किसी को भी विश्व मंच पर देश के दर्जे को कमतर नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी से प्रकृति का संरक्षण करने और सतत जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लेने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों खासतौर से युवाओं को निष्क्रिय जीवनशैली त्यागने और स्वस्थ आदतें अपनाने की भी सलाह दी। उपराष्ट्रपति ने सार्वजनिक जीवन में भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल की महत्ता पर जोर दिया और कहा, हर किसी को अपने दैनिक जीवन में मातृभाषा का यथासंभव उपयोग करना चाहिए। उन्होंने मातृभाषा को स्कूलों में कम से कम प्राथमिक स्तर तक पढ़ाने की भी इच्छा जताई और कहा कि प्रशासन और अदालतों में भारतीय भाषाओं का इस्तेमाल बढ़ना चाहिए।

## असम राज्यसभा चुनाव में एआईयूडीएफ ने क्रॉस वोटिंग की: कांग्रेस का दावा

**भाषा।** गुवाहाटी

**कांग्रेस ने** शनिवार को आरोप लगाया कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने असम में हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में अपने आधिकारिक प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान न कर सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में अपना वोट डाला, जिसके परिणामस्वरूप विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार की हार हुई। विपक्ष के नेता देवब्रत सैकिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि कांग्रेस के 27 विधायकों में से 25 ने हमारे संयुक्त उम्मीदवार को वोट दिया। एक वोट अयोग्य घोषित कर दिया गया जबकि दूसरे ने सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार को वोट दिया। अयोग्य वोट सिद्दीकी अहमद का था और दूसरा शशि कांत दास का था, जिन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे। दोनों विधायकों को कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है।

असम से राज्यसभा की दो सीटों के लिए बृहस्पतिवार को चुनाव हुआ था जिसमें सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों, पवित्रा मार्गेरिटा और रंगरा नारजारी विजेता हुए थे। उनका मुकाबला निवर्तमान सांसद एवं विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार रिपुन बोरा से था। मार्गेरिटा को 46 और नारजारी को 44 वोट मिले, जबकि बोरा को सिर्फ 35 वोट मिले। विधानसभा के सभी 126 सदस्यों ने मतदान किया था, जिसमें एक वोट अयोग्य घोषित किया गया था। सैकिया ने दावा किया कि बाकी सभी 25 कांग्रेस विधायकों ने बोरा को वोट दिया था, वहीं माकपा के एकमात्र विधायक और निर्दलीय विधायक ने भी उन्हें ही वोट किया था। बोरा को मिले 35 में से कुल 27 वोट इस तरह से मिले थे। उन्होंने कहा, जिस पार्टी ने 15 वोटों का आश्वासन दिया था, उसने हमारे पक्ष में केवल आठ वोट दिए और बाकी कहीं और गए। उनका इशारा परोक्ष तौर पर एआईयूडीएफ की ओर था जिसके सदन में 15 सदस्य हैं और उसने बोरा की उम्मीदवारी का समर्थन करने की घोषणा की थी। सैकिया ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने राज्य विधानसभा में भाजपा विधायकों की सदन के अंदर और साथ ही सदन के बाहर कथित टिप्पणी को लेकर विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया है कि कांग्रेस के विधायकों ने सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट दिया था। उन्होंने कहा, अध्यक्ष ने हमें इस पर गौर करने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने विपक्षी खेमे में अन्य दलों से परामर्श किए बिना चुनाव के लिए एआईयूडीएफ द्वारा अपना एजेंट नामित करने पर भी सवाल उठाया। सैकिया ने कहा, उन्होंने हमें बताए बिना ही रहस्यमय तरीके से अपने पोलिंग एजेंट की घोषणा कर दी।

# भारत, तुर्कमेनिस्तान में चार समझौतों पर हस्ताक्षर

**भाषा।** अश्गाबात



**भारत** और तुर्कमेनिस्तान ने आपदा प्रबंधन और वित्तीय आसूचना समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने तुर्कमेनिस्तान के अपने समकक्ष सर्दार बर्दीमुहामेदोव से मुलाकात की और शनिवार को यहां द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सहयोग का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की।

भारत के राष्ट्रपति की स्वतंत्र तुर्कमेनिस्तान की यह पहली यात्रा है, जो तुर्कमेनिस्तान के नए राष्ट्रपति बर्दीमुहामेदोव के पद संभालने के कुछ दिनों बाद हुई है। तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति बर्दीमुहामेदोव के साथ आज अपनी बैठक के दौरान, राष्ट्रपति कोविंद ने द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की तथा विभिन्न क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा, हम अपनी बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रयासों को तेज करने पर सहमत हुए हैं। आर्थिक संबंध द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हैं। हम द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने के लिए और अधिक प्रयास करने पर सहमत हुए। हमारे व्यापारिक समुदायों को अपने संपर्क को और मजबूत करना चाहिए, एक दूसरे के नियमों को समझना चाहिए और व्यापार तथा निवेश के नए क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए। दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) और अंतरराष्ट्रीय परिवहन एवं पारगमन गलियारे पर अश्गाबात समझौते के महत्व पर प्रकाश डाला। कोविंद ने कहा कि ईरान में भारत द्वारा निर्मित चाबहार बंदरगाह का उपयोग भारत और मध्य एशिया के बीच व्यापार में सुधार के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग आज की हमारी चर्चा के प्रमुख क्षेत्रों में से एक था। तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (तापी) पाइपलाइन पर, मैंने सुझाव दिया कि तकनीकी और विशेषज्ञ स्तर की बैठकों में पाइपलाइन की सुरक्षा और प्रमुख व्यावसायिक सिद्धांतों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। राष्ट्रपति कोविंद और उनके तुर्कमेनिस्तान समकक्ष के बीच वार्ता के दौरान, दोनों देशों ने आपदा प्रबंधन जैसे सहयोग के नए क्षेत्रों की भी पहचान की। कोविंद ने डिजिटलीकरण की दिशा में तुर्कमेनिस्तान द्वारा किए जा रहे प्रयासों के मद्देनजर उसके साथ साझेदारी करने के लिए भारत की इच्छा व्यक्त की और कहा कि अंतरिक्ष पारस्परिक रूप से सहयोग का एक अन्य क्षेत्र हो सकता है। कोविंद ने कहा, हमारे देश सदियों पुरानी सभ्यता और सांस्कृतिक संबंधों को साझा करते हैं। बातचीत के दौरान, मैंने एक दूसरे के क्षेत्र में नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के महत्व को रेखांकित किया। हमने दोनों देशों की आबादी को प्रभावित करने वाली कोविड-19 महामारी के प्रभावी प्रबंधन पर बारीकी से सहयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

तुर्कमेनिस्तान भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन ढांचे में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है, जिसकी पहली मेजबानी भारत ने इस साल जनवरी में की थी। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत तुर्कमेनिस्तान के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। राष्ट्रपति कोविंद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का विस्तार किए जाने की स्थिति में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे के साथ-साथ 2021-22 की अवधि के लिए यूएनएससी के अस्थायी सदस्य के रूप में भारत की पहल का समर्थन करने के लिए तुर्कमेनिस्तान को धन्यवाद दिया। बुधवार को विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने कहा था, राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा न सिर्फ द्विपक्षीय रूप से बल्कि विस्तारित पड़ोस की अवधारणा और भारत-मध्य एशिया भागीदारी में भूमिका को लेकर तुर्कमेनिस्तान को हम कितना महत्व देते हैं, इसकी पुष्टि करती है।

# दुबई में जलवायु परिवर्तन वार्ता में जीवाश्म ईंधन पर चर्चा

**एपी।** दुबई

**दुबई** में जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के उपायों पर चर्चा के लिए इस सप्ताह कई शिखर सम्मेलन हुए और कम से कम यह माना गया कि तापमान वृद्धि को रोकने के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों का इस्तेमाल बढ़ाना और जीवाश्म ईंधन के प्रयोग में कमी लाना बेहद जरूरी है। जीवाश्म ईंधन के उत्पादक देशों में शामिल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के ऊर्जा मंत्री सुहैल अल-मजरूई ने दुबई में आयोजित एक ऊर्जा फोरम में कहा, इस समय हमें निश्चित रूप से सभी उपलब्ध संसाधनों को शामिल करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, हम नजरअंदाज नहीं कर सकते, न ही कह सकते हैं कि हम कुछ चुनिंदा उत्पादों का उत्पादन बंद करने जा रहे हैं। यह सही वक्त नहीं है, वजह चाहे जो भी हो, लेकिन इससे दुनियाभर के करोड़ों लोगों के लिए कीमतें काफी ज्यादा हो जाएंगी। पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करने वाले 13 देशों के संगठन ओपेक के महासचिव मोहम्मद सनुसी बरकिंदो ने कहा कि मिस्र में प्रस्तावित आगामी संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता यानी कॉप-27 और अगले साल यूएई में होने वाली कॉप-28 में उत्पादक समावेश के मुद्दों से निपट सकते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई क्षेत्र पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखना और तेल एवं गैस की भूमिका परस्पर समावेशी नहीं हैं। औद्योगिकीकरण से पहले के मुकाबले हुई तापमान वृद्धि का मानदंड है तथा वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे अधिक तापमान वृद्धि से दुनियाभर के लोगों को और अधिक गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

# हट रहे रूसी सैनिकों ने ढेरों बारूदी सुरंगें छोड़ीं: जेलेंस्की

**एपी।** कीव

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार तड़के अपने मुल्क के लोगों को आगाह किया कि राजधानी से पीछे हट रहे रूसी सैनिकों ने उसके बाहरी इलाकों में एक बड़ी आपदा पैदा कर दी है, क्योंकि वे पूरे क्षेत्र में बारूदी सुरंगें छोड़ गए हैं, यहां तक कि घरों और लाशों के आसपास भी वे बारूदी सुरंगे छोड़ गए हैं।

जेलेंस्की ने यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की है, जब रूसी सेना द्वारा निकासी कार्यों को लगातार दूसरे दिन बाधित करने से बंदरगाह शहर मारियुपोल में मानवीय संकट गहरा गया है और क्रेमलिन ने यूक्रेन पर रूसी धरती पर स्थित एक ईंधन डिपो पर हेलीकॉप्टर से हमला करने का आरोप लगाया है। हालांकि यूक्रेन ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है, लेकिन अगर रूसी दावों की पुष्टि होती है तो यह युद्ध में पहला ऐसा ज्ञात हमला होगा, जिसमें किसी यूक्रेनी विमान ने रूसी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा, निश्चित रूप से यह एक ऐसी कार्वाई नहीं है, जिसे दोनों पक्षों के बीच वार्ता जारी रखने के माकूल माना जा सकता है। रूस ने कीव के आसपास के क्षेत्रों से अपने कुछ सैनिकों को वापस बुलाना जारी रखा है। दरअसल, मॉस्को ने सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि वह यूक्रेन की राजधानी और उत्तरी शहर चेर्निहाइव के पास सैन्य गतिविधियों में कमी लाएगा। हालांकि, जेलेंस्की ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, वे पूरे क्षेत्र में बारूदी सुरंगें बिछा रहे हैं। वे घरों के आसपास बारूदी सुरंगें छोड़ रहे हैं। यहां तक कि युद्ध में मारे गए लोगों की लाशों को भी नहीं बख्श रहे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से तब तक सामान्य जीवन में न लौटने की अपील की, जब तक यह सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता कि बारूदी सुरंगें हटा दी गई हैं और गोलाबारी का खतरा टल गया है।

## रूस के तेल डिपो पर हमले के सवाल पर जेलेंस्की का टिप्पणी करने से इनकार

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूसी तेल के डिपो पर हमले का आदेश देने के सवाल पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार में जेलेंस्की ने कहा कि वह सर्वोच्च कमांडर के तौर पर जो आदेश देते हैं, उस पर किसी के साथ चर्चा नहीं करते। इससे पहले यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव ने मास्को के उन आरोपों का खंडन किया था, जिसमें कहा गया था कि यूक्रेन के दो हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को बेल्गोरोद स्थित तेल के डिपो पर हमला किया। बेल्गोरोद के गवर्नर ने कहा था कि डिपो में दो कर्मचारी घायल हुए। लेकिन रूस के मीडिया ने तेल कंपनी रोसनेफ्त के बयान का हवाला देते हुए किसी के भी घायल होने की खबर से इनकार किया।

## यूक्रेन को 30 करोड़ डॉलर के अतिरिक्त सैन्य उपकरण दे रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा विभाग ने कहा कि वह यूक्रेन के सुरक्षा बलों को रूसी सेना से देश की रक्षा करने के लिए सैन्य उपकरणों के वास्ते अतिरिक्त 30 करोड़ डॉलर की मदद दे रहा है। पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि सैन्य उपकरणों में लेजर निर्देशित रॉकेट प्रणालियां, मानवरहित विमान, बख्तरबंद वाहन, अंधेरे में देखने वाले उपकरण और गोला बारूद शामिल हैं। साथ ही इसमें चिकित्सा आपूर्ति और अतिरिक्त पुर्जे भी शामिल हैं। किर्बी ने कहा कि नया पैकेज अमेरिकी सेना के भंडार से निकले उपकरण देने के बजाय यूक्रेन को नई क्षमताएं देने के लिए एक अनुबंधित प्रक्रिया की शुरुआत है। अमेरिका ने रूस के आक्रमण के बाद से यूक्रेन को 1.6 अरब डॉलर से अधिक की सुरक्षा सहायता मुहैया कराई है।

## इजराइली सैनिकों ने मुठभेड़ में तीन फलस्तीनियों को मार गिराया

**यरूशलम ( एपी )।** इजराइली बलों ने शनिवार तड़के वेस्ट बैंक में हुई मुठभेड़ के दौरान तीन फलस्तीनी आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही रमजान महीने के दौरान हिंसा और बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। इजराइली मीडिया ने कहा कि पुलिस की आतंकवाद-रोधी इकाई के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। उत्तरी वेस्ट बैंक में संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के प्रयास के दौरान सैनिकों पर गोलीबारी की गई। देश में फलस्तीनी हमलावरों के अलग-अलग हमलों में 11 इजराइलियों की मौत होने के बाद हालिया दिनों में तनाव और बढ़ गया है। शनिवार को रमजान के महीने की शुरुआत हो गई। इस महीने दुनियाभर के करोड़ों मुसलमान रोजा रखते और इबादत करते हैं। इजराइल और फलस्तीन विवाद के लिहाज से रमजान के महीने में तनाव और टकराव अकसर बढ़ जाता है। इजराइली पुलिस ने कहा कि तीनों आतंकवादी एक सेल के सदस्य थे जो इजराइली बलों के खिलाफ हाल में हुए हमलों में शामिल थे।

# भारत के साथ सभी विवादों को बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना चाहिए: बाजवा

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने शनिवार को कहा कि भारत के साथ सभी विवादों को बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना चाहिए। बाजवा ने कहा कि इस्लामाबाद कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए कूटनीति का रास्ता अपनाने में विश्वास करता है ताकि हमारे क्षेत्र से आग की लपटों को दूर रखा जा सके।

जनरल बाजवा ने दो दिवसीय इस्लामाबाद सुरक्षा वार्ता सम्मेलन के अंतिम दिन यह बात कही, जिसमें व्यापक सुरक्षा: अंतरराष्ट्रीय सहयोग की पुनर्कल्पना विषय के तहत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर उभरती चुनौतियों पर चर्चा के लिए पाकिस्तानी और अंतरराष्ट्रीय स्तर के नीति विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र और अन्य जगहों समेत दुनिया का एक तिहाई हिस्सा किसी न किसी तरह के संघर्ष और युद्ध में शामिल है, ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने क्षेत्र से आग की लपटों को दूर रखें। जनरल बाजवा ने कहा, पाकिस्तान कश्मीर विवाद सहित सभी लंबित मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने में भरोसा रखता है और अगर भारत ऐसा करने के लिए सहमत होता है तो वह इस मोर्चे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

बाजवा के शांति प्रस्ताव के व्यापक मायने देखे जा रहे हैं क्योंकि उन्होंने समावेशी शांति स्थापित करने के लिए परोक्ष रूप से भारत, पाकिस्तान और चीन के बीच त्रिस्तरीय वार्ता का सुझाव दिया है। सेना प्रमुख ने कहा कि कश्मीर विवाद के अलावा भारत-चीन सीमा विवाद भी पाकिस्तान के लिए चिंता का विषय है। साथ ही कहा, हम चाहते हैं कि इसे बातचीत और कूटनीति के जरिए जल्द सुलझाया जाए। जनरल बाजवा ने कहा, मेरा मानना है कि यह समय इस क्षेत्र के राजनीतिक नेतृत्व के लिए अपने भावनात्मक और अन्य पूर्वाग्रहों से ऊपर उठने और इतिहास की बेड़ियों को तोड़ने का है ताकि क्षेत्र के करीब तीन अरब लोगों को शांति व समृद्धि मिल सके। हालांकि, बाजवा ने आरोप लगाया कि भारतीय नेताओं का अड़ियल रवैया इसमें रूकावट है। पिछले महीने एक भारतीय मिसाइल के पाकिस्तानी क्षेत्र में गिरने की घटना को लेकर बाजवा ने कहा कि यह एक गंभीर विषय है। उन्होंने कहा, हम भारत से अपेक्षा करते हैं कि वह पाकिस्तान और दुनिया के समक्ष इस बात के साक्ष्य पेश करे कि भारत के हथियार सुरक्षित हैं।

# रेलवे ने वर्ष 2021-22 में माल ढुलाई का बनाया नया रिकॉर्ड

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** रेल ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान मालढुलाई के मामले में अब तक का रिकॉर्ड प्रदर्शन किया है। रेलवे ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि वर्ष 2021-22 में उसने 14,181 लाख टन माल की ढुलाई की जो वित्त वर्ष 2020-21 के 12,332 लाख टन ढुलाई की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। यह एक वित्त वर्ष में रेलवे का माल ढुलाई का सर्वाधिक स्तर है। इसके पहले सितंबर 2020 से लेकर मार्च 2022 तक रेलवे ने लगातार 19 महीनों तक मासिक मालवहन का आंकड़ा भी दुरुस्त किया। गत 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष में रेलवे ने 6,366 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग के विद्युतीकरण का कार्य भी संपन्न किया है जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 6.015 किलोमीटर के विद्युतीकरण का था जो रेलवे ने एक साल पहले ही बनाया था। इस तरह रेलवे के कुल नेटवर्क का 80.2 प्रतिशत मार्ग पर अब विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। वित्त वर्ष 2021-22 में रेलवे ने 2,904 किलोमीटर लंबी नई रेललाइन बिछाने या मार्ग दोहरीकरण का कार्य भी पूरा किया जो एक साल पहले के आंकड़े 2,361 किलोमीटर से 23 प्रतिशत अधिक है।

## कॉस्मो फिल्म्स औरंगाबाद में 140 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

**औरंगाबाद।** पैकेजिंग से जुड़े सामान बनाने वाली कॉस्मो फिल्म्स 140 करोड़ रुपए के निवेश के साथ औरंगाबाद में एक सीपीपी फिल्म उत्पादन लाइन स्थापित करेगी। कंपनी ने शनिवार को बताया कि वह आंतरिक स्रोतों और ऋणों के माध्यम से इस उत्पादन लाइन पर 140 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कॉस्मो फिल्म्स ने कहा कि इस विस्तार के लिए उसने वालूज में जमीन भी खरीद ली है। नई उत्पादन लाइन की सालाना क्षमता 25,000 एमटी की होगी।

## रुपए कार्ड जारी करने वाला चौथा देश बना नेपाल

**नई दिल्ली।** नेपाल शनिवार को रुपे कार्ड जारी करने वाला चौथा देश बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाली समकक्ष शेर बहादुर देउबा ने संयुक्त रूप से नेपाल में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली रुपे कार्ड का शुभारंभ किया। नेपाल के अलावा भूटान, सिंगापूर और संयुक्त अरब अमीरात में रुपे कार्ड का संचालन किया जाता है। प्रधानमत्री मोदी और देउबा ने व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग समेत अन्य व्यापक मुद्दों पर बातचीत करने के बाद इस कार्ड का शुभारंभ किया। मोदी ने बातचीत के बाद एक बयान में कहा कि नेपाल में रुपे कार्ड की शुरुआत से हमारी वित्तीय रिश्तों में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। रुपे कार्ड योजना 2012 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के भुगतान की घरेलू, खुली और बहुपक्षीय प्रणाली के दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था। इस योजना से जुड़े लोगों ने कहा कि नेपाल में कार्ड की शुरुआत प्रौद्योगिकी और नवाचार के उपयोग के साथ वित्तीय सुविधा और सशक्तिकरण के लिए एक नया रास्ता तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि यह न केवल रुपे कार्ड धारकों के लिए भुगतान को आसान करेगा तथा नेपाल की भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र क्षमताओं को भी मजबूत करेगा।

# प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नौकरियों की मांग महामारी-पूर्व स्तर से आगे निकली: सर्वे

**मुंबई ( भाषा )।** भारत में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की मांग बढ़ने से नई नौकरियों के लिए भर्तियां सितंबर 2021 के स्तर को पार कर गई हैं और इस वृद्धि के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। नौकरियों के बारे में जानकारी देने वाली वैश्विक वेबसाइट इनडीड की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसके मुताबिक फरवरी 2020 से लेकर मार्च 2022 के दौरान नौकरियों के लिए आवेदन मंगाने की दर 30.8 फीसदी तक बढ़ गई है। रिपोर्ट कहती है कि नौकरियों की सबसे ज्यादा मांग सॉफ्टवेयर एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रही है। एक साल पहले की तुलना में यह मांग 25.2 फीसदी तक बढ़ गई है। इसके बाद प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ी नौकरियों का स्थान आता है जिनमें समीक्षा अवधि के दौरान 9.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है जबकि आईटी से जुड़ी भूमिकाओं के मामले में पांच फीसदी की वृद्धि हुई है। इनडीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा कि हमने लगभग सभी पेशागत श्रेणियों में नौकरियों की मांग में बढ़ोतरी देखी है। भारत में कामगारों, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कर्मचारियों के पास नौकरी चुनने के अधिक विकल्प हैं और महामारी से पहले की तुलना में आज शायद उनके पास अपनी शर्तों पर काम करने के अधिक मौके हैं।

## जीएचसीएल ने होम टेक्सटाइल कारोबार इंडो काउंट को 608 करोड़ रुपए में बेचा

**नई दिल्ली।** रसायन कंपनी जीएचसीएल ने शनिवार को कहा कि उसने अपने होम टेक्सटाइल कारोबार की बिक्री प्रक्रिया पूरी कर ली है और इंडो काउंट इंडस्ट्रीज को इसका नियंत्रण औपचारिक रूप से सौंप दिया है। जीएचसीएल ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी ग्रेस होम फैशंस एलएलसी (जीएचएफ) ने परिसंपत्ति हस्तांतरण समझौते की शर्तों के अनुरूप इंडो काउंट ग्लोबल इंक को अपनी निर्धारित परिसंपत्तियों की बिक्री प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके साथ ही गुजरात के वापी स्थित कंपनी का होम टेक्सटाइल कारोबार दो अप्रैल, 2022 की तारीख से इंडो काउंट इंडस्ट्रीज को विधिवत हस्तांतरित हो गया है और अब जीएचएफ पर जीएचसीएल का मालिकाना हक खत्म हो गया है।

# तमिलनाडु सरकार ने संपत्ति कर में 150 फीसदी तक बढ़ोतरी की

**चेन्नई ( भाषा )।** तमिलनाडु सरकार ने संपत्ति कर की व्यापक श्रेणियों में संशोधन लागू करने की शनिवार को घोषणा की। स्थानीय निकायों के लिए राजस्व एकत्रित करने के लिए कर में 150 फीसदी तक की वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि राज्य सरकार का दावा है कि इस बढ़ोतरी के बावजूद ए दरें अन्य राज्यों के मुकाबले कम हैं। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने कर में इस वृद्धि को लेकर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह तो महज शुरुआत है। द्रमुक के सहयोगी दल कांग्रेस ने भी इस कर वृद्धि का विरोध करते हुए कहा कि इससे जनता पर बोझ और बढ़ेगा। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के मुख्य इलाके में स्थित 600 वर्गफुट से कम क्षेत्र वाली आवासीय इकाइयों के लिए संपत्ति कर संशोधन 50 फीसदी रखा गया है। वहीं 600 से l,200 वर्गफुट में बनी इमारतों के लिए यह 75 फीसदी और l,200- l,800 वर्गफुट में बनी इमारतों के लिए 100 फीसदी कर वृद्धि की गई है। राज्य सरकार के आदेश के मुताबिक चेन्नई में l,801 वर्गफुट से अधिक क्षेत्र में बनी आवासीय इकाइयों के लिए संपत्ति कर की दरों में 150 फीसदी संशोधन किया गया है। इस बारे में उठे सवालों पर अपनी सरकार का रुख साफ करते हुए तमिलनाडु के नगर निकाय प्रशासन मंत्री के एन नेहरु ने कहा कि करों में यह बदलाव 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किया गया है। इसके अलावा नगरीय निकायों के अपने राजस्व में आई गिरावट से भी कर दर बढ़ाने का फैसला करना पड़ा है।

# सेबी ने म्यूचुअल फंड खातों की पूलिंग रोकने की मियाद एक जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों के अनुरोध के बाद खातों की पूलिंग बंद करने की समयसीमा एक जुलाई तक बढ़ा दी है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एएमएफआई ने एक बयान में कहा कि म्यूचुअल फंड उद्योग ने इस अवधि के दौरान नए फंड की पेशकश (एनएफओ) को भी फिलहाल होल्ड पर रखने पर सहमति व्यक्त की है। इससे पहले म्यूचुअल फंड्स उद्योग को यह नियम एक अप्रैल से लागू करना था। एएमएफआई के अनुसार फंड खातों की पूलिंग व्यवस्था बंद करने की समयसीमा बढ़ाने का उद्देश्य निवेशकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए एक कुशल प्रौद्योगिकी और सुचारू परिवर्तन की सुविधा प्रदान करना है। म्यूचुअल फंड उद्योग के साथ चर्चा और सहमति बनने के बाद सेबी ने म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए खातों की पूलिंग को बंद करने की समयसीमा एक जुलाई, 2022 तक की बढ़ा दी है। एएमएफआई ने बताया कि उद्योग के निवेशकों के हित में उच्च स्तर की परिचालन दक्षता लाने और म्यूचुअल फंड अभिदान तथा मोचन के कुशल कामकाज के उद्देश्य से यह समयसीमा बढ़ाई गई है।

# ईडी ने धनशोधन मामले में एमआरपीएल के डीजीएम और पत्नी की संपत्ति जब्त की

**भाषा।** नई दिल्ली

**आय** से अधिक संपत्ति रखने के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन-रोधी कानून के तहत सार्वजनिक उपक्रम एमआरपीएल के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) और उनकी पत्नी की 2.14 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने शनिवार को बताया कि मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स (एमआरपीएल) के इस अधिकारी की पहचान निरंजन गुप्ता के रूप में हुई है जबकि उनकी पत्नी का नाम प्रीति गुप्ता है।

एमआरपीएल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत एक श्रेणी वन मिनीरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है और इसका मुख्यालय कर्नाटक के मंगलुरु में है। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन निवारक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थाई आदेश जारी कर मंगलुरु के कुलई में स्थित दो फ्लैट और इस पति-पत्नी के डीमैट खातों में जमा शेयरों को जब्त किया है। ईडी ने एक बयान में कहा, निरंजन गुप्ता और उनकी पत्नी ने धनशोधन की मंशा से असलियत को छिपाने के लिए कई स्रोतों से अपने बैंक खातों में बड़ी मात्रा में नकदी जमा की और अचल संपत्तियों एवं शेयरों को पाने के लिए आपराधिक ढंग से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल किया। बयान के मुताबिक, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद ईडी ने गुप्ता दंपती पर मामला दर्ज किया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2012-2018 के दौरान निरंजन ने अपने और पत्नी के नाम पर बड़ी संपत्ति अर्जित की थी जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी।

# व्यापार समझौते से रसोइयों एवं योग प्रशिक्षकों के लिए अवसर खुलेंगे: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते से घरेलू रसोइयों और योग प्रशिक्षकों के लिए आने वाले वर्षों में कई नए अवसर उपलब्ध होंगे। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (इंडऑस ईसीटीए) पर गोयल और ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डैन तेहान ने एक ऑनलाइन समारोह में हस्ताक्षर किए थे। समझौते के हिस्से के रूप में, ऑस्ट्रेलिया ने योग्य, पेशेवर भारतीय पारंपरिक रसोइयों और योग प्रशिक्षकों के लिए अनुबंध सेवा आपूर्तिकर्ता के रूप में देश में प्रवेश करने के लिए l,800 का वार्षिक कोटा निर्धारित किया है। इसके तहत चार साल तक की अवधि के लिए उन्हें अस्थाई प्रवेश और ठहरने की अनुमति है जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया छात्रों के लिए अपनी पढ़ाई खत्म करने के बाद अस्थाई रूप से देश में रहने, अध्ययन करने और काम करने के कुछ अवसरों को बनाए रखने के लिए भी सहमत हो गया है। गोयल ने कहा कि पेशेवर सेवाओं और अन्य लाइसेंसाविनियमित व्यवसायों की पारस्परिक मान्यता को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच विस्तृत प्रावधानों पर सहमति हुई है।

# व्यापार समझौते से रत्न-आभूषण एवं अन्य उत्पादों का द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा: निर्यातक

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्यातकों** के शीर्ष संगठन ने उम्मीद जताई है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शनिवार को संपन्न हुए व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वाणिज्य और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के मुताबिक भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) से परिधान, कपड़ा, चमड़ा, जूते, रत्न, आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद और दवा उद्योग के अलावा सेवा क्षेत्र को भी लाभ पहुंचेगा। फियो के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने एक बयान में कहा कि भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया शीर्ष 15 निर्यात गंतव्यों में से एक है।

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा कि दुबई के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया में भी प्राथमिकता के आधार पर पहुंच हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि अभी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रत्नों एवं आभूषणों का द्विपक्षीय व्यापार 95 करोड़ डॉलर का है।

ऑस्ट्रेलिया को निर्यात किए जाने वाले मुख्य जिंसों में सोने के आभूषण (साधारण और जड़ित) और पॉलिश किए हुए हीरे हैं। वहां से आयात होने वाले प्रमुख जिंसों में सोने और चांदी की ईंटें शामिल हैं। शाह ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया को उन क्षेत्रों तक पहुंच का लाभ मिलेगा जहां भारत विश्व में अगुआ है मसलन हीरों का क्षेत्र। भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात को प्राथमिक पहुंच देना ऑस्ट्रेलिया के खुदरा व्यापारियों के लिए भी किफायती सौदा होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस समझौते से रत्नों एवं आभूषण का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 1.5 अरब डॉलर का हो जाएगा।

# यथार्थ सर्विसेज ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी फाइल की

**नई दिल्ली।** यथार्थ हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा केयर सर्विसेज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइल किया। कंपनी 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। ऑफर में कुल 6,100 मिलियन रुपये के फ्रेश इश्यू और प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरहोल्डर 6,551,690 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल हैं। कंपनी ने फ्रेश इश्यू से होने वाली शुद्ध आय का उपयोग कंपनी और इसकी सहायक कंपनी द्वारा प्राप्त कुल उधार के पूर्णआंशिक पुनर्भुगतान, पूर्वभुगतानय कंपनी और इसकी सहायक कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकता को वित्तपोषित करने और इनऑर्गेनिक विकास को वित्तपोषित करने अन्य रणनीतिक पहलों एवं शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव दिया है।

पायनियर

# स्वास्थ्य

नई दिल्ली, रविवार, 3 अप्रैल, 2022



## भारत में कोविड-19 के 1,260 नए मामले, 83 मौतें

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,260 नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,30,27,035 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 13,445 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 83 मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,21,264 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.03 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने वालों की राष्ट्रीय दर 98.76 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 227 मामलों की कमी दर्ज की गई है। वहीं, संक्रमण की दैनिक दर 0.24 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.23 प्रतिशत रिकॉर्ड हुई है।

**DOC टॉक**



डॉ. चांदनी तुगनैत
एमडी (एएम) साइकोथेरेपिस्ट, लाइफअल्केमिस्ट
कोच और हीलर, गेटवे ऑफ हीलिंग की संस्थापक व निदेशक

## एकांत समय को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं



शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक कल्याण के लिए सामाजिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। जहां हमारे संबंधों व रिश्तों को पोषित करना महत्वपूर्ण है, वहीं व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए थोड़ा एकांत समय निकालना भी जरूरी है। एकांत समय एक शानदार तनाव राहतकारी है और रचनात्मकता, ऊर्जा व व्यक्तिगत अन्वेषण के पोषण में भी सहायता करता है। बहुत से लोग बस अपना ध्यान नहीं हटा पाते। इसका मतलब है कि वे लगातार काम, अपने रिश्तों या सामाजिक घटनाओं के बारे में सोच रहे हैं, भले ही वे अन्य लोगों की उपस्थिति में न हों। ये विचार उन्हें तनावग्रस्त और चिंतित महसूस करा सकते हैं, इसलिए एकांत समय बिताना महत्वपूर्ण है।

एकांत समय वह अवधि है जब व्यक्ति दूसरों से अलग होता है। हालांकि कुछ लोग एकांत समय का आनंद ले सकते हैं क्योंकि यह उन्हें गोपनीयता प्रदान करता है, मगर अन्य लोग एकल गतिविधियों में शामिल होना चुन सकते हैं जैसे कि किताब पढ़ना या टहलना क्योंकि यह उन्हें अपने जीवन पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, यह शांति और सुकून की भावना लाता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। हालांकि कई लोगों को लगता है कि यह अंतर्मुखी लोगों के लिए सच हो सकता है, जिन्हें सामाजिक संवाद के बाद रिचार्ज करने के लिए एकांत समय की आवश्यकता होती है, मगर अध्ययनों से पता चला है कि पर्याप्त एकांत समय नहीं मिलने से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, भले ही आप बहिर्मुखी हों। लगातार दूसरे लोगों के आस-पास रहने से हम तनावग्रस्त, चिंतित या थकान का अनुभव कर सकते हैं। साथ ही, अकेले रहना एकांत में होने के समान नहीं है।

**लक्षण**

- दूसरों पर गुस्सा उतारना या चिढ़न महसूस करना
- काम पर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होना
- गतिविधियों में रुचि खत्म होना
- दूसरों के साथ रहने को लेकर चिंतित महसूस करना
- अभिभूत या अतिउत्तेजित महसूस करना
- भावनात्मक भोजन / भूख न लगना
- छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आना
- हर किसी से और हर चीज से दूर भागने या छिपने का मन करता है
- दूसरों के साथ समय बिताने से बचने के लिए सामाजिक न्यौतों को अस्वीकार करना
- सामान्य से अधिक विचलित महसूस करना

अक्सर, वास्तविकता से भागने के रूप में, लोग सोशल मीडिया पर रोजाना 3-6 घंटे स्क्रॉल करते हैं, जिनमें से अधिकांश दिमाग में बकवास बंद करने की तलाश को लेकर नासमझ है। यह चुना जाने वाला एकांत समय नहीं है। इसके बजाय ऐसी गतिविधियां चुनें जो आपको स्वयं के साथ संबंध मजबूत करने में मदद करें जैसे कि जर्नलिंग, नृत्य, संगीत, ध्यान, खाना बनाना, स्केचिंग, रंग भरना, टहलना, स्व-देखभाल गतिविधियां, पढ़ना और शोध करना। हालांकि स्वाभाविक प्रवृत्ति यह महसूस करने की है कि मैं बहुत व्यस्त हूं और मेरे पास अपने लिए समय नहीं है, एक निर्णय लेना और उस समय को न केवल मानसिक स्वास्थ्य बल्कि समग्र भलाई व रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित करना महत्वपूर्ण है।

**अपने जीवन में एकांत समय को शामिल करने के कुछ तरीके**

- इसके लिए एक समय निर्धारित करें - अकेले समय की योजना बनाएं और निर्धारित करें। सुनिश्चित करें कि आपके आस-पास के लोग जानते हैं कि इस दौरान आपको परेशान नहीं होना है। स्वयं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करें।
- **सही मानसिकता विकसित करें** - 'अकेले समय' को एक कार्य के रूप में न देखें, इसके बजाय, समय-समय पर अकेले में लिप्त होने की खुशी महसूस करें।
- **एक सुरक्षित स्थान बनाएं** - अकेले अपने समय का आनंद लेने के लिए शांत और आरामदायक स्थान बनाएं।
- **समझदारी का अभ्यास करें** - लंबित कार्यों या दूसरे क्या सोच रहे हैं, इसकी चिंता किए बिना वर्तमान क्षण से अवगत रहें। अपने संबंध में पूरी तरह से डूब जाएं।

सही मानसिकता के साथ अकेले रहना और सही तरीके से मन, शरीर को पुनः जीवंत और सक्रिय करता है और एक सहायक समुदाय के साथ रहना- दोनों का स्वस्थ मिश्रण स्वस्थ मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह न केवल आपको तरोताजा करेगा बल्कि उत्पादकता, ऊर्जा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देगा। उसे चुनें जो आपके लिए सबसे अच्छा काम करता है और अगर आपको लगता है कि स्वस्थ 'एकांत समय' के अपने प्रयासों के बावजूद आप रोजमर्रा की जिंदगी की अराजकता से राहत पाने में असमर्थ हैं, तो किसी विशेषज्ञ की मदद लें।

## समर कूलर

**खीरा पानी :** पानी के बिना आपका शरीर ठीक से काम नहीं करेगा। व्यक्ति को प्रतिदिन छह से आठ गिलास पानी पीना चाहिए। हम सभी जानते हैं कि हमें दिन भर में पानी पीना चाहिए, लेकिन सादा पानी पीना थोड़ी देर बाद बोझिल हो सकता है। खीरा स्वाद की एक परत जोड़ता है जो आपको अधिक पीने के लिए प्रोत्साहित करता है। यदि आप अपना वजन कम करने का प्रयास कर रहे हैं, तो मीठे सोडा, स्पोर्ट्स ड्रिंक और जूस के बजाय खीरे के पानी को अपनाने से आपको अपने आहार से कैलोरी को खत्म करने में मदद मिल सकती है। खीरे में एंटीऑक्सिडेंट के साथ-साथ कुकुर्बिटासिन नामक यौगिक व लिग्नान नामक खनिजों की एक श्रेणी शामिल होती है, जो मनुष्यों को कैंसर से बचाने में मदद कर सकती है।





# जल्द जांच आवश्यक है

महिला के मासिक धर्म चक्र के दौरान, स्तन के ऊतकों की बनावट और स्थिरता बदल सकती है जिससे स्तन कोमल हो जाते हैं। **डॉ. अंजलि कुमार** का कहना है कि उम्र के साथ उनमें बदलाव भी आते हैं

पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में स्तन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, यह स्पष्ट है कि हमें अपने स्तनों की उसी तरह देखभाल करने की आवश्यकता है जैसे हम शरीर के अन्य अंगों की देखभाल करते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2018 में, विश्व स्तर पर स्तन कैंसर से लगभग 627,000 महिलाओं की मृत्यु हुई, जो कि महिलाओं में कैंसर से होने वाली समस्त मौतों का लगभग 15 प्रतिशत है। इसलिए, स्तन-गांठ निस्संदेह एक गंभीर स्थिति है और स्तन कैंसर का प्रारंभिक लक्षण हो सकती है। लेकिन साथ ही, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सभी स्तन गांठ कैंसर नहीं होती हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं में, स्तन गांठ एक सौम्य स्थिति का संकेतक हो सकता है। हालांकि, यदि आप एक नई गांठ महसूस करते हैं या यदि स्तन ऊतक नियमित बनावट से अलग महसूस करते हैं, तो डॉक्टर द्वारा इसका मूल्यांकन करवाना चाहिए।

**स्तन ऊतक सामान्य रूप से कैसा महसूस करता है?**

हमारे स्तन ऊतकों का एक संयोजन होता है जो बनावट और स्थिरता में भिन्न होते हैं।

ये वसायुक्त, ग्रंथियां और संयोजी ऊतक हो सकते हैं। महिला के मासिक धर्म के दौरान, इन ऊतकों की बनावट और स्थिरता भी बदल सकती है जिससे स्तन कोमल हो जाते हैं। उम्र के साथ स्तन के ऊतकों में भी बदलाव आता है।

**डॉक्टर को कब दिखाना चाहिए?**

- जब आप एक नयी स्तन गांठ या मोटापन पाते हैं जो आसपास के ऊतक से अलग लगता है
- स्तन के आकार, प्रकार या रूप में परिवर्तन होता है
- स्तन का दर्द अधिक समय तक बना रहता है अर्थात एक मासिक धर्म चक्र से अधिक
- स्तन के पास की त्वचा में कुछ बदलाव होते हैं, जैसे खुजली, लालिमा, स्केलिंग या पकना
- निप्पल थोड़ा अंदर की ओर चला गया है या निप्पल से असामान्य डिस्चार्ज हो रहा है



डॉ. अंजलि कुमार
सीनियर कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट एंड ऑब्स्टेट्रिशियन एंड फाउंडर, मैत्री वुमन हेल्थ

**स्तन गांठ का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया**

स्तन गांठ के निदान की पुष्टि करने के लिए आपका डॉक्टर आपको कुछ परीक्षण करवाने के लिए कह सकता है।

**इसमें शामिल हैं :**

- मैमोग्राम
- स्तन अल्ट्रासाउंड
- स्तन एमआरआई
- स्तन बायोप्सी

> स्तन-गांठ निस्संदेह एक गंभीर स्थिति है और स्तन कैंसर का प्रारंभिक लक्षण हो सकती है। लेकिन साथ ही, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सभी स्तन गांठ कैंसर नहीं होती हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं में, स्तन गांठ एक सौम्य स्थिति का संकेतक हो सकता है।

**स्तन गांठ के मूल्यांकन के बाद फालोअप या अनुवर्ती कार्रवाई आवश्यक है।**

यदि स्तन गांठ कैंसर नहीं है, तो आपका डॉक्टर यह तय करेगा कि आपको नैदानिक स्तन परीक्षाओं के साथ अल्पकालिक निगरानी या स्तन इमेजिंग को दोहराने की आवश्यकता है । आपको दो से तीन महीने में फिर से डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है। यदि आपके स्तन में कोई परिवर्तन हुआ है तो डॉक्टर फिर से जांच करेंगे।

यदि अपेक्षित निदान या नैदानिक स्तन परीक्षा और मैमोग्राम संदेह के क्षेत्रों को दिखाता है, लेकिन बायोप्सी सौम्य ऊतक को प्रकट करती है - आपको आगे के परामर्श के लिए एक सर्जन या अन्य विशेषज्ञ के पास भेजा जाएगा।

यदि स्तन गांठ कैंसरयुक्त है, तो आप उपचार योजना बनाने के लिए अपने डॉक्टर के साथ काम करेंगी। स्तन कैंसर का चरण और प्रकार आगे की उपचार प्रक्रिया तय करेंगे। आम तौर पर, गांठ कैंसर साबित होने पर सर्जरी की जाती है। सर्जरी करने से पहले सर्जन उचित सर्जिकल विकल्पों की व्याख्या करेगा और आपको यह निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा। अतिरिक्त उपचार के लिए आपको अन्य चिकित्सकों के साथ कई परामर्श करने पड़ सकते हैं, जिसमें विकिरण चिकित्सा और कीमोथेरेपी या हार्मोन थेरेपी शामिल हैं।

**-लेखक मैत्री वुमैन्स हेल्थ की संस्थापक एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं।**

## खतरे का जड़ से सफाया



**डॉ. जेए जयलाल** कहते हैं कि चिकित्सकों के रूप में हमने देखा कि रोग कैसे एक टीकाकृत और एक टीका न लगवाने वाले व्यक्ति में प्रकट होता है। इन टीकों ने न केवल लोगों की जान बचाई बल्कि लाखों लोगों की रक्षा भी की

जब 2020 में देश में कोरोना वायरस की महामारी फैली थी, तब इस संक्रमण के बारे में बहुत कम जानकारी थी। हम केवल इतना जानते थे कि यह अत्यधिक संक्रामक था। हमारी पहली प्राथमिकता हमारे फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा करना थी, जो संक्रमण के उच्च जोखिम वाले संभावितों में थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर काम किया, ताकि डॉक्टरों, अस्पतालों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रोगियों को संभालने व खुद को बचाने के लिए प्रोटोकॉल तैयार किया जा सके। फिर हमने उस समय हमारे पास जो भी उपचार और दवाएं थीं, उनके साथ रोगियों का प्रभावी ढंग से इलाज करने के दिशा-निर्देशों पर काम किया।

प्रारंभ में, देश ने महसूस किया कि इस परिमाण की महामारी से निपटने के लिए, उसे अपनी आबादी की रक्षा के लिए एक शक्ति शाली टीका विकसित करने की आवश्यकता है। और एक साल से भी कम समय में, देश ने अपने लोगों के लिए टीकों का विकास और उत्पादन किया।

सरकार ने पहले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण करने का निर्णय लिया। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात थी जब सरकार ने एक शक्तिशाली दवा या चिकित्सा के अभाव में महामारी से लड़ने में स्वास्थ्य सेवा समुदाय के प्रयासों को मान्यता दी।

वास्तव में, स्वास्थ्य कर्मियों को अपने रोगियों का इलाज करते समय बीमारी से संक्रमित होने का सबसे बड़ा जोखिम था। लेकिन शुरुआत में, इन टीकों की सुरक्षा को लेकर चिकित्सा बिरादरी के भीतर चिंताएं थीं क्योंकि ये बहुत कम समय में विकसित किए गए थे।

लेकिन आईएमए को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वैज्ञानिकों और देश के कड़े नियामक तंत्र पर अटूट विश्वास था। वास्तव में, भारत, जिसे दुनिया की फार्मेसी के रूप में जाना जाता है, का एक गौरवशाली इतिहास है, जब टीके विकसित करने की बात आती है। देश ने टीकों की मदद से विभिन्न घातक व दुर्बल करने वाली बीमारियों का उन्मूलन किया है।

पूरे भारत में, हम, स्वास्थ्यकर्मी आगे आए और टीका लगवाया। हमने इसे सिस्टम में अपना विश्वास और भरोसा दिखाने के अवसर के रूप में लिया, और हमने अपने वैज्ञानिकों के समर्पण व अथक प्रयासों के कारण विकसित टीकों के लिए राजदूत बनने का फैसला किया।

एक साल बाद यह साबित हो गया है कि हमारा भरोसा गलत नहीं था। टीकों ने बीमारी की गंभीरता को कम करके लाखों लोगों की जान बचाई है। चिकित्सकों के रूप में, हमने देखा कि कैसे रोग एक टीकाकृत और एक गैरटीकाकृत व्यक्ति में प्रकट होता है। इन टीकों ने न केवल लोगों की जान बचाई, बल्कि कोविड-19 के प्रभाव से लाखों लोगों की रक्षा भी की।

आज देश में अट्ठानबे प्रतिशत वयस्कों को टीके की कम से कम एक खुराक मिली है, 15 से 18 वर्ष की आयु के 70 प्रतिशत से अधिक बच्चों को उनकी पहली खुराक मिल चुकी है।

जल्द ही छोटे बच्चों को टीका लगाया जाएगा। हम उन्हें पहले से ही गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को दे रहे हैं। और आईएमए के अनुरोध पर, सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों व बुजुर्गों को एहतियाती खुराक उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है।

**--लेखक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# सीमित मात्रा में ही खाएं नमक

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज रिपोर्ट के अनुसार, सोडियम का अधिक सेवन मृत्यु दर में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। विस्तार से बता रही हैं **डॉ. अंजलि नाकरा**

नमक का इस्तेमाल इंसान हजारों सालों से करता आ रहा है। यह समुद्र के पानी, जमा खनिज (पृथ्वी के नीचे), सतह, खारी झीलों और झरनों के जरिए उपलब्ध है। यह आसानी से उपलब्ध नहीं था, और प्राचीन काल में बहुत कीमती वस्तु था, कि इसका उपयोग मुद्रा के रूप में किया जाता था या वस्तु विनिमय किया जाता था। भारत की आजादी की लड़ाई में भी इसकी भूमिका थी।

नमक का उपयोग भोजन को स्वाद और संरक्षित करने के लिए किया गया है। आज नमक की उपलब्धता सर्वव्यापी है और सस्ते में उपलब्ध है। अधिकांश देशों में यह आयोडीन मिला कर उपलब्ध होता है।

**यह महत्वपूर्ण क्यों है?**

मनुष्यों में पानी और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने के लिए नमक आवश्यक है। इसमें सोडियम और क्लोराइड होता है, जो मानव जीवन के लिए आवश्यक है। सभी खाद्य सामग्रियों की तरह, बहुत कम या बहुत अधिक - दोनों स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। पिछले कुछ दशकों में उपयोग किए जाने वाले नमक की मात्रा में कई गुना वृद्धि हुई है।

**अनुशंसित सेवन**

नमक की सिफारिश प्रतिदिन 2300 मिलीग्राम या 5 ग्राम (1 चम्मच) की जाती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए रोजाना 1500 मिलीग्राम या 3.8 ग्राम नमक की सिफारिश करता है।

1 साल से कम उम्र के बच्चों को नमक नहीं देना चाहिए। यह पाया गया है कि अधिकांश देशों में नमक की औसत खपत बहुत अधिक है। भारत में, विभिन्न अध्ययनों ने डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों की तुलना में दोगुने स्तरों पर उपयोग होने का अनुमान दिया है।

लैंसेट में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज अध्ययन के अनुसार, सोडियम का अधिक सेवन मृत्यु दर में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है और डालीज (विकलांगता समायोजित जीवन वर्ष) के लिए दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कारक है।



डॉ. अंजलि नाकरा
एमबीबीएस, डीओ, डिप्लोमेट एलएम
लाइफस्टाइल मेडिसिन फिजिशियन संस्थापक: पाथ टू हेल्थ क्लिनिक सर्टिफाइड वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन सचिव: इंडियन सोसाइटी ऑफ लाइफस्टाइल मेडिसिन (आईएसएलएम)

यदि वैश्विक नमक की खपत को अनुशंसित स्तर तक कम कर दिया जाता है, तो हर साल अनुमानित 25 लाख मौतों को रोका जा सकता है।

**मेरा नमक कहां है?**

- प्रसंस्कृत और आरामदेह खाद्य पदार्थ
- घर के खाने में जोड़ा गया
- भोजन में स्वाभाविक रूप से होता है
- टेबल नमक के रूप में जोड़ा गया

**यह कैसे प्रभावित करता है?**

नमक के अधिक सेवन से सूजन और मेटाबॉलिक स्ट्रेस-ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है।

इसे हाई ब्लडप्रेशर से जोड़ा गया है।

**धमनियां :** अतिरिक्त नमक धमनियों की परत को नुकसान पहुंचाता है और उन्हें सख्त बनाता है।

**दिल:** लंबे समय तक अधिक नमक के सेवन से हृदय -कक्षों में से एक, बाएं वेंट्रिकल का आकार बढ़ जाता है।

**गुर्दे :** नमक का भार गुर्दे पर अनुचित कार्य करता है, जिससे कई अन्य खनिजों का असंतुलन हो जाता है।

**मस्तिष्क :** यह रक्त परिसंचरण को प्रभावित करता है, और मस्तिष्क में अनेक न्यूरोनल सर्किटों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

**त्वचा :** त्वचा में सूजन को बढ़ाता है और त्वचा में सोडियम जमा होने का कारण बनता है।

**हड्डियां :** कैल्शियम के साथ अस्थि खनिज घनत्व और हड्डियों की खनिज सामग्री को कम करता है। धमनियों व अन्य अंगों पर ये प्रभाव हाई ब्लडप्रेशर से होने वाले नुकसान से स्वतंत्र होते हैं। आहार नमक स्ट्रोक और मनोभ्रंश के लिए भी एक स्वतंत्र जोखिम कारक है।

सोडियम सेवन में प्रत्येक 1000 मिलीग्राम प्रतिदिन की वृद्धि के कारण कार्डियोवैस्कुलर घटनाओं में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। किशोरावस्था में नमक का अधिक मात्रा में सेवन करने से हाई ब्लडप्रेशर का खतरा बढ़ जाता है। व्यक्तियों, लिंग और यहां तक कि कुछ जातियों पर अधिक नमक सेवन का प्रभाव भिन्न होता है। अनुसंधान से पता चला है कि यह न केवल नमक की मात्रा बल्कि ऊर्जा सेवन हेतु नमक का अनुपात है, जो महत्वपूर्ण है, सिफारिशों को भी इसमें कारक होना चाहिए।

**- लेखक डॉ. अंजलि नाकरा एमबीबीएस, डीओ, लाइफस्टाइल मेडिसिन फिजिशियन फाउंडर: पाथ टू हेल्थ क्लिनिक सर्टीफाइड वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन, सेक्रेटरी: इंडियन सोसाइटी ऑफ लाइफस्टाइल मेडिसिन (आईएसएलएम) में डिप्लोमेट एलएम हैं।**

# बटलर की शतकीय पारी से राजस्थान जीता

## ● मुंबई को 23 रनों से हराया

**भाषा।** नवी मुंबई



**जोस बटलर** की शानदार शतकीय पारी के बाद आखिरी ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 23 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 193 रन बनाने के बाद मुंबई की पारी को आठ विकेट पर 170 रन पर रोक दिया। मुंबई की यह दो मैचों में दूसरी हार है। बटलर ने 68 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। उन्हें कप्तान संजू सैमसन (30) और शिमरोन हेटमायर (35) का अच्छा साथ मिला। बटलर ने सैमसन के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की जबकि हेटमायर के साथ चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। सैमसन ने 21 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौका लगाया तो वही हेटमायर ने 14 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके जड़े। मुंबई के लिए बुमराह और टायमल मिल्स ने तीन–तीन विकेट लिए। बुमराह एक बार फिर किफायती साबित हुए, उन्होंने चार ओवर में सिर्फ 17 रन खर्च किए। मिल्स ने चार ओवर में 35 रन दिए। मुंबई की टीम 14 ओवर में तीन विकेट पर 129 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद एक रन के अंदर तीन विकेट गंवाने से उसकी पारी पटरी से उतर गई। टीम के लिए इशान किशन (54) और तिलक वर्मा (61) ने अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। राजस्थान के लिए युजवेंद्र चहल ने 26 रन देकर दो और नवदीप सैनी ने 36 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा (10) ने दूसरे ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन इसी ओवर में वह रियान पराग को कैच देकर पवेलियन लौट गए। किशन ने चौथे ओवर में नवदीप सैनी का स्वागत छक्के से किया लेकिन इस ओवर की आखिरी गेंद पर अनमोलप्रीत सिंह (05) ने देवदत्त पडिक्कल को आसान कैच थमा दिया। पावरप्ले के बाद मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 50 रन था। किशन का साथ देने क्रीज पर आए तिलक ने अपने आक्रामक खेल से जरूरी रन गति को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। उन्होंने सातवें ओवर में अश्विन (30 रन पर एक विकेट), नौवें ओवर में सैनी, 10वें ओवर में चहल और 12वें ओवर में रियान पराग के खिलाफ छक्के जड़े। दूसरे छोर से संभल कर बल्लेबाजी कर रहे किशन ने 13वें ओवर में बोल्ट की गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि ओवर की आखिरी गेंद पर एक और बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में सैनी को कैच थमा बैठे। उन्होंने 43 गेंद में एक छक्का और पांच चौके लगाए। तिलक ने 14वें ओवर की पहली गेंद पर एक रन लेकर 28 गेंदों में आईपीएल का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 15वें ओवर में अश्विन का स्वागत छक्के से किया लेकिन दूसरी गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 33 गेंद की आतिशी पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान पारी:** बटलर बो बुमराह 100,जायसवाल का डेविड बो बुमराह 01, पडिक्कलका रोहित बो मिल्स 30, सैमसनका तिलक बो पोलार्ड 30,हेटमायरका तिलक बो बुमराह 35,पराग का डेविड बो मिल्स 05, अश्विन रन आउट 01,सैनी का किशन बो मिल्स 02,बोल्ट नाबाद 01,**अतिरिक्त:** (लेग बाईः 05, वाइडः 06) 11,**कुल योग:** (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 193,**विकेट पतन:** I-13, 2-48, -130, 4-183, 5-184, 6-185, 7-188, 8-193,**गेंदबाजी:** बुमराह4-0-17-3,सैम्स 4-0-32-0, थंपी I-0-26-I, अश्विन 3-0-32-0,मिल्स 4-0-35-3 ,पोलार्ड 4-0-46-I

**मुंबई इंडियन्स पारी:** किशन का सैनी बो बोल्ट 54,रोहित शर्मा का रियान बो कृष्णा 10,अनमोलप्रीत का पडिक्कल बो सैनी 05,तिलक बो अश्विन 61,पोलार्ड का बटलर बो सैनी 22,डेविड पगबाधा चहल 01, सैम्स का बटलर बो चहल 00,अश्विन रन आउट 06,बुमराह नाबाद 00, **अतिरिक्त:** (लेग बाईः 01, नोबॉलः 02, वाइडः 08) 11, **कुल योग:** (20 ओवर में आठ विकेट पर) 170 रन,**विकेट पतन** : I-15, 2-40, 3-121, 4-135, 5-136, 6-136, 7-165, 8-170,**गेंदबाजी:** बोल्ट 4-0-29-I, कृष्णा 4-0-37-I, सैनी 3-0-37-2, अश्विन 4-0-30-I,चहल, 4-0-26-2,पराग I-0-11-0

चहल ने 16 ओवर हैट्रिक पूरा करने से चूक गए। उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर टिम डेविड (01) को पगबाधा किया जबकि दूसरी गेंद पर बटलर ने डेनियल सैम्स (शून्य) का शानदार कैच लपका। तीसरी गेंद पर करुण नायर ने स्लिप में मुरुगन अश्विन का आसान कैच टपका दिया। चहल ने इस ओवर से एक रन देकर दो विकेट लिए और मैच का पासा पलट दिया। इस बीच कीरोन पोलार्ड (24 गेंद में 22 रन) ने अपनी पारी की आठवीं गेंद पर खाता खोला। मुंबई को जीत के लिए आखिरी तीन ओवर में 50 रन की जरूरत थी लेकिन पोलार्ड कृष्णा और सैनी की गेंदों पर बड़ा शॉट खेलने में नाकाम रहे।

वह पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। इससे पहले टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर बटलर ने शुरुआती दो ओवरों में जसप्रीत बुमराह और डेनियल सैम्स के खिलाफ चौका और छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। उन्होंने चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए बासिल थंपी के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके जड़े। राजस्थान ने इस ओवर से 26 रन बटोरे। इसबीच बुमराह ने तीसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल (01) को डेविड के हाथों कैच कर मुंबई की पहली सफलता दिलाई।

# चेन्नई पंजाब के खिलाफ सधे तरीके से खेलगा

**भाषा।** मुंबई

**चेन्नई सुपर किंग्स** (सीएसके) की टीम अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है लेकिन गत चैम्पियन को वापसी कराने के लिए कप्तान रविंद्र जडेजा चाहेंगे कि उनके खिलाड़ी रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ कई चीजों में सुधार करें। सीएसके का अभियान निराशाजनक तीरके से शुरू हुआ। टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से हारने के बाद उन्हें नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से पराजय झेलनी पड़ी। शुरूआती मैच में जहां बल्लेबाजी इकाई विफल रही तो दूसरे मैच में ओस ने गेंदबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं जिससे वे 200 से ज्यादा रन का बचाव करने में असफल रहे। टॉस मैच के नतीजों में अहम भूमिका निभा रहा है तो दूसरी पारी में ओस के कारण टीमें लक्ष्य का पीछा करने का विकल्प चुन रही हैं और सीएसके उम्मीद करेगी कि वे गीली गेंद से गेंदबाजी करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार रहें। जडेजा ने एलएसजी से मिली हार के बाद कहा, ओस इस चरण में अहम हिस्सा होगी। अगर आप टॉस जीतते हो तो आप पहले गेंदबाजी करना पसंद करोगे। काफी ओस थी, गेंद हाथों में भी नहीं आ रही थी, गीली गेंद से अभ्यास करना होगा। सीएसके गेंदबाजी आक्रमण को भी तेज गेंदबाज दीपक चाहर और एडम मिल्ने तथा अंतिम ओवर के विशेषज्ञ क्रिस जोर्डन की कमी महसूस हो रही है। उन्हें लखनऊ की टीम के खिलाफ आल राउंडर शिवम दूबे को 19वां ओवर गेंदबाजी कराने के लिए बाध्य होना पड़ा जिसमें 25 रन बने और मैच उनके हाथों से निकल गया। सीएसके गेंदबाजों को प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजों पर लगाम कसने के लिए कसी गेंदबाजी करनी होगी। तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी एलएसजी के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए जूझते दिखे लेकिन पंजाब के मजबूत लाइन–अप के खिलाफ उन्हें बेहतर खेल दिखाना होगा, विशेषकर सीसीआई पर जहां गेंदबाजी आसान नहीं रही है।

## यूपी के विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों का सम्मान

**लखनऊ।** ओडीशा में आयोजित राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप में यूपी के विजेता और उसमें भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों का शनिवार को एक्सीलिया स्कूल स्थित गौरव खन्ना एक्सीलिया बैडमिंटन एकेडमी में सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में व्हील चेयर श्रेणी में यूपी को दो स्वर्ण और तीन रजत पदक दिलाने वाले लक्ष्मण पुरुस्कार विजेता अबू हुबैदा और शशांक कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। विभिन्न श्रेणियों में पदक हासिल करने वाले निहाल गुप्ता, सुमन रावत, हामिद सलमानी, सुराजुद्दीन अहमद, रंजीता मौर्य, कनक सिंह आदि का सम्मान किया गया। जिनको भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम के कोच गौरव खन्ना, एक्सीलिया स्कूल के डायरेक्टर आशीष पाठक, एकेडमी के प्रमुख प्रवीण पाण्डे और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी चिराग बरेठा और महाप्रबंधक शेखर वार्ष्णेय ने सम्मानित किया।

## विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर खेलेगी पैरी : लैनिंग

**क्राइस्टचर्च।** आस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग ने शनिवार को कहा कि उनकी स्टार आल राउंडर एलिस पैरी के इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी मिला विश्व कप फाइनल मे विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर खेलने की संभावना काफी अधिक है। पैरी पीठ मे दर्द के कारण आस्ट्रेलिया के पिछले दो मैच मे नही खेली थी। लैनिंग ने खिताबी भिड़त की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, एलिस ने कल काफी कड़े ट्रेनिंग सत्र मे हिस्सा लिया और आज भी उसने काफी ट्रेनिंग की है और वह काफी अच्छा महसूस कर रही है। यह निर्भर करेगा कि वह आज दोपहर कैसा करती है, यह उनकी अंतिम बाधा होगी जिसे उन्हे पार करना होगा।

## इंग्लैंड का चैम्पियन बनना यादगार होगा : हीथर

**क्राइस्टचर्च ।** कप्तान हीथर नाइट का मानना है कि टूर्नामेंट में बेहद खराब शुरुआत के बाद अगर उनकी टीम आईसीसी महिला विश्व कप फाइनल मे ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है तो इंग्लैंड के लिए यह एक उल्लेखनीय कायापलट होगा। गत चैपियन इंग्लैंड की टीम ने अभी तक लगातार दो विश्व कप नही जीते है। टीम न्यूजीलैंड में अपने शुरुआती तीन मैच हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर थी लेकिन फिर उसने करो या मरो के समान बाद के चार लीग मैचों को जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार के मैच में टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराया। नाइट ने चिर-प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ फाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, हमने (टूर्नामेंट में) जैसी शुरुआत की थी उसे देखते हुए मुझे लगता है कि इस विश्व कप को जीतने के मायने ज्यादा होंगे।

## लिवरपूल के एलेक्जैंडर अर्नोल्ड चोट से उबरे

**लिवरपूल।** लिवरपूल के राइट बैक ट्रेंट एलक्जैंडर अर्नोल्ड हैमस्ट्रिंग चोट से तेजी से उबर चुके हैं और वह शनिवार को वाटफोर्ड के खिलाफ मैच के लिए मैदान में उतर सकते है । लिवरपूल के लिए बेनफिका में चैम्पियंस लीग क्वार्टरफाइनल मैच और मैनचेस्टर सिटी से प्रीमियर लीग मैच से पहले इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी की वापसी मनोबल बढ़ाने वाली होगी। लिवरपूल के मैनेजर जर्गन क्लोप ने शुक्रवार को कहा, यह संभव है। इस चोट के कारण अर्नोल्ड इंग्लैंड की दो मैत्री मैचों की टीम में भी शामिल नही हो सके थे।

# गिल का अर्धशतक, गुजरात चमका

## ● दिल्ली को 14 रनो से हराया

**भाषा।** पुणे



सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 14 रनों से हरा दिया।

इ स स े प ह ल े गुजरात ने दिल्ली खिलाफ छह विकेट पर 171 रन बनाए। गिल ने 46 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 84 रन की पारी खेली। उन्होंने विजय शंकर (13) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 और कप्तान हार्दिक पंड्या (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 रन जोड़े। मुस्ताफिजुर रहमान (23 रन पर तीन विकेट) और खलील अहमद (34 रन पर दो विकेट) ने हालांकि गुजरात की टीम को अंतिम ओवरों में तेजी से रन नहीं बनाने दिए। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम ने तीसरी ही गेंद पर ही मैथ्यू वेड (01) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने मुस्ताफिजुर की गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत को कैच थमाया। गिल और विजय शंकर (13) ने पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 44 रन तक पहुंचाया। शंकर पर धीमी बल्लेबाजी का दबाव दिखा और वह बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव की पहली ही गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। उन्होंने 20 गेंद का सामना करते हुए एक चौका जड़ा। हार्दिक एक गेंद बाद भाग्यशाली रहे जब गेंद ने उनके बल्ले का किनारा लिया लेकिन विकेटकीपर और स्लिप के बीच से चार रन के लिए चली गई। गिल ने कुछ आकर्षक शॉट खेले। उन्होंने शार्दुल ठाकुर पर दो चौके जड़ने के अलावा बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल पर छक्का मारा। हार्दिक ने भी खलील अहमद, अक्षर और ठाकुर पर चौकों के साथ रन गति में इजाफा किया।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात टाइटंस:** वेड का पंत बो मुस्ताफिजुर 01, गिल का अक्षर बो खलील 84, शंकर बो कुलदीप 13, पंड्या का पावेल बो खलील 31, मिलर नाबाद 20, तेवतिया का शार्दुल बो मुस्ताफिजुर 14, मनोहर का अक्षर बो मुस्ताफिजुर 01, खान नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 07,**कुल:** 20 ओवर मे छह विकेट पर: 171 रन,**विकेट पतन:** I-2, 2-44, 3-109, 4-145, 5-168, 6-170,**गेंदबाजी:** मुस्ताफिजुर 4-0-23-3,शार्दुल 4-0-42-0,खलील 4-0-34-2,अक्षर 4-0-37-0,कुलदीप 4-0-32-I

# पेरिस ओलंपिक : पुरुषों की मुक्केबाजी स्पर्धाएं कम हुई

## ● भारोत्तोलन और निशानेबाजी में भी बदलाव

**भाषा।** नई दिल्ली

**लैंगिक समानता** हासिल करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए महिलाओं की मुक्केबाजी स्पर्धाओं की संख्या को बढ़ा दिया है जो संशोधित सूची के हिसाब से पांच से बढ़कर छह हो गई हैं। भारतीय ओलंपिक संघ अध्यक्ष नरिंदर बत्रा द्वारा साझा किए अपडेट के अनुसार पिछले तोक्यो ओलंपिक में पुरूष मुक्केबाजों की आठ स्पर्धाएं थीं जबकि महिलाओं की संख्या पांच थी, लेकिन अब पेरिस ओलंपिक में पुरूष मुक्केबाजों के लिए सात और महिला मुक्केबाजों के लिए छह स्पर्धाएं होंगी। पुरूषों के लिए नए वर्ग 51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80 किग्रा, 92 किग्रा और 92 किग्रा हैं। महिलाओं के लिए नए वजन वर्ग में 50 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा, 60 किग्रा, 66 किग्रा और 75 किग्रा शामिल हैं। महिलाओं के वजन वर्गों को बढ़ाना रियो ओलंपिक के बाद से जारी है जिसमें केवल तीन वर्ग थे जिन्हें तोक्यो ओलंपिक में बढ़ाकर पांच कर दिया गया। निशानेबाजी में ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा की जगह स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा ने ले ली है। जहां तक भारोत्तोलन का संबंध है जैसा कि पीटीआई–भाषा ने पिछले साल दिसंबर में खबर दी थी, स्पर्धाओं की संख्या घटाकर 10 (पांच पुरूष और पांच महिलाएं) कर दी गई है जो तोक्यो ओलंपिक में 14 थी। आईओसी कार्यकारी बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद पेरिस ओलंपिक खेलों की प्रतिस्पर्धाओं का कार्यक्रम शुक्रवार को जारी किया गया।

## विश्व कप ड्रा दिलचस्प रहा, अमेरिका का सामना ग्रुप बी में होगा ईरान से

**भाषा।** दोहा

कतर में 21 नवंबर से शुरू होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए शुक्रवार को हुआ ड्रा काफी दिलचस्प रहा जिसमें ग्रुप बी में अमेरिका का सामना ईरान से होगा जबकि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध अभी भी बहाल नहीं हुए हैं। ईरान के क्रोएशियाई कोच ड्रैगन स्कोसिच ने कहा, यह एक राजनीतिक ग्रुप है, लेकिन मैं राजनीति से प्रेरित नहीं हूं। मेरा ध्यान फुटबॉल पर है। मुझे लगता है कि यह खेल में सबसे अच्छा तरीका है और हमें लोगों को स्थितियां बेहतर करने के लिए मौका देना चाहिए। रूस के यूक्रेन पर हमले का असर दोहा कनवेनशन सेंटर में हुए ड्रा पर भी पड़ा क्योंकि फुटबॉल गतिविधियां बंद होने से यूक्रेन की क्वालीफाई करने संभावनाओं में विलंब पड़ा। लेकिन अगर यूक्रेन जून में प्लेऑफ में स्कॉटलैंड के बाद वेल्स को हरा देता है तो उसे 2006 के बाद पहली बार विश्व कप खेलने को मिलेगा।

## साइ ने 2509 खेलो इंडिया खिलाड़ियों के लिए जारी किए 7.22 करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने जनवरी से मार्च के महीने में पैरा खेलों सहित 21 खेलों के लिए 2,509 खेलो इंडिया खिलाड़ियों के लिए आउट ऑफ पॉकेट भत्ते के तौर पर कुल 7.22 करोड़ रूपए जारी किए हैं। मान्यता प्राप्त अकादमियों में ट्रेनिंग कर रहे और रह रहे प्रत्एक एथलीट को वार्षिक खेलो इंडिया छात्रवृत्ति योजना के अनुसार 6.28 लाख रूपए की वित्तीय सहायता आवंटित की गई। इसमें 1.20 लाख रूपए का आउट ऑफ पॉकेट (अपनी जेब से) भत्ता भी शामिल है। यह भत्ता (सालाना 1.20 लाख रूपए) सीधे एथलीट के बैंक खाते में ट्रांसफर किया गया जबकि बाकी की राशि खिलाड़ी की खेलो इंडिया अकादमी में ट्रेनिंग, खाने, रहने और शिक्षा पर खर्च की गई।

# भारत ने जूनियर हॉकी विश्व कप में जीत से शुरुआत की

## वेल्स को 5-1 से हराया

**भाषा।** पोटचेफ्सट्रूम्



**भारतीय महिला** हॉकी टीम ने शनिवार को यहां पूल के शुरूआती मैच में अपने से कम रैंकिंग वाली वेल्स को 5–। से हराकर एफआईएच जूनियर विश्व कप में अपना अभियान शानदार ढंग से शुरू किया। भारतीय टीम के लिए लालरेमसियामी ने चौथे, लालरिंडीकी ने 32वें और मुमताज खान ने 41वें मिनट में मैदान गोल जबकि लालरिंडीकी ने 57वें और दीपिका ने 58वें मिनट में अंत में दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। वेल्स के लिए एकमात्र गोल मिली होम ने 26वें मिनट में किया। मैच में भारतीयों ने शुरू में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर अच्छी शुरूआत की लेकिन वेल्स की गोलकीपर ने दीपिका की ड्रैग फ्लिक को रोक दिया। लेकिन वेल्स की टीम भारत को लंबे समय तक नहीं रोक सकी और लालरेमसियामी ने संगीता कुमारी के शॉट को गोल की ओर डिफ्लेक्ट कर चौथे मिनट में बढ़त दिला दी। शुरू में वेल्स ने भारतीय रक्षापंक्ति की परीक्षा ली लेकिन उसकी खिलाड़ी गोलकीपर बिचू देवी को नहीं पछाड़ सकीं। वेल्स ने दूसरे क्वार्टर में होम के मैदानी गोल के जरिए स्कोर।–। से बराबर कर दिया। छोर बदलने के बाद वेल्स की टीम आक्रामक हो गई लेकिन तीसरे क्वार्टर के दूसरे ही मिनट में भारत ने लालरिंडीकी के मैदानी गोल से स्कोर 2–। कर दिया।

## नीदरलैंड को 118 रन से हराकर न्यूजीलैंड ने वनडे श्रृंखला में अजेय बढ़त ली

**भाषा।** हैमिल्टन

**कप्तान टॉम** लैथम की नाबाद 140 रन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने बेहद खराब शुरुआत से उबरने के बाद दूसरे वनडे में शनिवार को यहां नीदरलैंड को 118 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का पहला मैच सात विकेट से जीतने वाली न्यूजीलैंड की टीम इस मुकाबले में बल्लेबाजी का न्योता मिलने के 10वें ओवर में 32 रन पर पांच विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन लैथम ने इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ टीम के स्कोर को नौ विकेट पर 264 रन तक पहुंचाया।

# पाक ने आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती

**भाषा।** लाहौर

**तेज गेंदबाजों** के उम्दा प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम के लगातार दूसरे शतक से पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2–। से जीत ली। आस्ट्रेलिया के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने बाबर की 115 गेंद में 12 चौकों की मदद से नाबाद 105 रन की पारी के अलावा इमान उल हक (नाबाद 89) के साथ दूसरे विकेट की उनकी 190 रन की अटूट साझेदारी से 37.5 ओवर में ही एक विकेट पर 214 रन बनाकर जीत दर्ज की। इमाम ने 100 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा। तेज गेंदबाजों हारिस राउफ (39 रन पर तीन विकेट), मोहम्मद वसीम (40 रन पर तीन विकेट) और शाहीन शाह अफरीदी (40 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 41.5 ओवर में 210 रन पर सिमट गई। सीन एबट ने 40 गेंद में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रन की पारी खेलने के अलावा एडम जंपा (नाबाद शून्य) के साथ अंतिम विकेट के लिए 44 रन जोड़कर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। एलेक्स कैरी 61 गेंद में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोर रहे। उनके अलावा पिछले मैच के शतकवीर बेन मैकडर्मोट (36) और कैमरन ग्रीन (34) भी 20 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज फखर जमां (17) का विकेट जल्दी गंवा दिया था लेकिन पिछले मैच के दोनों शतकवीर बाबर और इमाम ने बड़ी शतकीय साझेदारी करके टीम को आसान जीत दिला दी। फखर को नाथन एलिस ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया था।

## बांग्लादेश के महमूदुल की शतकीय पारी के बाद भी दक्षिण अफ्रीका मजबूत स्थिति में

**डरबन।** महमूदुल हसन जॉय की पहली शतकीय पारी से बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब शुरूआत से उबरते हुए शनिवार को तीसरे दिन ऑल आउट होने से पहले 298 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 367 रन बनाए थे और दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में उसने बिना किसी नुकसान के छह रन बना लिए है जिससे उसकी कुल बढ़त 75 रन की हो गई है। स्टंप्स के समय डीन एल्गार और सारेल एरवी तीन–तीन रन बनाकर खेल रहे थे। अपना तीसरा टेस्ट खेल रहे सलामी बल्लेबाज महमूदुल ने 326 गेंद की पारी में 15 चौके और दो छक्के की मदद से 137 रन बनाए। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में शतक लगाने वाले बांग्लादेश के पहले बल्लेबाज है। बांग्लादेश ने दिन की शुरूआत चार विकेट पर 98 रन की मुश्किल स्थिति में की थी। रात्रि प्रहरी तास्किन अहमद (01) दिन के शुरुआती ओवरों में ही लिजाड विलियम्स (54 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर वियान मुलडर को कैच थमा बैठे। पदार्पण कर रहे विलियम्स का यह पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट रहा।

# पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड होंगे आमने सामने

## ● महिला विश्व कप फाइनल आज

**भाषा।** क्राइस्टचर्च



**मजबूत आस्ट्रेलियाई** टीम रविवार को यहां आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के सामने होगी जिसमें वह सातवीं ट्राफी जीतकर अपने दबदबे को रखना चाहेगी लेकिन पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी के सामने उसकी यह डगर आसान नहीं होगी। इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया दोनों ने अलग अलग तरीके से फाइनल में प्रवेश किया। गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टूर्नामेंट के शुरूआती तीन मैच गंवाने के बाद वापसी करते हुए लगातार पांच मैचों में जीत हासिल कर खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। वहीं आस्ट्रेलिया ने लगातार जीत के सिलसिले को जारी रखते हुए 11 मैचों में फतह हासिल की और अब वह रिकॉर्ड सातवें विश्व खिताब को अपने नाम करने की कोशिश में है। दोनों टीमों ने पिछले 11 विश्व कप में मिलाकर 10 खिताब हासिल किए हैं लेकिन दिलचस्प बात है कि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया 34 साल में पहली बार आईसीसी विश्व कप फाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे। दोनों टीमों ने करीब एक महीने पहले हैमिल्टन में अपना अभियान शुरू किया और वे साथ ही टूर्नामेंट का समापन करेंगी जिसमें से एक के हाथ में ट्राफी होगी। आस्ट्रेलिया ने सिर्फ एक ही विश्व कप फाइनल गंवाया है जो 2000 में हुआ था और रविवार को हेगले ओवल में होने वाले फाइनल से वो जगह ज्यादा दूर नहीं है।

# ओसाका व स्वियातेक में मियामी महिला फाइनल

**भाषा।** मियामी गार्डन्स



## ● रूड -अल्काराज के बीच होगा फाइनल

**गैर वरीय नाओमी** ओसाका मियामी ओपन महिला एकल फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी जबकि पुरूष वर्ग के फाइनल में कैस्पर रूड का सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। ओसाका एक साल से ज्यादा समय बाद अपना पहला फाइनल खेलेंगी। ओसाका ने फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद कहा, काफी लोग कह रहे हैं कि तुम वापस आ गई हो। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि मैं छोड़कर गई थी। मैं ऐसी ही खिलाड़ी रही हूं, बस मैं मैच नहीं खेल रही थी। एशले बार्टी के 2019 में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने से पहले ओसाका पहले नंबर पर थी। बार्टी तब से नंबर एक स्थान पर बनी हुई थीं लेकिन उन्होंने पिछले हफ्ते संन्यास लेने का फैसला किया। इससे स्वियातेक सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगी।